THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 326 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **फाल्गुन कृ.5 2081 सोमवार, 17 फरवरी-2025**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ✲ **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

संगम में दो नावें टकरा कर पलटीं

5 लोगों को बचाया, राहुल-प्रियंका 19 फरवरी को डुबकी लगाएंगे

प्रयागराज, 16 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ में आज रविवार की छुट्टी होने के चलते जबरदस्त भीड़ है। संगम में श्रद्धालुओं से भरी एक नाव दूसरी नाव से टकरा कर पलट गई। पांच लोग डूबने लगे। एनडीआरएफ ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को इटावा में थे। मीडिया ने उनसे पूछा कि राहुल और प्रियंका कब महाकुंभ जाएंगे। अजय राय ने कहा- 19 फरवरी को हम लोग जा रहे हैं। हर-हर महादेव होगा।

भगदड़ में 18 की मौत

दम घुटने से जानें गईं, मृतकों के सीने-पेट में चोट, सीसीटीवी फुटेज सील

नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात करीब 9:26 बजे भगदड़ से 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें 14 महिलाएं और 3 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों को दिल्ली के आरएमएल अस्पताल लाया गया था। स्टाफ सूत्रों के मुताबिक, ज्यादातर शवों के सीने और पेट में चोटें थीं। उनकी दम घुटने से जान गई। हादसा प्लेटफॉर्म नंबर 13, 14 और 15 के बीच हुआ। महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर शाम 4 बजे से भीड़ जुटने लगी थी।

रात को करीब 8:30 बजे प्रयागराज जाने वाली 3 ट्रेनें लेट हो गईं, जिससे भीड़ बढ़ी। चश्मदीद के मुताबिक, गाड़ी का प्लेटफॉर्म 14 से 16 नंबर बदला गया। इससे भगदड़ मची। हादसे की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसमें उत्तर रेलवे के दो अधिकारियों नरसिंह देव और पंकज गंगवार को शामिल किया गया है। कमेटी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सभी सीसीटीवी वीडियो फुटेज को सुरक्षित करने का आदेश दिया है। इससे पहले 29 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ में 30 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 10 फरवरी 2013 को कुंभ के दौरान प्रयागराज स्टेशन पर भगदड़ मची थी। हादसे में 36 लोग मारे गए थे।

प्रयागराज स्पेशल ट्रेन, भुवनेश्वर राजधानी और स्वतंत्रता सेनानी एक्स. तीनों ही प्रयागराज जाने वाले थीं। दो ट्रेनें भुवनेश्वर राजधानी और स्वतंत्रता सेनानी लेट थीं। इन तीनों ट्रेनों की भीड़ प्लेटफॉर्म-14 पर थी। जब प्रयागराज स्पेशल ट्रेन यहां पहुंची, तभी अनाउंस हुआ कि भुवनेश्वर राजधानी प्लेटफॉर्म नं. 16 पर आ रही है। सुनते ही 14 पर मौजूद भीड़ 16 की तरफ भागी। कई लोग टिकट काउंटर पर थे। इनमें 90% प्रयागराज जाने वाले थे। >14

दिल्ली स्टेशन पर मरने वालों में से आधे बिहारी

पटना, 16 फरवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे में मरने वाले 18 में से 10 लोग बिहार से ही हैं। इनमें समस्तीपुर तीन, नवादा के दो, पटना, वैशाली, बक्सर और सारण के एक-एक लोग शामिल हैं। वहीं एक महिला भी बिहार की मूल निवासी हैं। लेकिन, वह दिल्ली में ही रहती थीं। भगदड़ में मरने वालों में छह महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं।

समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के कोठिया गांव के रहने वाले एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक में गांव के विजय शाह उनकी पत्नी कृष्णा देवी और उनकी नातिन सुरुचि कुमारी 15 शामिल है। मृतक के दामाद मनोज शाह का कहना है कि उनका बड़ा साला मुकेश कुमार छोटा साला नीतीश कुमार जो दिल्ली में रहता है। वहीं निजी कंपनी में काम करता है। मुकेश ने पिता को पहले दिल्ली बुलाया था। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ।

महाकुंभ में जबरदस्त भीड़

प्रयागराज,16 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ में आज रविवार की छुट्टी होने के चलते जबरदस्त भीड़ है। चेन बनाकर पुलिसकर्मी भीड़ के आगे चल रहे हैं। इससे भीड़ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए ये तरीका अपनाया जा रहा है। भीड़ की वजह से 8वीं तक के स्कूलों में 4 दिन की छुट्टी और बढ़ा दी गई है। अब 20 फरवरी तक स्कूल बंद रहेंगे।

मेले के अब 10 दिन बचे हैं। ऐसे में परिवार के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। शहर में कई जगह जाम लगा है। श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके जा रहे हैं। पार्किंग और स्टेशन से करीब 10 किमी तक पैदल ही संगम तक जाना पड़ रहा है।

प्रशासन ने मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री रोक दी। सभी तरह के पास भी रद्द कर दिए हैं। बावजूद इसके मेले में वीआईपी कल्चर नजर आ रहा है।

आंध्र प्रदेश में मां ने बेटे की हत्या की

शव के 5 टुकड़े कर नहर में फेंका; बेटे ने मौसी से रेप की कोशिश की थी

प्रकाशम ,16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मां ने बहन के साथ मिलकर अपने बेटे की हत्या की। इसके बाद शव के 5 टुकड़े किए और नहर में फेंक दिए। आरोपी मां लक्ष्मी देवी (57) और उसकी बहन फरार है।

घटना राज्य के प्रकाशम जिले की है। एसपी ए.आर दामोदर के मुताबिक, घटना 13 फरवरी की है। मृतक का नाम श्याम (35) है। वो पेशे से क्लीनर था। आरोपी मां और उसकी बहन फरार हैं। एसपी ने बताया किक परिवार श्याम की हरकतों से परेशान था। पूछताछ में सामने आया है कि उसकी शादी नहीं हुई थी। उसने अपनी मौसी और अन्य रिश्तेदारों से रेप की कोशिश की थी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि श्याम बेंगलुरु में रिश्तेदारी के यहां गया था। यहां उसने महिलाओं से गलत हरकत की थी। इसके अलावा हैदराबाद और नरसारोपेट में रहने वाली अपनी मौसी के साथ रेप की कोशिश कर चुका था। रिश्तेदारों के अलावा भी उसने अन्य महिलाओं से छेड़खानी की थी।

लक्ष्मी देवी बेटे श्याम की इन हरकतों से परेशान हो गई थी। इसलिए उसने अपनी बहन के साथ मिलकर बेटे की हत्या की प्लानिंग की। 13 फरवरी को कुल्हाड़ी से श्याम की हत्या की।

इसके बाद धारदार हथियार से शव के 5 टुकड़े किए। उन्हें तीन बोरियों में भरकर कुम्बुम गांव के नकलागंडी नहर में फेंक दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मां और मौसी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) और 238 के तहत केस दर्ज किया गया है।

अनिल विज को पंजाब के मंत्री ने सुनाई खरी-खोटी

बोले- अमेरिका से हथकड़ी में आए हरियाणवी, अमृतसर कैदी वैन भेज दी, वे आतंकी नहीं

अमृतसर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका से डिपोर्ट हरियाणवियों को अमृतसर एयरपोर्ट से लेने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से भेजी गई जाली लगी पुलिस वैन। इसे लेकर ही पंजाब कैबिनेट के मंत्री धालीवाल ने हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज पर निशाना साधा।

अमेरिका से डिपोर्ट किए गए हरियाणा के लोगों को लाने के लिए बीजेपी सरकार ने अमृतसर एयरपोर्ट पर कैदी वैन भेज दी। इससे पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के एनआरआई मंत्री कुलदीप धालीवाल भड़क गए। उन्होंने कैदी वैन की वीडियो बनाई और सीधे हरियाणा के ट्रांसपोर्ट मंत्री अनिल विज को घेर लिया।

धालीवाल यहीं नहीं रुके। उन्होंने हरियाणा में सीएम नायब सैनी की अगुआई वाली भाजपा सरकार को नसीहत देते हुए कहा- अमेरिका से भेजे गए हरियाणा के युवाओं को ले जाने के लिए हरियाणा ने कैदी वैन भेजी है। क्या हरियाणा के पास कोई ढंग की बस नहीं है? ये युवा अमेरिका में आरोपी हैं हरियाणा में नहीं। मुझे यह देखकर बड़ा दुख हुआ। धालीवाल ने यह भी कहा कि वे कोई आतंकी नहीं हैं।

कर्नाटक कांग्रेस में घमासान

शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष से हटाने की मांग; साल के आखिर में सीएम बनाए जा सकते हैं

बेंगलुरु ,16 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मांग तेज हो गई है। पार्टी के कई नेता राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली ने मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल से मुलाकात करके प्रदेश अध्यक्ष बदलने की मांग की है। वे इस पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव साल के अंत तक हो सकता है। इस साल उन्हें सीएम बनाए जाने की भी संभावना है। हालांकि, शिवकुमार ने इस मामले पर अब तक चुप्पी साध रखी है।

वहीं, कैबिनेट मंत्री केएन राजन्ना ने कहा कि शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक प्रदेश अध्यक्ष बनाए रहने की बात हुई थी। लेकिन सिद्धारमैया ढाई साल तक ही मुख्यमंत्री होंगे, यह साफ नहीं है। राजन्ना ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के 2023 के बयान का हवाला देते हुए यह कहा है।

केसी वेणुगोपाल ने ढाई-ढाई साल के फॉर्मूला के 2023 में कहा था कि पावर शेयरिंग फॉर्मूले का मतलब इसे कर्नाटक के लोगों से साझा करना है।

पूरे मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सिद्धरमैया को पूरे पांच साल के लिए कांग्रेस विधायक दल का नेता यानी मुख्यमंत्री चुना गया था।

दूल्हे की घोड़ी पर बैठे-बैठे मौत

श्योपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। श्योपुर में घोड़ी पर बैठे दूल्हे की अचानक मौत हो गई। वह बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचा था। वहां परंपरागत स्वागत के बाद उसने दरवाजे पर तोरण मारा। फिर डीजे की धुन पर डांस करने लगा। दोबारा वह घोड़ी पर बैठा तो कुछ देर बाद बेसुध होकर गिर पड़ा।

घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। प्रदीप जाट (27) की बारात श्योपुर बायपास से जाट छात्रावास पहुंची थी। यहां पर शादी समारोह था। शुरुआत में लोगों को लगा कि दूल्हा डांस करने से थक गया है, लेकिन घोड़ी पर बैठे-बैठे उसकी हालत गंभीर हो गई।

बारातियों ने उसे तुरंत घोड़ी से उतारा और सीपीआर देने का प्रयास किया। इसके बाद उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक के कारण मौत की आशंका है। शनिवार को प्रदीप का अंतिम संस्कार किया गया। दूल्हे की मौत की खबर सुनकर दुल्हन बेसुध हो गई। बताया जा रहा है कि प्रदीप जाट पूर्व में एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष रह चुका है। चाचा योगेश जाट कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं।

11 मंजिला इमारत में आग लगी, दो महिलाओं की मौत

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण मुंबई के मस्जिद बंदर इलाके में रविवार सुबह एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, 5 लोग घायल हो गए हैं। आग सुबह 6.11 बजे पन्ना अली मेंशन नामक 11 मंजिला इमारत में लगी। फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग ग्राउंड फ्लोर पर मीटर बॉक्स और कॉमन पैसेज में फैले बिजली के तारों तक सीमित थी। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने 6.31 बजे आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

अमेरिका ने 116 और भारतीयों को जबरन लौटाया

पुरुषों को हथकड़ी-बेड़ियां लगाईं, अमृतसर एयरपोर्ट से 5 घंटे बाद घर भेजा; तीसरा बैच आज आएगा

अमृतसर,16 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे 116 और भारतीयों को जबरन भारत भेज दिया गया। अमेरिकी एयरफोर्स का विमान ग्लोबमास्टर शनिवार देर रात 11.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा।

इस बार महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई।

इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक 220 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। तीसरा बैच आज रात 10 बजे आएगा। इसमें 157 अप्रवासी भारतीय होंगे।

इस विमान में डिपोर्ट हुए होशियारपुर के दलजीत सिंह ने हथकड़िया-बेड़िया लगाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हमारे हाथ बंधे थे और पैरों में जंजीरें डाली गईं थी। वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। वहीं डिपोर्ट होकर आए चचेरे भाइयों संदीप और प्रदीप को पटियाला पुलिस ने डिटेन किया है। उनसे जून 2023 में दर्ज कत्ल केस के मामले में पूछताछ की जा रही है।

पंजाब के 65, हरियाणा के 33, गुजरात के 8 लोग

शनिवार को जबरन वापस भेजे गए लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। इनमें अधिकांश 18 से 30 साल की उम्र के हैं। पिछले बैच को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सवाल किए थे कि जब सबसे ज्यादा 33-33 लोग हरियाणा और गुजरात के थे तो विमान को अहमदाबाद या अंबाला की जगह पंजाब क्यों उतारा गया? हालांकि इस बैच में सबसे ज्यादा पंजाबियों को लौटाया गया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रिसीव करने के लिए पहले अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचे थे, लेकिन विमान के आने में देरी की वजह से वे लौट गए। इसके बाद पंजाब सरकार की तरफ से 2 मंत्रियों, कुलदीप धालीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने पंजाब के युवकों को रिसीव किया। इस दौरान मंत्री कुलदीप धालीवाल ने रात 1 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचकर कहा, 'उन्हें बड़ा दुख हुआ कि हरियाणा सरकार ने अमेरिका से डिपोर्ट किए अपने लोगों के लिए कैदियों वाली बस भेजी।

उन्होंने हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज से कहा कि पंजाब ने अच्छी गाड़ियां लगाई हैं। विज ट्रांसपोर्ट मंत्री हैं, उन्हें कोई अच्छी बस भेजनी चाहिए थी।

दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक आज

दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। 17 फरवरी को भाजपा विधायक दल की बैठक हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक आज दोपहर 3 बजे मीटिंग होगी। इसी मीटिंग में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी। हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा को 48 सीटें मिली हैं। वहीं, केजरीवाल की आप 22 सीटों पर सिमट गई।

हरियाणा के सभी मेडिकल कॉलेजों की आंसर शीट जांची जाएंगी

3 सदस्यीय कमेटी करेगी 5 साल के रिकॉर्ड की जांच, एमबीबीएस घोटाले के बाद फैसला

चंडीगढ़, 16 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में एमबीबीएस एग्जाम घोटाले के बाद अब सभी सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की आंसर शीट चेक होंगी। इसके लिए पांच सालों का रिकॉर्ड तलब कर लिया गया है। पंडित बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक के अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में राज्य भर के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में आयोजित सभी एनुअल और सप्लीमेंट्री एग्जाम की आंसर शीट की गहन जांच करने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य आंसर शीट के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ या परीक्षा प्रक्रिया में हुई किसी भी तरह की गड़बड़ी को उजागर करना है।

इसकी जांच के लिए पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल के नेतृत्व में 3 मेंबरी कमेटी का गठन किया गया है। पीजीआईएमएस में फिजियोलॉजी के प्रोफेसर डॉ सुखदेव चांदला और पीजीआईडीएस, रोहतक में पीडोडोंटिक्स के प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सूत्रों ने बताया, समिति का गठन यूएचएसआर के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने किया है, जो एमबीबीएस एनुअल या सप्लीमेंट्री एग्जाम घोटाले में शामिल अधिकारियों और छात्रों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहते हैं।

हरियाणा के एमबीबीएस घोटाले की जांच के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. एमके गर्ग की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी।

भारत टैक्स-2025 एक बड़ा वैश्विक आयोजन

120 से अधिक देश ले रहे भाग'; पीएम मोदी ने की तारीफ

नई दिल्ली , 16 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'भारत टेक्स का दूसरा सत्र भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है।भारत टेक्स हमें हमारी परंपरा के साथ-साथ विकसित भारत की भी झलक दिखाता है। हमने जो बीज बोया है, वह बहुत तेजी से बढ़ रहा है'। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत टेक्स 2025 में एक प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से बातचीत की और उन्हें प्रदर्शनी के कई पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

पीएम मोदी ने आगे कहा- भारत टेक्स एक बड़ा वैश्विक आयोजन है, इसमें 120 अधिक देश भाग ले रहे हैं। बता दें कि, भारत टेक्स 2025 का आयोजन 14-1% फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह

कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर लाने वाला एक अनूठा कार्यक्रम है। '

पीएम मोदी ने आगे कहा- इस आयोजन से टेक्सटाइल सेक्टर में इनवेस्टमेंट एक्सपोर्ट और ओवरॉल ग्रोथ को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा है। भारत टेक्स के इस आयोजन में हमारे परिधानों के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधताओं के भी दर्शन होते हैं। मेरे कुछ सहकर्मियों ने बताया कि एक कारखाना स्थापित करने में औसतन 70-75 करोड़ रुपये का खर्च आता है और इससे लगभग 2,000 लोगों को रोजगार मिलता है। मैं सबसे पहले बैंकिंग क्षेत्र के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे इन उद्योगों की मांगों को समझें।

भारत टेक्स 2025 में 120 देश शामिल

भारत टेक्स 2025 ने आगंतुकों के अलावा 120 से अधिक देशों के नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शकों, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया है। प्रतिभागियों में अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र निर्माता संघ (आईटीएमएफ), अंतर्राष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति (आईसीएसी), यूरेटेक्स, टेक्सटाइल एक्सचेंज और यूएस फैशन इंडस्ट्री एसोसिएशन (यूएसएफआईए) सहित दुनिया भर के 25 से अधिक प्रमुख वैश्विक कपड़ा निकाय और संघ शामिल हैं।

'सामाजिक न्याय' की पिच पर आगे बढ़ रही कांग्रेस

नई लिस्ट में ओबीसी चेहरों को तरजीह

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अब सामाजिक न्याय की पिच पर बैटिंग करनी की कोशिश कर रही है। जो कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के नारे का बड़ा संकेत देती है। जिसको लेकर उन्होंने देशभर में यात्रा की और हर जगह सामाजिक न्याय के सिद्धांत की बात। राहुल गांधी इस बात को जोर देकर उठाते रहे हैं कि देश की संस्थाओं और संसाधनों में उत्पीड़ित समुदायों की केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि भागीदारी भी मिले। यही वजह है कि शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) कई फेरबदल किए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में फेरबदल के तहत दो राज्यों के लिए महासचिवों और नौ राज्यों के लिए प्रभारियों की नई नियुक्तियां की गईं, साथ ही इन पदों पर पहले से कार्यरत छह पदाधिकारियों को भी हटा दिया गया।

पिछले साल 26 दिसंबर को अपनी बैठक में पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पार्टी में सुधारों को हरी झंडी दे दी थी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित संगठनात्मक सुधार कांग्रेस के नेतृत्व के पदों पर उत्पीड़ित और पिछड़े वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित करेगा। जिन 11 नए पदाधिकारियों को विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनमें से पांच ओबीसी समूह से हैं, एक दलित, एक मुस्लिम, एक आदिवासी और तीन उच्च जाति समुदायों से हैं। >14

मस्क ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग रोकी

182 करोड़ मिलते थे, भाजपा बोली- कांग्रेस-सोरोस ने इलेक्शन प्रॉसेस में दखल दिया

वॉशिंगटन/ नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी इलॉन मस्क ने भारत के चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए दी जाने वाली 182 करोड़ रुपए की फंडिंग रद्द कर दी है। मस्क के नेतृत्व वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) ने शनिवार को ये फैसला लिया।

डीओजीई ने X पर पोस्ट कर एक लिस्ट जारी की है। इसमें डिपार्टमेंट की तरफ से रद्द किए गए सभी तरह के खर्च शामिल है। इस लिस्ट में दुनियाभर में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए की जाने वाली 4200 करोड़ रुपए की फंडिंग शामिल है। इसमें भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है।

इस फैसले पर बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि इस फंड का इस्तेमाल भारतीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया गया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और अमेरिकी

बिजनेसमेन जॉर्ज सोरोस पर भारत में चुनाव प्रक्रिया में दखल देने का आरोप लगाया है।

अमित मालवीय ने डीओजीई के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने भारत के चुनाव में 182 करोड़ की फंडिंग को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने X पोस्ट में कहा- 21 मिलियन डॉलर (182 करोड़ रुपए) वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए? यह साफ तौर पर देश की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखल है। इस फंड से किसे फायदा होगा। जाहिर है इससे सत्ताधारी (बीजेपी) पार्टी को तो फायदा नहीं होगा।

एक दूसरे पोस्ट में अमित मालवीय ने कांग्रेस पार्टी और जॉर्ज सोरोस पर भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। मालवीय ने सोरोस को गांधी परिवार का जाना-माना सहयोगी बताया। मालवीय ने X पर लिखा कि 2012 में एसवाई कुरैशी के नेतृत्व में चुनाव आयोग ने इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स के साथ एक एमओयू साइन किया था। ये संस्था जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से जुड़ा है। इसे मुख्य तौर पर यूएसएआईडी से आर्थिक मदद मिलती है।

अमेरिकी दौरे पर गए पीएम मोदी ने गुरुवार, 13 फरवरी को डीओजीईप्रमुख इलॉन मस्क से मुलाकात की थी। पीएम से मिलने के लिए मस्क ब्लेयर हाउस पहुंचे थे।

भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक मस्क और मोदी के बीच इनोवेशन, स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अलावा भारतीय और अमेरिकी संस्थाओं के बीच सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी।

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री ने भिखारियों से की किसानों की तुलना

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के किसान फसल बीमा योजना को लेकर की गई टिप्पणी पर सियासी विवाद खड़ा हो गया है। माणिकराव ने कहा कि भिखारी भी एक रुपये नहीं लेता, लेकिन हमारी सरकार एक रुपये में किसानों को फसल बीमा का लाभ दे रही है। विपक्ष ने कृषि मंत्री के इस बयान को किसान विरोधी करार दिया। कृषि मंत्री के बयान पर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता पटोले ने कहा कि माणिकराव ने किसानों को भिखारी कहकर हद पार कर दी है। उनका यह बयान सत्ता के अहंकार को दर्शाता है।

फडणवीस से मिल रहे उद्धव गुट के नेता

शरद पवार कर रहे शिंदे की तारीफ; क्या महाराष्ट्र में पक रही नई सियासी खिचड़ी?

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की सियासत में नई खिचड़ी पकने लगी है। शरद पवार ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की तारीफ की तो शिवसेना (यूबीटी) नेताओं ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इन घटनाक्रम के बाद से महाराष्ट्र की सियासत में चर्चाओं का नया दौर शुरू हो गया है। महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन के सहयोगियों के बीच बेचैनी भी बढ़ने लगी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन ने प्रचंड जीत हासिल की थी। प्रदेश की कुल 288 सीटों में से 230 पर महायुति के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद अब दोनों गठबंधनों के बीच बड़ा मुकाबला मुंबई, पुणे और ठाणे नगर निकाय चुनाव में देखने को मिलेगा। मगर उससे पहले ही दोनों गठबंधन के दल अपने सहयोगियों के सामने शक्ति प्रदर्शन में जुटे हैं।

फडणवीस से मिले उद्धव और आदित्य

पिछले ढाई महीने में शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेताओं ने सीएम फडणवीस से तीन बार मुलाकात की। आदित्य ठाकरे ने सीएम से दो बार और उनके पिता उद्धव ठाकरे ने एक बार मुलाकात की है। इसके अलावा अन्य वरिष्ठ शिवसेना (यूबीटी) नेताओं ने भी फडणवीस से मुलाकात की है। उद्धव ठाकरे के इस बदले रुख की चर्चा है, क्योंकि इससे पहले उनकी पार्टी के नेता खुलकर फडणवीस की आलोचना करते थे। शिवसेना (यूबीटी) फडणवीस पर पार्टी को तोड़ने का आरोप भी लगाती रही है।

मनसे और भाजपा में गठबंधन की चर्चा

देवेंद्र फडणवीस ने इसी महीने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे से भी मुलाकात की। इसके बाद से ही भाजपा और मनसे के बीच गठबंधन की चर्चा है।

शक्ति प्रदर्शन में जुटे सियासी दल

राजनीतिक विश्लेषक अभय देशपांडे का कहना है कि स्थानीय निकाय चुनावों से पहले दोनों ही गठबंधन पानी की गहराई नापने में जुटे हैं। इस घटनाक्रम को शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ बड़ा होने की उम्मीद नहीं है। देशपांडे का कहना कि इसके माध्यम से अपने सहयोगियों को यह बताने की कोशिश है कि सभी विकल्प खत्म नहीं हुए हैं।

महायुति में अनबन के संकेत

विपक्ष सत्तारूढ़ महायुति में फडणवीस और शिवसेना प्रमुख शिंदे के बीच अनबन का दावा करता है। भाजपा और शिवसेना के अलावा अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी महायुति का हिस्सा है। महायुति में हाल ही में संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति के दौरान अनबन खुलकर सामने आई। भाजपा के गिरीश महाजन और राकांपा नेता अदिति तटकरे को नासिक और रायगढ़ जिलों का संरक्षक मंत्री बनाया गया। मगर शिवसेना के मंत्री दादाजी भुसे और भरत गोगावाले को नजरअंदाज कर दिया गया। इसके बाद शिंदे की पार्टी ने नाराजगी जताई। बाद में संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति को वापस ले लिया गया।

क्या शरद पवार से खफा है शिवसेना यूबीटी?

महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) शामिल है। मगर यहां भी सहयोगियों के बीच मतभेद हैं। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) के कई नेताओं ने शिंदे की पार्टी का दामन थामा। इस बीच शरद पवार ने नई दिल्ली में एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया। इस पर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। संजय राउत ने शरद पवार पर निशाना साधा। वहीं शिवसेना (यूबीटी) ने इसे 'गद्दार' को सम्मानित करने जैसा बताया। आदित्य ठाकरे ने नई दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। मगर वे शरद पवार से नहीं मिले।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत पर शिवसेना की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रहे यात्रियों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। इस घटना में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई घायलों का लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इस घटना पर अब शिवसेना की प्रतिक्रिया सामने आई है। शिवसेना नेत्री शाइना एनसी ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण खबर है। भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस इस दुर्घटना की जांच कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियमित रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि सच्चाई जल्द सामने आए और प्रशासन उचित कार्रवाई करे।

सुप्रिया सुले ने जताया शोक

वहीं एनसीपी एसपी नेत्री सुप्रिया सुले ने दिल्ली हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की खबर है। यह बहुत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना में कुछ लोग घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वे सभी शीघ्र स्वस्थ होकर सकुशल घर लौटें। मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि।

बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले को लेकर केंद्र पर बरसे राहुल गांधी

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि भगदड़ मचने से कई लोगों की मौत और कईयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद और व्यथित करने वाली है। यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। उन्होंने आगे लिखा कि प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े।

प्रियंका गांधी ने हादसे पर जताया शोक

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इस हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ की वजह से मची भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 16 पर हुआ हादसा शनिवार रात करीब 9.30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 16 पर हादसा हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 9 महिलाएं और 5 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं भगदड़ में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों का इलाज लेडी हार्डिंग और एलएनजेपी अस्पताल में चल रहा है। रेल मंत्री भगदड़ की हाई लेवल जांच के आदेश दिए। नई दिल्ली पर एनडीआरएफ की टीम तैनात है।

रुद्रपुर में पुलिस और एसटीएफ ने हेरोइन के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार दूसरा साथी फरार

रुद्रपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रुद्रपुर में एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस ने हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के प्रभारी निरीक्षक एमपीसिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर पुलभट्टा के बरा क्षेत्र से एक तस्कर तसब्बर हुसैन निवासी ग्राम सैजना थाना किच्छा जनपद ऊधमसिंह नगर को 200 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि यह हेरोईन वह और सैजना निवासी मोहम्मद हसन बरेली से लाए थे, जिसे बेचने के लिए सितारगंज जा रहे थे। मोहम्मद हसन फरार हो गया। हुसैन और वह यहां आसपास के क्षेत्रों में काफी वर्षों से स्मैक की सप्लाई कर रहे हैं। वह पेशे से दर्जी है और घर पर ही सिलाई का काम करता है। टीम को पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई है। जिन पर अलग से कार्यवाई की जाएगी। पूर्व में उस पर थाना किच्छा में लड़ाई-झगड़ा मारपीट, आर्म्स एक्ट व गोकशी के मुकदमें दर्ज हैं।

ओवैसी की 'व्यवस्था से जुड़ी विफलताओं' पर टिप्पणी न्यायिक निगरानी वाली एसआईटी जांच की मांग

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को इस त्रासदी की जांच स्वतंत्र, न्यायिक निगरानी वाली एसआईटी से कराने की मांग की। एक्स पर एक पोस्ट में, हैदराबाद से लोकसभा सांसद ने भारतीय रेलवे की "व्यवस्था से जुड़ी विफलताओं" की स्वतंत्र जांच की भी मांग की। भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। उन्होंने लिखा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में मारे गए लोगों के प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह एक टाली जा सकने वाली त्रासदी थी। भाजपा सरकार जो कुछ हुआ उसे छुपाने की कोशिश कर रही है। इसके बजाय ये काम करने की जरूरत है:

1 इस त्रासदी की जांच के लिए एक स्वतंत्र, न्यायिक निगरानी वाली एसआईटी की नियुक्ति

2 उन्होंने पोस्ट में कहा, ''भारतीय रेलवे की प्रणालीगत विफलताओं की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।''

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेलवे लाखों भारतीयों की जीवन रेखा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कुप्रबंधन की हकदार नहीं है। भगदड़ की घटना से पहले स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ चल रहा है) के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

यूएस से डिपोर्ट दो भाई अमृतसर एयरपोर्ट पर गिरफ्तार, पटियाला लेकर पहुंची पुलिस

राजपुरा, 16 फरवरी (एजेंसियां)। (पंजाब116 अवैध प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का विमान शनिवार देर रात करीब 11.38 बजे श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। पहले 119 लोगों के आने की जानकारी थी, लेकिन तीन लोगों की तबीयत खराब होने के कारण उनकी वापसी अब देरी से होगी। वहीं, अमेरिका से डिपोर्ट होकर लाए गए राजपुरा के दो चचेरे भाई संदीप और प्रदीप को पुलिस ने अमृतसर एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया है। उन दोनों को अमृतसर एयरपोर्ट से ही पटियाला पुलिस ने किया अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है कि दोनों पर पंजाब में आपराधिक मामले दर्ज होने की वजह से पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, परिवार वालों का कहना है कि उनके बेटों को झूठे केस में फंसाया गया था। दोनों की गिरफ्तारी की वजह से परिवार के लोग उनसे नहीं मिल पाए।

बुजुर्ग महिला से घूस लेने पर एसआरए के तीन सर्वेक्षक गिरफ्तार

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पूर्वी उपनगर में झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तीन निजी सर्वेक्षकों को 25,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने एक बुजुर्ग महिला की झोपड़ी को सर्वे में शामिल करने के एवज में घूस मांगी थी। महिला के पोते ने बताया कि आरोपियों ने कुल एक लाख रुपये की मांग की थी, जिसकी शिकायत उसने एसीबी में की थी।

मणिपुर में दो दिन में 11 उग्रवादी गिरफ्तार, इनमें 7 कूकी नेशनल आर्मी के मेंबर

इंफाल, 16 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में सुरक्षाबलों ने बीते दो दिनों में 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 7 संदिग्ध कूकी नेशनल आर्मी (केएनए) के मेंबर भी शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। इंफाल ईस्ट के हुइकाप गांव में शनिवार को एक ऑपरेशन के दौरान प्रतिबंधित संगठन कांग्लेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी ग्रुप) के चार सक्रिय सदस्य पकड़े गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनके पास से दो एके-47 रायफल, पिस्तौल, जिंदा कारतूस और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं।

जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हादसा: ट्रक से टकराई कार, एक की मौत

जम्मू, 16 फरवरी (एजेंसियां)। कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार को एक सड़क हादसा हुआ। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई, जिससे कार सवार की मौके पर ही मौत हो गई। एसएसपी अमोद अशोक नागपुरे ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए उधमपुर सरकारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस मामला दर्ज कर हादसे की जांच जारी है।

अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली भगदड़ पर जताया दुख, जानें क्या कहा?

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार (15 फरवरी 2025) की रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर गंभीर चिंता जाहिर की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। पूर्व सीएम ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्माओं को शांति प्रदान करें। हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन सभी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

आतिशी ने हर संभव मदद का दिया भरोसा

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद आम आदमी पार्टी के विधायकों ने रातभर पीड़ितों की मदद की। कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने एलएनजेपी अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। अस्पताल के डॉक्टरों से इलाज की जानकारी ली। उन्होंने कहा, मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद दी जाएगी। पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हमारे दो विधायक अस्पताल में ही मौजूद हैं। इस हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर सभी को यह दुख सहने की शक्ति दें।

सीएम आतिशी ने एक्स पर कहा कि महाकुंभ के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के साथ इस तरह की घटना बेहद दुखद है। लोगों की सुरक्षा की ना केंद्र सरकार को कोई फिक्र है और ना ही आगे यूपी सरकार को। ना प्रयागराज में कोई व्यवस्था और ना ही देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात के कोई ठोस इंतजाम हैं। उन्होंने रेल प्रशासन से अपील की है कि लोगों को जल्द से जल्द मदद पहुंचाएं।

नासिक में अवैध कॉल सेंटर से 7 गिरफ्तार

नासिक, 16 फरवरी (एजेंसियां)। अश्विन नगर में पुलिस ने अमेरिकी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर एक महिला समेत 7 लोगों को बीएनएस और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। इसके अलावा 12 लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन, एक सर्वर और 47,600 रुपये की नकदी जब्त की है। आरोपियों को 18 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया, जबकि दो आरोपी फरार हैं। पुलिस को कॉल सेंटर के बारे में 28 जनवरी को गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एक बंगले से संचालित हो रहे कॉल सेंटर पर छापा मारा। आरोपी अमेरिकी नागरिकों को कंप्यूटर वायरस के बारे में फर्जी सूचनाएं भेजते थे। इस दौरान वे खुद को अधिकृत सॉफ्टवेयर फर्मों के कर्मचारी के रूप में पेश करते थे। इसके बाद आरोपी उन्हें सुधार के लिए भुगतान के लिए गिफ्ट वाउचर खरीदने के लिए कहते थे।

गुजरात के तापमान में होगी बढ़ोतरी

अगले 3 दिनों में 2 डिग्री तक बढ़ सकता है पारा

अहमदाबाद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में इन दिनों मौसम दोहरा रूप देखने को मिल रहा है। राज्य में जहां सुबह और रात के समय हल्की ठंड महसूस हो रही है, वहीं दूसरी तरफ दोपहर के समय तेज धूप गर्मी बढ़ा रही है। फरवरी महीना भी आधा बीत चुका है और अब राज्य से ठंड धीरे-धीरे खत्म हो रही है और तापमान बढ़ रहा है। हालांकि, बीते दिन गुजरात में तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि अगले 3 दिनों में तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। इसकी वजह से राज्य में गर्मी बढ़ सकती है।

तापमान में होगी बढ़ोतरी

मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात में अगले 2 दिन तक तापमान में मामूली बदलाव की संभावना है। फिलहाल, राज्य का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक बढ़ सकता है, जबकि अधिकतम तापमान में भी 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं, हवाएं पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर बहेंगी। इसके कारण सुबह के समय हल्की ठंड महसूस हो रही है, जबकि दोपहर में मौसम थोड़ी गर्मी रहती है। विभाग ने बताया कि अगले 2 दिनों तक राज्य का तापमान ऐसा ही रहने की संभावना है। अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही, तो अगले 2-3 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

विश्व की विविधता को स्वीकार कर रहे हैं हिन्दू बंगाल रैली में गरजे संघ प्रमुख मोहन भागवत

कोलकाता, 16 फरवरी (एजेंसियां)। आरएसएस चीफ मोहन भागवत इस वक्त बंगाल में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व की विविधता को स्वीकार करके हिन्दू चलता है। हम आजकल कहते हैं विविधता में एकता, हिन्दू समझता है कि एकता की ही विविधता है। यहां राजा महाराजाओं को कोई याद नहीं करता लेकिन उस राजा को याद करते हैं, जिसने पिता के लिए 14 साल वनवास किया, जिसने भाई की खड़ाउ रखकर वापस लौटने पर भाई को राज्य दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट की मंजूरी के बाद उनकी यह जनसभा हो रही है। इससे पहले बंगाल पुलिस ने रैली करने की इजाजत नहीं दी थी मोहन भागवत ने आगे कहा कि सिकंदर के समय से जो आक्रमण शुरु हुए वो होते रहे, मुट्ठी भर बरबर आते हैं, हमसे गुणश्रेष्ठ नहीं पर हम पर हुकूमत करते हैं। बार बार ऐसा होता है, आपस में गद्दारी का कामना करते हैं, समाज को सुधारना पड़ेगा। ये कोई अंग्रेज़ों का बनाया हुआ देश नहीं है, गांधी जी की एक किताब में एक युवा प्रश्न करता है कि भारत कैसे होगा? भारत एक नहीं है ये भी तुमको अंग्रेज़ों ने पढ़ाया है।

'हिन्दुओं को संगठित करना है'

मोहन भागवत ने कहा कि हमें हिन्दू समाज को संगठित करना है, आज भी समस्याएं हैं। कितना भी अच्छा समय हो समस्याएं होती हैं, छोटी मोटी समस्याएं हमेशा रहती हैं। समस्या क्या है इससे फर्क नहीं पड़ता, समस्याओं को झेलने वाला कितना तैयार है, इससे फर्क पड़ता है। लोगों में एक आदत है कि हम अपना एक सर्कल बनाते हैं और बाकी लोगों को इससे बाहर रखते हैं लेकिन संघ का स्वयंसेवक अपने सर्कल को बढ़ा करता जाता है। संघ के स्वयं सेवक इसका अभ्यास करते हैं। केवल विचारों से यह नहीं होता, वो रोज शाखा में आकर आपस में मेल-मिलाव होता है, मिलकर काम करना होता है। इससे यह विचार मजबूत होता है। संपूर्ण हिन्दू समाज में मिलजुलकर काम करने की जो पद्धति है, उसका नाम है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ। हमें ऐसा करते हुए 100 साल होने वाले हैं।

'संघ का काम समाज को एक करना'

मोहन भागवत ने आगे कहा कि एक लाख 30 हजार से ऊपर देश में स्वयंसेवक हैं। वो किसी से कोई पैसा नहीं लेते हुए अपने दम पर काम करते हैं। इसलिए हम कह रहे हैं, हम यशस्वी होने के लिए ऐसा नहीं कर रहे, भारत की उन्नति में अपना सार्थक योगदान देने के लिए ऐसा कर रहे हैं। संघ ने उनके बस संस्कार और विचार दिया है, प्रेरणा दी है। संघ को एक ही काम करना है, समाज को संगठित करना और समाज का निर्माण करना।

हिमाचल में 17 साल की किशोरी को किया गर्भवती शादी का दिया था झांसा; आरोपी युवक गिरफ्तार

सोलन, 16 फरवरी (एजेंसियां)। नाबालिग के साथ दुराचार के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर की है। वहीं आरोपी युवक को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। पुलिस जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को सोलन निवासी एक महिला ने महिला पुलिस थाना सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इनकी बेटी जिसकी उम्र 17 वर्ष है, घर की सफाई करते समय दूसरी मंजिल से अचानक पांव फिसलने के कारण गिर गई थी। जिससे उसे काफी चोटें आई, जिस पर यह उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गई। जिसके बाद उसकी बेटी को उपचार के लिए शिमला अस्पताल रेफर किया गया। शिमला में उपचार के दौरान उन्हें पता चला कि इनकी बेटी गर्भवती है,

हाईटेंशन लाइन से टकराई सीढ़ी, कान्हा नेशनल पार्क में 11 मजदूरों को लगा करंट

अशोक नगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। कान्हा नेशनल पार्क में क्रिकेट मैदान बनाने के दौरान 11 मजदूरों को करंट लग गया। मजदूर एक लोहे की सीढ़ी को स्थानांतरित कर रहे थे, जो ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। घटना कोलूआ रोड स्थित कान्हा नेशनल पार्क में हुई। जानकारी के अनुसार सीढ़ी के हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आते ही सभी मजदूरों को करंट का झटका लगा। मौके पर मौजूद कुछ युवकों की सूझबूझ से सभी को तुरंत सुरक्षित तरीके से बचा लिया गया और फिर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। हादसे में घायल हुए मजदूरों में शंकर कॉलोनी के रामवीर (40), मनीष (19), आनंद सिंह (30), सुंदरम (18), धनपाल (24) और चरण सिंह (42), जमाखेड़ी के नीलेश (30), मोतीलाल (40) और सुमित (17) व तुलसी सरोवर कॉलोनी के लल्लीराम (26) शामिल हैं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

सोमवार, 17 फरवरी, 2025 3

सुविचार

कर्मों पर विश्वास रखो और
ईश्वर पर आस्था मुश्किल
चाहे जैसी हो
निकलेगा जरूर कोई रास्ता।

सिविल सेवकों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में सहायक होगी पुस्तक : रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को बेगमपेट स्थित आईएएस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में 'लाइफ ऑफ ए कर्मा योगी' नामक पुस्तक का अनावरण किया। पुस्तक के लेखक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एम. गोपालकृष्ण हैं। कार्यक्रम में मुख्य सचिव शांति कुमारी, वित्त सचिव रामकृष्ण राव सहित कई अन्य आईएएस अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तक में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एम गोपाल कृष्ण के बहुमूल्य अनुभव शामिल हैं।

पुस्तक का विमोचन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। सेवानिवृत्त अधिकारी के सामने सबसे बड़ा काम अपने छह दशकों के अनुभव को पुस्तक में समेटना है। हम दुनिया में कुछ भी खरीद सकते हैं, लेकिन अनुभव नहीं। आशा है कि यह पुस्तक सभी सेवारत सिविल सेवकों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में सहायक होगी। गोपाल कृष्ण दशकों से लेकर आज तक देश में हुए तीव्र परिवर्तनों के प्रत्यक्ष साक्षी हैं। इस अवसर पर हमें तीन प्रमुख व्यक्तियों – शंकरन, टीएन शेषन और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को याद करना चाहिए। शंकरन एक प्रतिष्ठित अधिकारी थे जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ काम किया। शेषन एक कुशल प्रशासक भी थे जिन्होंने पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने में क्रांतिकारी आंदोलन चलाया।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर किया। सिविल सेवकों को उनके अनुभवों से बहुत कुछ सीखना चाहिए। पहले नौकरशाह बैठकों में राजनेताओं द्वारा उठाए गए हर मुद्दे और नीतिगत फैसलों के परिणामों के बारे में बताते थे। आजकल ऐसी स्वस्थ व्यवस्था विभिन्न कारणों से खत्म होती जा रही है। अधिकारियों को राजनीतिक फैसलों का विश्लेषण कर नेताओं को समझाना चाहिए। पहले आईएएस अधिकारी लोगों से मिलते-जुलते थे और लोग भी राजनेताओं से ज्यादा अधिकारियों की कार्यकुशलता को याद रखते थे।

कलेक्टर हाल के दिनों में अपने एसी कमरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं और लोगों से मिलने-जुलने से दूर रहते हैं। अधिकारियों की सोच और निर्णय लेने की क्षमता में बदलाव की जरूरत है। सरकार प्रतिबद्ध अधिकारियों की सेवाओं को मान्यता देगी। अधिकारियों को गरीबों की मदद करने में सक्रिय होना चाहिए। कुशल अधिकारी ही लोगों के दिलों में अपनी पहचान बनाएंगे। सभी अधिकारियों से अपील है कि वे राज्य में लोगों को जोड़ने पर ध्यान दें।

छात्र की वायरल बुखार से मौत

परिजनों ने मुलुगु में किया प्रदर्शन

मुलुगु, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वाजिदु मंडल के पेरूरू आश्रम स्कूल में त्रासदी हुई। मुलुगु जिले के पेरूर आश्रम स्कूल में शनिवार रात आठवीं कक्षा के छात्र सोयम विनीत (13) की वायरल बुखार से मौत हो गई। वह पिछले चार दिनों से बुखार से पीड़ित था और स्कूल स्टाफ ने समय पर इलाज मुहैया नहीं कराया। कल रात उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। आरोप है कि समय रहते माता-पिता को भी सूचना नहीं दी गई।

विनीत की मां और परिवार के सदस्य स्कूल के हॉस्टल के सामने इकट्ठा हुए और न्याय की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने विनीत की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की गहन जांच की मांग की। उन्होंने अधिकारियों से लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

रेवंत रेड्डी की असलियत एक साल में ही उजागर हो गई : ईटेला राजेंद्र

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरी के सांसद ईटेला राजेंद्र ने आज कहा कि पूर्व सीएम केसीआर के बारे में जानने में नौ साल लग गए, जबकि सीएम रेवंत रेड्डी की असली पहचान एक साल में ही सामने आ गई। उन्होंने दावा किया, "लोग कांग्रेस या बीआरएस पार्टी पर भरोसा नहीं करते, बल्कि केवल भाजपा पर भरोसा करते हैं।" ईटाला ने रविवार को गजवेल विधानसभा क्षेत्र में एमएलसी चुनाव प्रचार में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केसीआर, जिन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी को मेडक में नहीं हराया जा सकता, पिछले लोकसभा चुनाव में उनके जिले के लोगों ने ही उन्हें हराया था। "बीआरएस वह पार्टी है जिसने मेरे साथ कई बीसी नेताओं को भेजा।

अगर बीआरएस पार्टी ने पार्टी के एससी, एसटी और बीसी नेताओं को अवसर दिया होता, तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती। केसीआर का परिवार बीसी शब्द बोलने के लायक नहीं है। अन्य कैबिनेट रैंक सहित 21 मंत्रियों में से चार बीसी नेताओं को मंत्री पद दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो दलितों के बारे में सोचती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एमएलसी चुनावों में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को लोगों का आशीर्वाद मिलेगा।

हरीश ने कृष्णा जल मोड़ने पर रेवंत सरकार की आलोचना की

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस पार्टी नेता हरीश राव ने आज राज्य सरकार की आलोचना की कि जब आंध्र प्रदेश सरकार तेलंगाना के जल हितों को कमजोर करने की कोशिश कर रही थी, तब भी सरकार ने कुछ नहीं किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राज्य सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी से पूछा कि जब आंध्र प्रदेश बिना किसी बाधा के कृष्णा जल मोड़ रहा था, तब वे क्या कर रहे थे। हरीश राव ने सवाल किया, "जब आंध्र प्रदेश पिछले तीन महीनों से नागार्जुन सागर दाहिनी नहर से प्रतिदिन 10,000 क्यूसेक पानी मोड़ रहा है, तो कांग्रेस सरकार चुप क्यों रही?" उन्होंने आश्चर्य जताया कि जल वर्ष में ही नदी से 646 टीएमसी पानी मोड़ने के बाद भी वह चुप क्यों रही। "क्या कांग्रेस को नदी

के पानी में तेलंगाना के हितों की परवाह नहीं है? सागर बांध केंद्रीय बलों के नियंत्रण में है। हालांकि पानी को केवल उनकी निगरानी में ही छोड़ा जाना चाहिए, लेकिन एपी राज्य इसे मनमाने ढंग से मोड़ रहा है, उन्होंने आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि एपी तेलंगाना की पेयजल जरूरतों के लिए श्रीशैलम और नागार्जुन सागर जलाशयों में संग्रहीत पानी का कोटा ले रहा है। हरीश राव ने श्रीशैलम और नागार्जुन सागर जलाशयों में कोई अधिशेष स्टॉक नहीं होने के बावजूद पोटिरेड्डीपाडु और नागार्जुन सागर दाहिनी नहर के माध्यम से पानी को मोड़ने में जिद्दी होने के लिए एपी की आलोचना की। हर साल, संयुक्त परियोजनाओं के लिए पानी के उपयोग के लिए केआरएमबी के तहत तीन सदस्यीय समिति की बैठक आयोजित करनी होगी। लेकिन इस साल, तीन सदस्यीय समिति की अभी तक बैठक नहीं हुई है।

इसका मतलब है कि कोई भी समझ सकता है कि बोर्ड का मामला कितना खराब है। उन्होंने बोर्ड पर दबाव बनाने और आंध्र प्रदेश को पानी का डायवर्ट करने से रोकने में बुरी तरह विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की, जिससे तेलंगाना के जल अधिकारों की रक्षा हुई। हरीश राव ने कहा कि आंध्र प्रदेश की आक्रामकता और तेलंगाना सरकार की लापरवाही के कारण नागार्जुन सागर और श्रीशैलम जलाशय पहले ही खाली हो चुके हैं। दूसरी ओर, हरीश राव ने कहा कि हालांकि गर्मी का मौसम पूरी तरह से शुरू नहीं हुआ है, लेकिन तेलंगाना के किसान पानी के लिए सड़कों पर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आंध्र प्रदेश राज्य ने अभी पानी का डायवर्ट करना बंद नहीं किया, तो नागार्जुन सागर अयाकट खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागार्जुन सागर जलाशय में पानी का स्तर गिरता है, तो हैदराबाद शहर में पीने के पानी की समस्या होगी। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत प्रतिक्रिया दे और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पानी का दोहन बंद करे और इस संबंध में कृष्णा बोर्ड पर दबाव डाले।

अमीनपुर में हत्या

संगारेड्डी, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार सुबह अमीनपुर कब्रिस्तान में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। वह मेदक जिले के पपन्नापेट का निवासी बनोथ गोपाल नायक (42) था। नायक और उनके साले नरेश नायक ने एक जेसीबी खरीदी थी। वे अमीनपुर इलाके में जेसीबी चलाते थे। बताया जाता है कि नायक की हत्या व्यापार में मतभेद के चलते की गई। शव को पाटनचेरू के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कथित तौर पर नरेश और उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया है, जिसने हत्या में उसकी मदद की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

यूजी शिक्षा में बकेट सिस्टम आलोचनाओं के घेरे में

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्नातक शिक्षा में छात्रों को अपने विषय चुनने की अनुमति देने वाली बकेट प्रणाली, विषय विशेषज्ञों की आलोचना का शिकार हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रणाली के कारण प्रवेश में काफी असंतुलन पैदा हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कंप्यूटर विज्ञान जैसे विषयों की मांग में भारी नामांकन देखने को मिल रहा है, जबकि कला के कम लोकप्रिय विषयों में सीटें भरने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

तेलंगाना उच्च शिक्षा परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित बीएससी विज्ञान पाठ्यक्रम संशोधन समिति की बैठक के दौरान, विशेषज्ञों ने बकेट सिस्टम को खत्म करने की वकालत की और बीएससी वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र और रसायन विज्ञान और बीए इतिहास, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन जैसे विषयों के निश्चित संयोजन के साथ कठोर पाठ्यक्रम प्रणाली की पुरानी प्रथा पर वापस लौटने की मांग की।

तीन साल में 30 हजार नौकरियां तेलंगाना युवाओं के लिए : श्रीधर बाबू

"बीएफएसआई-स्किलिंग' - युवाओं के लिए विशेष कोर्स
हर साल 10 हजार बी.टेक और डिग्री स्नातकों को प्रशिक्षण

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा बी.टेक स्नातकों के लिए शुरू किया गया प्रतिष्ठित "बीएफएसआई-स्किलिंग' कार्यक्रम जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त कर रहा है। रविवार को इस कार्यक्रम के लिए पात्रता परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सफल उम्मीदवारों को इस साल जुलाई तक यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी में व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण बैंकिंग संचालन, वित्तीय बाजार, बीमा, निवेश बैंकिंग, सॉफ्टवेयर, प्रोग्रामिंग, एप्लिकेशन और डाटाबेस प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और सॉफ्ट स्किल्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करेगा।प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उम्मीदवारों को हैदराबाद स्थित बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र से जुड़ी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में प्लेसमेंट प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच की खाई को पाटते हुए तेलंगाना को कुशल मानव संसाधनों का केंद्र बनाने का संकल्प लिया है। इस विजन के तहत ही स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई, जिसमें आईटी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने तेलंगाना के युवाओं के लिए उद्योग आधारित कोर्स लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हैदराबाद का अनुकूल व्यावसायिक वातावरण शीर्ष वैश्विक कंपनियों को विशेष रूप से बीएफएसआई क्षेत्र में अपने जीसीसी स्थापित करने के लिए आकर्षित कर रहा है। मंत्री श्रीधर बाबू ने तेलंगाना के युवाओं को इन आकर्षक रोजगार अवसरों का लाभ दिलाने के लिए विशेष

कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने भारत, अमेरिका और सिंगापुर के बीएफएसआई क्षेत्र के विशेषज्ञों और जीसीसी प्रबंधन टीमों के साथ मिलकर "बीएफएसआई-स्किलिंग' कोर्स तैयार किया है, जो उद्योग की जरूरतों को पूरा करता है। यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हर साल 10,000 स्नातकों को प्रशिक्षित करेगा- 5,000 इंजीनियरिंग और 5,000 डिग्री स्नातक, जिन्हें बीएफएसआई जीसीसी में रोजगार का अवसर मिलेगा। अगले तीन वर्षों में, इस पहल से 30,000 तेलंगाना युवाओं को लाभ मिलेगा। पहला बैच पिछले साल सितंबर में शुरू हुआ था, जिसमें प्रशिक्षण की लागत इक्विप और बीएफएसआई कंसोर्टियम द्वारा वहन की गई थी। छात्रों को केवल 5,000 की मामूली प्रवेश शुल्क का भुगतान करना होगा, जिसमें प्रमाणपत्र और प्रशासनिक खर्च शामिल हैं। अब तक दो बैच सफलतापूर्वक पूरा हो चुके हैं और तीसरे बैच के लिए पात्रता परीक्षा हाल ही में आयोजित की गई है। रोजगार की तलाश कर रहे स्नातकों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से स्किल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाएं और अवसरों की जानकारी प्राप्त करें।

हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग पर यातायात में बदलाव

सूर्यापेट, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दुराज पल्ली में पेड्डा गट्टू लिंगमंथुला स्वामी उत्सव के मद्देनजर रविवार शाम से हैदराबाद से विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर जाने वाले वाहनों के लिए यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे। अगले 5 दिनों में इस उत्सव में लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। यह उत्सव 20 फरवरी को समाप्त होगा। तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने हैदराबाद से विजयवाड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर यातायात डायवर्जन लागू किया है।

वाहनों के आवागमन को विभिन्न वैकल्पिक मार्गों से पुनर्निर्देशित किया जाता है। डायवर्जन योजना में नरकेटपल्ली, नलगोंडा, मिर्यालगुडा, हुजूर नगर और कोडाद के रास्ते शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन उपायों का उद्देश्य मुख्य राजमार्ग पर भीड़भाड़ को कम करना और तीर्थयात्रियों और नियमित यात्रियों दोनों के लिए परेशानी मुक्त आवागमन की सुविधा प्रदान करना है।

850 करोड़ रुपये की पोंजी योजना में निवेशकों को ठगने के आरोप में दो गिरफ्तार

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने हजारों निवेशकों से 850 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष पवन कुमार ओडेला और निदेशक काव्या नल्लूरी को गिरफ्तार किया है। ये दोनों फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म के बिजनेस हेड हैं।

पुलिस के अनुसार, फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग (एफआईडी) प्लेटफॉर्म के प्रबंधन ने खुद को पी2पी (पीयर-टू-पीयर) वेब प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया और निवेशकों को उनके निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा किया।

साइबराबाद के डीसीपी (ईओडब्ल्यू) के प्रसाद ने बताया कि पवन और काव्या ने प्रबंध निदेशक अमरदीप कुमार और मुख्य परिचालन अधिकारी आर्यन सिंह तथा अन्य लोगों के साथ मिलकर इनवॉइस डिस्काउंटिंग की आड़ में अल्पावधि जमा पर उच्च रिटर्न का वादा करके जमाकर्ताओं को लुभाया। कुल 1,700 करोड़ रुपये एकत्र किए गए और चुकाई गई राशि 850 करोड़ रुपये थी। शेष राशि ठगी गई। कुल 6,979 जमाकर्ताओं को ठगा गया।

कंपनी ने मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट का इस्तेमाल किया और खुद को वैध पी2पी इनवॉइस डिस्काउंटिंग सेवा के रूप में पेश किया। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने जमाकर्ताओं को ब्रिटानिया, अमेजन और गोदरेज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़ने का दावा किया, जबकि वास्तव में उन्होंने प्रामाणिकता का भ्रम पैदा करने के लिए वेंडर प्रोफाइल और फर्जी सौदे गढ़े थे।

कंपनी ने प्रति वर्ष 11 प्रतिशत से 22 प्रतिशत के बीच रिटर्न देने का वादा किया था तथा 45 से 180 दिनों की परिपक्वता अवधि के साथ 25,000-9 लाख रुपये तक जमा राशि एकत्र की थी।

निवेशकों से एकत्र किए गए धन का दुरुपयोग किया गया और कई कंपनियों का अधिग्रहण करने और उन्हें स्थापित करने के लिए इस्तेमाल किया गया। डीसीपी (ईओडब्ल्यू) ने कहा कि हम मामले की सक्रियता से जांच कर रहे हैं।

टीमें गलत तरीके से इस्तेमाल किए गए धन का पता लगाने और उसे वापस पाने तथा धोखाधड़ी में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए काम कर रही हैं।

संदिग्धों ने पहले भी 'ब्लूलाइफ इंटरनेशनल कंपनी' नामक कंपनी के माध्यम से मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम के ज़रिए लोगों को ठगा था। 2022 में चेवेल्ला पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

TO WHOM SO EVER IT MAY CONCERN

It is to inform that a Will Deed dt. 01-04-2024, executed by Champa Devi @ Champa Devi Poddar W/o Sri Basudeo Poddar, R/o # 2-2-24/ a/bl /38, Bagh Amberpet, Hyderabad, Telangana, on 30-12-2024, has been presented for registration under Sec-41 (2) of Registration Act, 1908, before the Joint Sub-Registrar-I, O/o. District Registrar of Assurances, Hyderabad, by Basudeo Poddar S/o. Late Sri Gulab Rai Poddar, and the same has been kept pending for conducting enquiry as to the genuineness or otherwise of the execution by the Testator in respect of the above said Will Deed in question and to proceed further. At the time of presentation of the Will Deed, the presentant, who is stated to be the beneficiary had produced Death Certificate of the Testator in support of her death and the Will Deed so presented for registration was kept pending as pending No. 71 of 2024. According to the contents of the Will Deed, after the demise of the Testator, the properties contained thereunder i.e., 1) Plot Nos.16 & 17, (Western Part) totally admeasuring and comprising on an area of 309 Sq.Yds., equivalent to 258.35 Sq.Mtrs., lying and forming part of Sy.No.58 (Part), situated at Karmanghat Village, Saroor Nagar, Ranga Reddy District, Telangana, 2) House Property bearing M.No. 1-9-485/13/6, 1-9-485/13/6/1 & 2 & 1-9-485/13/6/3 (PTI No. 1090145281, 1090145282 & 1090145283), standing on Plot No.58, presently consisting of ground + 2 (two) upper floors, admeasuring and comprising on an area of 280 Sq.Yds., equivalent to 234.12 Sq.Mtrs., situated at Lalithanagar, Jamia Osmania, Hyderabad, Telangana, 3) Plot No.7, admeasuring and comprising on an area of 700 Sq.Yds., equivalent to 585.28 Sq.Mtrs., lying and forming part of Khasra No.3160, 3161, 3194, 3196, 3197, 3529, 3530, 3531, 3532 & 3533, situated at Gudha Road, Jhunjhunu District, Rajasthan, 4) Land admeasuring 588 Sq.yds., equivalent to 491.62 Sq.Mtrs., lying and forming part of Khasra No.607, situated at Todi Village, Gudha Gorji Ka, Jhunjhunu District, Rajasthan, 5) Unsecured loan, to the tune of Rs.75,71,363/- to M/s Jai Durga Jewellers, M/s Vinayak Granite Industries, M/s Sree Ganapathi Granites, Poddar Granites, M/s Nikunj Exports, Urvashi Agarwal and Sandhya Agarwal, 6) Capital of Champa Devi @ Champa Devi Poddar with M/s Vinayak Granite Industries, 7) 30% share in the partnership firm of M/s. Shree Vinayak Granite Industries, at Ongole, Andhra Pradesh, 8) All the Shares held by Champa Devi @ Champa Devi Poddar, 9) IDFC Bond, 10) Gold Bond, 11) All insurance policies, 12) Gold ornaments as declared under VDIS having reference No. 14779 dt. 02-04-1998, vide receipt No. API/VDIS/2699, dt. 28-12-1997, 13) Amount of Rs.1,29,983.25/- maintained in ICICI Bank and in other banks, and 14) Cash on hand and that the said Smt. Champa Devi @ Champa Devi Poddar, as the Executor of the said Will.

In the process of taking necessary action to register the Will Deed or otherwise, an enquiry is going to be conducted in the office of the Joint Sub-Registrar-I, District Registrar Office, Red Hills, Hyderabad, Telangana, on 17-02-25, in his chambers. Objections if any may be filed either in person or through agent or correspondence on or before 28-02-25, without fail.

Sd/- Joint Sub-Registrar-I Office of the District Registrar Red Hills, Hyderabad.

हरि ॐ हरि ॐ

प्रथम पुण्यतिथि

: स्वर्गवास : 17-02-2024

स्व.श्री कालुरामजी चोयल

सुपुत्र: स्व.श्री जेतारामजी चोयल (मरुधर मे केकाई, जाणुन्दा)

मृदुल था स्वभाव आपका, श्रद्धा भाव आपके।
सदा याद आते रहेंगे, बीते हर पल संग आपके।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :

दाकुबाई (धर्मपत्नी), स्व.जसारामजी-ढगलीबाई (भाई-भाभी), वजाराम, चुन्नीलाल, धनाराम, हेमाराम, नेनाराम, स्व.पुनारामजी, वोराराम, खीमाराम (भाई) देवाराम, सोहनलाल, मदनलाल, अशोक (पुत्र) एवं समस्त चोयल परिवार

: फर्म : * रुपा ट्रेडर्स बी.एन.रेड्डी नगर, वनस्थलीपुरम
9966099738

P.Solankey

संदिग्ध गांजा तस्कर बैरिकेड तोड़कर भागे

कोत्तागुडेम, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के भद्राचलम में पुलिस से भागने की कोशिश में मोटरसाइकिल सवार 3 युवकों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को टक्कर मार दी और एक कांस्टेबल को घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक, युवक तेज गति से बाइक चला रहे थे और जब पुलिस ने गोदावरी ब्रिज चेक पोस्ट पर उन्हें रोकने की कोशिश की तो वे बैरिकेड को टक्कर मारकर भाग गए। स्थानीय सीआई रमेश और दो कांस्टेबलों ने बाइक का पीछा किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

शनिवार को हुई यह घटना रविवार को प्रकाश में आई। चेक पोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना रिकॉर्ड हो गई। संदेह है कि आरोपी अपने साथ एक बैग लेकर आ रहे थे और वे गांजा की तस्करी कर रहे थे। तीनों ने पलोंचा मंडल के नगरम में बाइक छोड़ दी। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। पता चला है कि वाहन विशाखापत्तनम का है और तीन महीने पहले चोरी हुआ था।

2 व्यक्तियों ने चाकू घोंपकर की हत्या

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को दिनदहाड़े शहर के मेडचल इलाके में 2 लोगों ने 25 वर्षीय एक युवक की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी। व्यक्ति की पहचान मेडचल निवासी उमेश के रूप में हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित का दो लोगों से झगड़ा हुआ था जो उसके परिचित लग रहे थे और दोनों ने उस पर चाकुओं से वार कर दिया जिससे वह घायल हो गया। वह मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ऐलान

नई दिल्ली स्टेशन हादसे में मरने वाले लोगों के परिजनों को मिलेगा 2-2 लाख का मुआवजा

पटना, 16 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की हुई मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। नीतीश कुमार ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बिहार के रहनेवाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान एवं घायलों को 50 हजार रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

रेलवे ने भी किया मुआवजे का ऐलान

रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2।5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल यात्रियों को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। इस हादसे में सबसे अधिक बिहार के 9 लोगों की जान गई है। घटना के वक्त मौजूद कुली ने बताया कि 1981 से वो यहां काम कर रहा है लेकिन शनिवार को जितनी भीड़ थी, उसने उतनी भीड़ नहीं देखी थी।

लालू यादव ने नई दिल्ली भगदड़ पर जताया दुख

कहा- 'रेल मंत्री लें हादसे की जिम्मेदारी'

पटना, 16 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व सीएम और आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने नई दिल्ली रेल हादसे को लेकर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ रेलवे की बदइंतजामी की वजह से हुआ। इस घटना को लेकर मुझे काफी अफसोस है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस हादसे की जिम्मेदारी लें। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीती रात हुए हादसे को दुखद बताया। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि भगवान से पीड़ितों को इस दुख सहने की क्षमता दें। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ हैं। दिल्ली में हुई भगदड़ पर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफे की मांग की है।

लापरवाही की वजह से 18 की गई जान

पिछले कुछ दिनों से प्रयागराज महाकुंभ की वजह से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सहित राष्ट्रीय राजधानी की सभी स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में होती है। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों की हालात इतनी बदतर है कि जिन यात्रियों के टिकट आरक्षित हैं, वे भी ट्रेन में नहीं चढ़ पाते। भीड़ की वजह से यात्रियों की तबीयत खराब होने की सूचनाएं भी आये दिन मिलती रहती हैं। शनिवार की रात भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के 12, 13 14 और 15 नंबर प्लेटफॉर्म पर शनिवार की रात भी यात्रियों की वजह से भीड़भाड़ वाला नजारा था। उसी दौरान ट्रेन पर चढ़ते समय भगदड़ मचने से ये हादसा हो गया। इस घटना के बाद से सियासी दलों के नेताओं का कहना है कि रेलवे की लापरवाही की वजह से ये हादसे हुए और 18 लोगों की जान चली गई। 18 मृतकों में से 9 बिहार के रहने वाले हैं

मेरठ पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

एक को लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार

मोदीपुरम, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रुड़की रोड पर कृष्णा नगर में ज्वैलर्स की पत्नी पर तमंचा तानकर लूट का प्रयास करने वाले दो बदमाशों को पल्लवपुरम पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया है। उसके पैर में लगी है। उसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में छठी वाहिनी पीएसी के पास जय दुर्गा ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। दो फरवरी को दुकान पर दो बदमाश पहुंचे। उस समय ज्वैलर्स की पत्नी दुकान पर बैठी थीं। एक बदमाश ने महिला की कनपटी पर तमंचा तानकर नकदी और गहने लूटने का प्रयास किया। महिला ने साहस दिखाते हुए शोर मचा दिया। भीड़ जुटने से पहले ही बदमाश धमकी देकर फरार हो गए। ज्वैलर्स की पत्नी ने बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायत की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस को सूचना मिली कि जटौली श्मशान घाट के पास दो बदमाश मौजूद हैं।

पुलिस पर बदमाशों ने की फायरिंग

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पुलिस को देखते ही एक बदमाश ने फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को धर दबोचा। जिसमें घायल बदमाश की पहचान विकास उर्फ मिंटू पुत्र दुष्यंत राणा निवासी नंगला पिथैरा थाना तितावी मुजफ्फरनगर और विहान ऊर्फ सागर पुत्र रमेश चंद्र निवासी नंगला पिथौरा थाना तितावी मुजफ्फरनगर के रूप में हुई।

किसान नेताओं का अल्टीमेटम, प्रशासन को दी चेतावनी, कल बड़े आंदोलन की तैयारी

अलीगढ़, 16 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ में भारतीय किसान यूनियन के टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैट गुट के द्वारा अतरौली में स्थित हारनपुर कला गांव में किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाए कि सांकरा के पास स्थित जमीन को गंगा में मिलाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे किसानों की भूमि पर संकट आ सकता है। उन्होंने प्रशासन को इस मुद्दे पर अल्टीमेटम भी दिया था। हालांकि, अब एक बार फिर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि किसानों को जिस जमीन को देने का वादा किया गया था, अब अधिकारी सरकारी संपत्ति बताकर किसानों को उस पर खेती करने से रोक रहे हैं। इसके विरोध में टिकैट गुट के बैनर तले तमाम पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामावतार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पहले प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को इस जमीन पर खेती करने की अनुमति दी थी, लेकिन अब उन्हें वहाँ से हटाने की कोशिश की जा रही है। किसानों को उनकी भूमि से बेदखल करने के लिए उन पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जा रही है। राकेश टिकैत ने इस मामले को लेकर पहले भी विरोध प्रदर्शन किया था और किसानों को भरोसा दिलाया था कि उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि अगर किसानों को उनकी जमीन से हटाने की कोशिश की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

18 तारीख को बड़ा प्रदर्शन

किसान नेताओं ने ऐलान किया है कि अगर प्रशासन ने अपनी नीति नहीं बदली और किसानों की जमीन लौटाने का उचित प्रबंध नहीं किया तो 18 तारीख को बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में हजारों किसान शामिल होंगे और जिला प्रशासन पर दबाव डाला जाएगा। किसान संगठनों का कहना है कि अगर किसानों को उनकी जमीन से बेदखल करने की कोशिश की गई तो आंदोलन उग्र हो सकता है।

'भगदड में हुई मौत से मन व्यथित है'

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ पर तेजस्वी यादव का हमला

पटना, 16 फरवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात को भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई। जिसपर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था एवं भगदड़ के कारण हुई असामयिक मौतों से मन व्यथित है। तेजस्वी यादव ने आगे लिखा कि इतने सरकारी संसाधनों के बावजूद भगदड़ में श्रद्धालुओं की जाने जा रही है तथा डबल इंजन सरकार इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की लीपापोती कर पीआर करने में व्यस्त है। आमजनों व श्रद्धालुओं की बजाय सरकार का ध्यान मीडिया प्रबंधन, वीआईपी लोगों की सुविधा और उनकी व्यवस्था तक ही सीमित है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मों को शांति प्रदान करने तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।

घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश

बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 13 और 14 पर शनिवार देर रात उस समय भगदड़ मच गई जब कथित तौर पर प्रयागराज जा रही 2 ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैली। भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग अभी घायल बताए जा रहे हैं। रेलवे ने तुरन्त 4 विशेष ट्रेनों की व्यवस्था कर भीड़ का दबाव कम किया। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। रेलवे के अनुसार घटना रात करीब साढ़े नौ बजे के करीब की है। प्लेटफॉर्म नंबर 13 और 14 पर भीड़ बहुत ज्यादा थी, जिसकी वजह कुछ लोग बेहोश हो गए। इसके बाद भगदड़ की स्थिति बन गई। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में ले जाया गया। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रेलवे ने इसके लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन भी शुरू किया है। लेकिन भीड़ को देखते हुए वह भी नाकाफी साबित हो रहे हैं।

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की खुदकुशी

पुलिस ने बरामद किया सुसाइड नोट

फिरोजाबाद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। फिरोजाबाद में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी कर ली। मृतक एलएनटी कंपनी में पहले गार्ड की नौकरी करता था। कंपनी से कई महीने का वेतन न मिलने के बाद इस युवक ने बाबुओं का विरोध किया था, लेकिन बाद में उसे टोंटी चोरी के आरोप में जेल भी जाना पड़ा था।

इसके बाद मृतक को नौकरी से निकाल दिया गया था । फिरोजाबाद के टूंडला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। टूंडला जीआरपी के मुताबिक टूंडला थाना क्षेत्र के सलेमपुर नगला खार का रहने वाला यह युवक देर रात टूंडला जंक्शन रेलवे स्टेशन के दिल्ली साइड में बनी गार्ड लॉबी के सामने ट्रेन के आगे कूद गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में जयप्रकाश को जेल भी जाना पड़ा।

जेल से लौट के बाद जयप्रकाश घर पर ही रह रहा था। अचानक एक दिन अलीगढ़ के गभाना थाना के पुलिसकर्मी द्वारा जानकारी दी गई कि युजवेंद्र तोमर द्वारा की शिकायत के आधार पर एक वारंट जारी हुआ है। अलीगढ़ पुलिस द्वारा यह सूचना जयप्रकाश के घर पर आकर दी गई थी। उसके बाद जयप्रकाश डर गया और वह शुक्रवार देर रात घर से निकल गया।

सरकारी जमीन को वक्फ के नाम पर दर्ज करने वाले अधिकारी होंगे चिह्नित

75 जिलाधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसियां)। प्रदेश में उन अधिकारियों व कर्मचारियों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन्होंने सरकारी संपत्तियों को वक्फ के नाम दर्ज किया। इस संबंध में सभी 75 जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। कब्जाई गई सभी सरकारी संपत्तियों का नाम, लोकेशन, क्षेत्रफल और गाटा संख्या भी भेजने के लिए कहा गया है। शासन के इस आदेश से अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपी रिपोर्ट में कहा था कि यूपी में कुल 57,792 सरकारी संपत्तियां हैं, जो वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों के रूप में दर्ज हैं। इनका कुल रकबा 11,712 एकड़ है। नियमानुसार इन संपत्तियों को वक्फ (दान) किया ही नहीं जा सकता था। ये संपत्तियां लगभग सभी जिलों में हैं। पर, वक्फ के नाम पर सबसे ज्यादा शाहजहांपुर, रामपुर, अयोध्या, जौनपुर व बरेली में सरकारी संपत्तियां कब्जाई गई हैं। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक अभी सभी जिलाधिकारियों ने अपने जिलों में उन सरकारी संपत्तियों की संख्या भेजी है, जो गलत ढंग से वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में वक्फ के तौर पर दर्ज हैं। अब शासन ने इन संपत्तियों का विस्तृत ब्योरा मांगा है। साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के हस्ताक्षर से यह काम हुआ है, उनके नाम व पदनाम भी भेजने को कहा गया है। वर्तमान में वे सेवा में हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं, यह भी पूछा हैं।

हाईकोर्ट भी दे चुका है कड़ा आदेश

बता दें कि हाईकोर्ट इलाहाबाद ने भी 11 दिसंबर 2023 के आदेश में कहा है कि प्रदेश सरकार सीलबंद रिपोर्ट में ये आंकड़े अदालत के सामने प्रस्तुत करे कि यूपी के किस जिले में गलत ढंग से वक्फ के नाम सरकारी जमीनें दर्ज की गई हैं। यह भी कहा है कि ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों को चिह्नित किया जाए और समयबद्ध ढंग से उन पर कार्रवाई की जाए।

श्रद्धालुओं को अयोध्या लेकर जा रही 2 गाड़ियां आपस में टकराईं, 4 की मौत, 6 घायल

बाराबंकी, 16 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, छह लोग घायल हैं। यह भीषण सड़क हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक गाड़ी के ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण उसने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हुआ। हालांकि, हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार होने में सफल रहा। ड्राइवर को नींद की झपकी आ जाने के कारण टेम्पो ट्रेवलर टूरिस्ट गाड़ी सड़क किनारे खड़ी खराब बस में जा घुसी। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग टेम्पो में सवार थे। वहीं, जिस बस के साथ टेम्पो ट्रेवलर टूरिस्ट गाड़ी की टक्कर हुई है। वह बस भी टूरिस्ट लेकर अयोध्या जा रही थी।

घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा

सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो ट्रेवलर टूरिस्ट गाड़ी तेज रफ्तार में थी और यह अनियंत्रित गाड़ी खराब खड़ी टूरिस्ट बस में पीछे से जा घुसी। हादसे में ट्रेवलर गाड़ी में सवार एक महिला व 3 पुरुषों समेत 4 लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर घायलों को ईलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। ट्रेवलर गाड़ी का चालक घटना के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। टेम्पो ट्रेवलर गाड़ी में लगभग डेढ़ दर्जन श्रद्धालु सवार थे। खराब खड़ी टूरिस्ट बस भी छत्तीसगढ़ से वृंदावन होते हुए अयोध्या जा रही थी। वहीं, श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो ट्रेवलर गाड़ी महाराष्ट्र से वृंदावन होते हुए अयोध्या जा रही। घटना थाना लोनी कटरा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वआंचल एक्सप्रेसवे में हुई।

कैसे हुई घटना?

छत्तीसगढ़ के लोगों को लेकर अयोध्या जा रही बस खराब हो गई थी। ऐसे में बस को किनारे लगाकर ठीक किया जा रहा था। दूसरी गाड़ी महाराष्ट्र से लोगों को लेकर अयोध्या जा रही थी। इस गाड़ी के ड्राइवर को नींद आई, तेज रफ्तार में गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी खराब बस में पीछे से घुस गई। इसी वजह से टेम्पो में सवार चार लोगों की मौत हो गई। गाड़ी बाईं तरफ से टकराई थी। इस वजह से ड्राइवर बच गया और मौके से भाग गया।

खेत में मिली बुजुर्ग की हाथ-पैर बंधी लाश, बेटे ने परिवार के लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

अलीगढ़, 16 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ के थाना पाली मुकीमपुर क्षेत्र के गांव बनूपुर में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की हाथ-पैर बंधी लाश सुनसान जंगल के बीच खेतों में पड़ी मिली, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई. पुलिस ने मृतक की शिनाख्त होने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मृतक व्यक्ति के परिजनों से तहरीर प्राप्त करते हुए थाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया है. आरोपी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर दिया गया है. मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जांच में जुटी है.

सीएम योगी को मोदी-शाह काम करने दें तब ना वे कुछ करेंगे,महाकुंभ पर बोले सांसद पप्पू यादव

पूर्णिया, 16 फरवरी (एजेंसियां)। आचार संहिता के एक पुराने मामले में बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव गाज़ीपुर कोर्ट पहुंचे। बता दें कि इस मामले में पप्पू यादव कोर्ट से बरी हो चुके हैं, हालांकि दोबारा से अपील किए जाने के बाद वह केस की सुनवाई के लिए यहां पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महाकुंभ आयोजन को लेकर कई तरह के चौंकाने वाले बयान भी दिए। वहीं गाजीपुर से निकलने के बाद सिधौना में समाजवादी पार्टी के नेता स्वर्गीय रामकरन यादव (दादा) की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वह आगे वाराणसी की तरफ चले गए। पप्पू यादव ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर कहा कि सीएम योगी को पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह काम करने दे तब ना। दिल्ली वाले सीएम योगी को खत्म करना चाहते हैं, इसलिए कुंभ का यह हाल कर दिए हैं। बेचारे सीएम योगी को दिल्ली वाले देखना नहीं चाहते इसलिए इनको काम भी नहीं करने देना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग योगी को मुख्यमंत्री पद से हटा नहीं सकते हैं इसलिए दिल्ली कभी विकास नहीं चाहता है।

बीजेपी पर किया तंज

इस दौरान दिल्ली विधानसभा चुनाव पर पप्पू यादव ने कहा कि हमारे नेताओं के गलतियों के कारण केजरीवाल हारे। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों के सपनों और उम्मीदों को तोड़ा है। नहीं तो बीजेपी वहां कभी नहीं जीत सकती थी। बिहार की राजनीति और नीतीश कुमार पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश को यदि हम लोग इंडिया गठबंधन का संयोजक बना दिए होते तो बीजेपी आज सरकार में नहीं होती। बीजेपी नीतीश कुमार को मारने में लगी है। चुनाव होते ही सबसे पहले बीजेपी नीतीश कुमार को हटाएगी।

नेता और अमीर अमर हैं क्या?

महाकुंभ के दौरान मौत के बाद मोक्ष वाले बयान पर उन्होंने कहा कि बाबा लोगों को पैसा वाले और नेताओं से दूर रखिए। उन्होंने कहा कि गरीब अगर मरने के लिए है तो यह नेता और पैसे वाले क्या अमर हैं। पहले इन लोगों को मोक्ष जाने की जरूरत है, जिससे धरती बची रहे। वहीं कुंभ में जाने के सवाल पर पप्पू यादव ने कहा कि हम पागल हैं क्या, जो दुनिया करती है, वह हम नहीं करते।

आज भी कुंभ में वीआईपी कल्चर

वहीं प्रदेश सरकार पर महाकुंभ में भगदड़ के बाद मौत पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि 50 करोड़ लोगों के डुबकी लगाने की आप बात करते हैं लेकिन कितने मरे हैं आज तक पता ही नहीं है। वहीं भगदड़ के बाद यूपी सरकार ने वीआईपी कल्चर खत्म करने की बात कही थी, लेकिन आज भी कुंभ में वीआईपी जा रहे हैं। कुंभ के आयोजन और उसके ब्रांडिंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यहां सेल्फी मार्केटिंग और राजनेताओं का क्या काम है।

हम स्वर्ग और नरक को नहीं मानते

सांसद अफजाल अंसारी के बयान पर जवाब देते हुए पप्पू यादव ने कहा कि हम स्वर्ग और नरक को मानते ही नहीं, हम काम को मानते हैं। अंधविश्वास, आडंबर और कर्मकांड वाले हम लोग नहीं हैं। हम वर्तमान में हैं और वह कहता है कि गरीब की मदद करो, जो हम करते हैं।

बिहार के औरंगाबाद में बुजुर्ग पति-पत्नी ने की आत्महत्या

औरंगाबाद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के औरंगाबाद में एक दंपति ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। घटना जिले के रफीगंज प्रखंड के जोंधी गांव की है। जहां रात को पति-पत्नी ने जहर खा लिया। दोनों की स्थिति गंभीर थी। आनन-फानन में अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान ही दोनों की मौत हो गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। औरंगाबाद के जोंधी गांव में पति-पत्नी की मौत से सनसनी फैली हुई है। औरंगाबाद पुलिस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रात 12 बजकर 30 मिनट पर रफीगंज थाना के थानाध्यक्ष को यह सूचना मिली कि एक बुजुर्ग दंपति ने जहर खा लिया है। जिसके बाद सूचना का सत्यापन कराकर घटनास्थल पर पुलिस की टीम पहुंची।

भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल पर 50 लाख रुपये की वसूली का आरोप

जांच समिति गठित, पार्टी में हलचल

फतेहपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा मोर्चा) अजित कुमार गुप्ता ने मुखलाल पाल पर पद दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपये की वसूली का आरोप लगाया है। गुप्ता का कहना है कि यह रकम कैश में ली गई थी, और जिलाध्यक्ष ने इसे पार्टी फंड में जमा करने के बजाय खुद रख लिया।

आरोप और प्रतिक्रिया

अजित कुमार गुप्ता का आरोप है कि मुखलाल पाल ने उन्हें पार्टी में पद देने का वादा किया था, लेकिन इसके बदले 50 लाख रुपये की मांग की। गुप्ता ने यह राशि अदा करने के बाद आरोप लगाया कि यह रकम पार्टी फंड में जमा नहीं की गई, और जिलाध्यक्ष ने इसे अपने पास रख लिया। गुप्ता ने इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष ने न केवल उनका विश्वास तोड़ा, बल्कि पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंचाया है।

भाजपा ने लिया मामले का संज्ञान

पड़ोसी जनपद बांदा के रहने वाले अजीत गुप्ता के आरोपों के बाद भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने मामले का संज्ञान लिया और एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। इस समिति में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान और प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी को शामिल किया गया है। शुक्ल ने जिलाध्यक्ष से सात दिनों के भीतर इस मामले पर जवाब देने को कहा है, और यदि संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

प्राइवेट अस्पताल में यूट्यूब देख हो रहा था इलाज मरीज ने तोड़ा दम; विरोध में परिजनों के किया बवाल

पटना, 16 फरवरी (एजेंसियां)। पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल (श्री अशोका हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर) में हंगामा हो गया है। आरोप है कि यहां एक मरीज का इलाज यूट्यूब देखकर किया जा रहा था, जिससे परिजनों ने नर्सिंग होम को तोड़फोड़ दिया है। मरीज को उल्टी की शिकायत होने पर कल भर्ती कराया गया था और वह सीआईएसएफ में सलेक्ट हो चुका था। मृतक भोजपुर का रहने वाला है और उसके परिवार ने नर्सिंग होम के सभी डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों ने आरोप लगाया की अस्पताल में यूट्यूब देखकर उनके बच्चे का इलाज किया जा रहा था। इसी कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

अदालत तक पहुंच सकता है गौरव गोगोई की पत्नी से जुड़ा विवाद

हिमंता बोले- सरकार करेगी कानूनी कार्रवाई

गुवाहाटी, 16 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के सोशल मीडिया पोस्ट का जवाब देते हुए असम के मुख्यमंत्री सरमा ने विपक्ष को उसकी चुनावी हार की याद दिलाई। उन्होंने कहा, मैं अपने खिलाफ कानूनी कार्रवाई का दिल से स्वागत करता हूं। दरअसल, असम सरकार भी आज से कानूनी कार्यवाही शुरू कर रही है। मैं गोगोई को सलाह देता हूं कि वह जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई शुरू करें। ताकि इस मामले की न्यायिक मंच पर चर्चा की जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम ने सोशल मीडिया पर लिखा, असम में 2026 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगले 12 महीने में असम की जनता बिस्वा सरमा को पूर्व मुख्यमंत्री बना देगी और उनकी पार्टी भाजपा विपक्ष की भूमिका में नजर आएगी। इस पर सरमा ने कहा, कौन मुख्यमंत्री होगा, कौन नहीं यह असम की जनता तय करेगी, आप नहीं। मैं कांग्रेस को असम में साल 2014 और 2021 में मिली शर्मनाक हारों की याद नहीं दिलाना चाहता। बता दें कि भाजपा ने गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ पर पाकिस्तान और उसकी बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध रखने का गंभीर आरोप लगाया है। इस पर गोगोई ने भाजपा पर उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने का आरोप लगाया है।

केजरीवाल कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के पक्ष में थे

लेकिन कैसे बिगड़ा मामला? संजय राउत ने किया खुलासा

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। क्या अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के साथ मिलकर हरियाणा और दिल्ली का विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे? लेकिन यह पूरा मामला कैसे बिगड़ गया? इसका खुलासा संजय राउत ने सामना में लिखे अपने लेख में किया है। उन्होंने दिल्ली में आदित्य ठाकरे और अरविंद केजरीवाल के बीच हुई बैठक में जो बातचीत हुई उसकी जानकारी सार्वजनिक की है। इसके मुताबिक केजरीवाल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के साथ गठबंधन की पूरी कोशिश की लेकिन कांग्रेस की हठधर्मिता के चलते ऐसा संभव नहीं हो पाया। आदित्य ठाकरे से बातचीत में अरविंद केजरीवाल ने जो जानकारी दी है वो कांग्रेस की गठबंधन संबंधित नीतियों को एक्सपोज करती है। आदित्य ठाकरे के साथ फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर केजरीवाल की मुलाकात हुई थी। दिल्ली और हरियाणा को लेकर स्वयं अरविंद केजरीवाल ने जो जानकारी दी है वो कांग्रेस की गठबंधन संबंधित नीतियों को एक्सपोज करती है। आदित्य ठाकरे के साथ फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर केजरीवाल की मुलाकात हुई। इस बातचीत में जब केजरीवाल से यह पूछा गया कि ''अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन हुआ होता तो बेहतर होता। केजरीवाल ने गठबंधन होने नहीं दिया, ऐसा आक्षेप है।'' इस पर केजरीवाल ने कहा, ''नहीं, मैं पूरी तरह से कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के पक्ष में था।''

राघव चड्ढा ने की थी कांग्रेस नेतृत्व से बात

केजरीवाल ने वजह बताते हुए कहा। ''जब मैं जेल में था तब हरियाणा में चुनाव हुए थे। राघव चड्ढा हरियाणा का काम देख रहे थे। वे मुझसे जेल में मिलने आए थे। मैंने उनसे कहा, हमें कांग्रेस के साथ गठबंधन करना ही होगा। आप सीटों का बंटवारा तय करें।'' केजरीवाल ने आगे कहा, ''कांग्रेस ने हमसे एक सूची मांगी। हमने 14 निर्वाचन क्षेत्रों की सूची दी। राहुल गांधी ने कहा, हम 'आप' को छह सीटें देंगे। मैंने राघव से कहा, कोई बात नहीं, छह सीटें ले लो। हम दो कदम पीछे आ गए। राहुल गांधी ने कहा, के। सी। वेणुगोपाल से मिलें। वह फाइनल करेंगे।

कांग्रेस बीजेपी को नहीं, आप को हराना चाहती थी

इसके बाद केजरीवाल ने आगे बताया, राघव चड्ढा ने के। सी। वेणुगोपाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा, छह सीटें संभव नहीं हैं। हम चार सीट देंगे। आप हमारे हरियाणा प्रभारी बावरिया से मिलें। चड्ढा मुझसे जेल में मिलने आए। मैंने कहा, ठीक है। चार सीटें ले लो। चड्ढा बावरिया से मिलने गए तब उन्होंने चार का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया। वे बोले, हम आपको दो ही सीटें देंगे। मैंने फिर चड्ढा को संदेश भेजा। ठीक है। दो सीटें ले लो। राहुल गांधी बॉस हैं और उनके वचन देने के बावजूद हमें छह सीटें नहीं मिलीं। चार से दो पर आ गए। उन दो सीटों के लिए राघव चड्ढा ने आखिरकार भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात की। फिर उन्होंने भाजपा के गढ़ वाले इलाके में हमें दो सीटें ऑफर कीं। यह कांग्रेस की 'गठबंधन' धर्म की व्याख्या है। हम क्या करेंगे? ऐसा हुआ हरियाणा में। दिल्ली में भी कुछ अलग नहीं हुआ। वे भाजपा को हराना नहीं चाहते थे। वे मोदी विरोधी केजरीवाल को हराना चाहते थे। ये सब कहते वक्त केजरीवाल की व्यथा उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी।

पूर्व बीजेपी विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन की जेल में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में कराया गया भर्ती

हरिद्वार, 16 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रोशनाबाद जेल में बंद पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन की शनिवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। सूत्रों के अनुसार, चैंपियन को दस्त की शिकायत थी, जिसका इलाज जेल में किया गया, लेकिन जब आराम नहीं मिला तो उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहीं, उनकी हृदय संबंधी समस्या भी सामने आई है, जिसके चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी की गई। पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन 27 जनवरी से हरिद्वार की रोशनाबाद जेल में बंद हैं। 26 जनवरी को खानपुर विधायक उमेश कुमार के कार्यालय में हुई फायरिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

डंडों से तोड़े पौधे, लगा दी आग 6 एकड़ में उगाई गई थी अफीम, जवानों ने किया नष्ट

इंफाल, 16 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में सुरक्षाबलों ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कांगपोकपी में कुछ लोग चोरी छिपे अफीम की खेती कर रहे थे। इसी दौरान मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने अफीम की खेती को पुरी तरह से नष्ट कर दिया। पुलिस सुरक्षाबलों के जवानों के साथ मिलकर इलाके में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई की कुछ फोटो भी सामने आई है, जिसमें पुलिस और सुरक्षाबलों अफीम की खेती को खत्म करते हुए नजर आ रहे हैं।

मणिपुर पुलिस ने पिछले कई महीनों से नशे के खिलाफ एक मुहिम छेड़ी हुई है। इस मुहिम वह जगह-जगह छापेमारी नशे को जब्त या फिर नष्ट कर रही है। कांगपोकपी के सेहजंग गांव में पुलिस ने नशे के खिलाफ सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने देखा कि करीब छह एक जमीन पर गैरकानूनी तरीके से अफीम की खेती हो रही है। पुलिस ने देखा कि एक टिन शेड के स्टोर रुम में कुछ अफीम भी रखी हुई थी।

नष्ट की गई अफीम की खेती

मणिपुर पुलिस ने सीआरपीएफ और असम राइफल्स के साथ मिलकर अफीम के बागानों को नष्ट कर दिया और टिन शेड के स्टोर रुम में आग लगा दी। पुलिस और सुरक्षाबल के जवान निरंतर इलाके में इस तरह की कार्रवाई कर युवाओं को नशे से बचाने के भरसक प्रयासों में लगे हुए है। अफीम एक बहुत ही महंगा नशा है। पुलिस का शक है कि अफीम की खेती करने वाले लोग इसे बेचकर मिलने वाले से पैसे से ही इलाके में आतंक फैलाने का काम कर रहे हैं। अफीम की फसल को नष्ट करने के कुछ फोटो भी सामने आए हैं, जिसमें सुरक्षाबल डंडों से पौधे तोड़ते हुए दिख रहे हैं।

इससे पहले भी हुई कार्रवाई

इससे पहले 31 जनवरी को भी पुलिस ने मणिपुर के नोनी जिले में 4.49 एकड़ में उगाई जा रही अफीम की खेती को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद नष्ट किया था। पुलिस निरंतर नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सभी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

पुलिस लाइन में तैनात गार्ड ने की अंधाधुंध फायरिंग एसपी ने दिए निलंबन और एफआईआर के आदेश

शहडोल, 16 फरवरी (एजेंसियां)। संभागीय मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में बीती रात गार्ड ड्यूटी पर तैनात आरक्षक रिंकू सिंह ने अपनी सर्विस राइफल से अचानक फायरिंग कर दी। इस दौरान कुल 20 गोलियां चलीं, जिससे पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। फायरिंग जानबूझकर की गई या गलती से हुई, इसकी जांच जारी है। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 12:00 बजे की है। जब पुलिस लाइन में गोलियों की आवाज गूंजी तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों में दहशत फैल गई। कॉलोनी में रह रहे पुलिसकर्मी और उनके परिजन आवाज सुनकर घबराकर बाहर निकल आए। आसपास के लोगों ने भी तुरंत इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। कुछ देर के लिए पूरे पुलिस लाइन क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, आरक्षक रिंकू सिंह नाइट ड्यूटी पर पुलिस लाइन की सुरक्षा में तैनात था। ड्यूटी के दौरान उसने अपनी राइफल से गार्ड रूम के पास बने सेट की ओर अंधाधुंध गोलियां चला दीं।

जम्मू-कश्मीर सरकार आने के बाद भी कुछ नॉर्मल नहीं,किस बात पर भड़की महबूबा मुफ्ती

जम्मू, 16 फरवरी (एजेंसियां)। कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को जम्मू सरकार समेत केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग सरकार आने से पहले सोच रहे थे कि सरकार आने से यहां सब कुछ नॉर्मल होगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। हालात जैसे पहले थे वैसे आज भी बने हुए हैं। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि लोग उम्मीद कर रहे थे कि जब सरकार बनेगी तो कर्मचारियों की बर्खास्तगी में कमी आएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जिन तीन अधिकारियों को बर्खास्त किया गया। उनमें से एक कॉन्स्टेबल फिरदौस थे, जो आतंकवादियों के हमले में घायल हो गए थे और उनके शरीर पर 85 टांके लगे हैं। इसके बाद भी उन्हें बर्खास्त कर दिया गया।

जम्मू-कश्मीर में कुछ भी सामान्य नहीं- पीडीपी चीफ

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सीएम उमर अब्दुल्ला से 2019 में संसद में लिए गए फैसले के बारे में पूछ रही हूं और क्या वह उस पर मुहर लगाने जा रहे हैं? अगर ऐसा होता है, तो अनुच्छेद 370 का हमारा मामला है और 35A कमजोर हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर में कुछ भी सामान्य नहीं है, कश्मीर के लोग चुप हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कश्मीर में स्थिति सामान्य है।

किस मामले पर भड़कीं महबूबा?

जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने बीते दिन आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोप में जम्मू-कश्मीर सरकार ने तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। इन कर्मचारियों में एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और एक वन विभाग का कर्मचारी शामिल है। इन कर्मचारियों पर आरोप है कि तीनों ने आतंकियों को हथियार मुहैया करवाए हैं।इसके अलावा आतंकी हमलों के लिए घाटी के बारे में जानकारी दी और हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काया था। जिसके बाद एलजी ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसी मामले पर अब महबूबा मुफ्ती सरकार को खरी-खोटी सुना रही हैं।

सेब के बगीचों में फैली जंगल की आग, 1200 फलदार पेड़ जलकर राख

देहरादून, 16 फरवरी (एजेंसियां)। चकराता ब्लाक से जुड़े पुनाह पोखरी पंचायत के खेड़ा किरथात में दो बागवानों के सेब के बगीचों में लगी आग की चपेट में आने से 1200 फलदार पेड़ जलकर राख हो गए। इस घटना से प्रभावित बागवानों को लाखों का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है। बताया जाता है कि बगीचों के नीचे स्थित झाड़ियों में लगी आग विकराल होकर चारों तरफ फैल गई। जौनसार बावर में अधिकांश ग्रामीण परिवारों की आजीविका खेती-बागवानी पर निर्भर है। इस बार समय से हुई बारिश व बर्फबारी के चलते फलों की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद लगाए बैठे पुनाह पोखरी निवासी दो कृषकों की मुसीबत बढ़ गई। सूरत सिंह व सुल्तान सिंह के गांव से कुछ दूर गोराघाटी के पास खेड़ा किरथात में सेब व अन्य फलों के बगीचे हैं।

मुर्गियों को मारने की जरूरत नहीं, अधपका चिकेन ना खाएं-अजित पवार ने किया अलर्ट

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने लोगों को सलाह दी कि वे अपने भोजन, खास तौर पर चिकन को अच्छी तरह से पकाकर खाएं। राज्य में 'गिलियन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) के हाल ही में सामने आए कई मामलों के बीच अजित पवार ने लोगों से एहतियात के तौर पर अधपका चिकन खाने से बचने का आग्रह किया है। पुणे में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पवार ने इस बीमारी के कारण मुर्गी पालन से जुड़ी व्यवसायियों की चिंताओं को भी खत्म कर दिया और कहा कि इस बीमारी की वजह से मुर्गियों को मारने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन लोग अधपका चिकेन खाने से बचें।

मुर्गियों को मारने की जरूरत नहीं है

बता दें कि महाराष्ट्र में 'गिलियन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। पवार ने कहा, "हाल ही में पुणे के एक इलाके में जीबीएस फैलने की सूचना मिली थी। इससे घबराए कुछ लोगों ने इसे पानी के प्रदूषण से जोड़ा जबकि दूसरे लोगों ने अनुमान लगाया कि यह चिकन खाने के कारण हुआ था। इस तरह की आशंकाओं की विस्तृत समीक्षा की गई जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि मुर्गियों को मारने की कोई आवश्यकता नहीं है।"

जीबीएस के फैलने की वजह आई सामने

अजित पवार ने कहा, "इस बीमारी को लेकर चिकित्सक भी सलाह देते हैं कि खाने वाले भोजन को अच्छी तरह से पकाया जाना चाहिए। पवार ने कहा कि राज्य में जीबीएस की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और इसकी वजह से मुर्गियों को मारने की कोई जरूरत नहीं है।'' स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, जीबीएस का फिर से एक नया मामला सामने आया, जिससे राज्य में संदिग्ध और पुष्टि किए गए कुल मामलों की संख्या 208 हो गई है। बता दें कि जीबीएस संक्रमण दूषित पानी और भोजन, खास तौर पर 'कैंपिलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया' वाले भोजन से हो सकता है।

आप के रवैये पर भड़के बीजेपी नेता, कहा- 'भरोसे से ज्यादा करेंगे जनता का काम'

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद नए मुख्यमंत्री के नाम के ऐलान में देरी को लेकर आम आमदी पार्टी के नेता बीजेपी पर हमलावर हैं। पार्टी के इस रुख पर दिल्ली बीजेपी के महासचिव विष्णु मित्तल ने कहा किदिल्ली के लोगों ने हम पर जितना भरोसा किया, उससे ज्यादा काम करेंगे। दिल्ली बीजेपी नेता विष्णु मित्तल ने कहा, मुख्यमंत्री के चयन में हो रही देरी की चिंता आम आदमी पार्टी को क्यों हो रही है? जिस दिन से भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई है, उसी दिन से भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जमीन पर जनता के बीच में है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी पार्टी लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के बाहर गए थे। वह शुक्रवार शाम को इंडिया वापस लौट आए हैं। जल्द ही मीटिंग होगी और एक-दो दिन में पता लग जाएगा कि हमारा मुख्यमंत्री कब बन रहा है। बीजेपी पर चुनावी घोषणाएं लागू नहीं करने के 'आप' के आरोप पर विष्णु मित्तल ने कहा, सबसे पहली बात, केंद्र की योजनाओं को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने लागू होने नहीं दी थी। हमारी कैबिनेट की पहली मीटिंग में इन सभी योजनाओं को लागू करने का काम किया जाएगा। उन्होंने जो भ्रष्टाचार किया है, डिपार्टमेंट उसकी पूरी जांच करेगा। जो भी दोषी होगा, उन्हें जरूर सजा मिलेगी। जनता ने भाजपा पर भरोसा किया है। मेनिफेस्टो में हमने जितने भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा करेंगे। यमुना की सफाई को लेकर उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत यमुना मैया से की थी। यमुना नदी दिल्ली के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। दिल्ली के पूर्वांचली भाई-बहन छठ पूजा यमुना जी में करते हैं और इस बार छठ पूजा पर जो कुछ हुआ, उसे दिल्ली की जनता ने देखा। 100 प्रतिशत हम इस पर काम करेंगे। यमुना को साफ करके रिवर फ्रंट बनाने का काम बीजेपी सरकार करने जा रही है।

पत्नी को याद नहीं शादी की तारीख, कोर्ट ने खारिज कर दिया तलाक का केस

कानपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। चलिए शादी की तारीख बताइए...उत्तर प्रदेश की कानपुर कोर्ट ने एक महिला से ये सवाल पूछा। महिला इस सवाल का जवाब नहीं दे पाई। इसके बाद कोर्ट ने उसकी ओर से दायर मुकदमे को खारिज कर दिया। महिला ने अपने पति से तलाक और दस लाख रुपए गुजारा भत्ता देने का मुकदमा दर्ज करवाया था। केस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब शादी की तारीख ही याद नहीं है तो खर्च के लगाए गए दस्तावेज को कैसे सही माने। महिला का आरोप था कि जिस युवक को बैंक का बाबू बताकर शादी की गई थी, शादी के बाद पता चला कि वह बैंक में चपरासी है। कानपुर की पारिवारिक कोर्ट में महिला ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से पति और ससुराल वाले कम दहेज की बात कहकर प्रताड़ना करते थे, जबकि शादी में दस लाख रुपए खर्च हुए थे। अपने दावे के समर्थन में महिला ने दस्तावेज भी लगाए थे। अधिवक्ता अनूप शुक्ला ने बताया कि महिला ने जिरह के दौरान यह स्वीकार किया कि उसको शादी की तारीख याद नहीं है। महिला ने यह भी स्वीकार किया कि उसका पति तो उसको रखना चाहता है, लेकिन वो खुद नहीं रहना चाहती। महिला ने अपने गुजारा भत्ते के दावे में खर्चे के दस्तावेज लगाए थे। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब आपको शादी की तारीख याद नहीं है, तो कैसे मान लिया जाए कि यह दस्तावेज सही है। कोर्ट ने यह कहते हुए मुकदमे को खारिज कर दिया।

अपराधियों ने महाराष्ट्र से एक पुलिस अफसर को बंधक बना कर एमपी बॉर्डर पर ले गए

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र बार्डर पर स्थित अमरती गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस का एक अधिकारी अमरती गांव पहुंचा था, जहां उसको ही आरोपी ने हथियार दिखाकर बंधक बना लिया। जलगांव जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. महेश्वर रेड्डी ने इस संबंध में मध्य प्रदेश पुलिस से संपर्क किया है। पुलिस अधिकारी को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। जलगांव जिले के चोपड़ा इलाके में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा के पास स्थित अमरती गांव है। यहां एक आरोपी ने पुलिस के एक अधिकारी का अपहरण कर लिया है। चोपड़ा ग्रामीण पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महाराष्ट्र के उमरती गांव गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद गांव के कुछ लोग पुलिस की ओर दौड़े। इसके बाद एक पुलिस अधिकारी को उन्होंने पकड़कर बंधक बना लिया। बाद में वह लोग पुलिस अधिकारी को मध्य प्रदेश सीमा के पार ले गए।

पुलिस अधिकारी को बनाया बंधक

पुलिस की एक टीम एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए अमरती गांव गई थी। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करके अपने साथ ला ही रही थी कि इसी दौरान पुलिस ने देखा गांव के कुछ लोग हथियार लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। आरोपी के जानकारों ने उसे छुड़ाने के लिए पुलिस पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन इस बीच पुलिस अपनी जान बचाते हुए आरोपी को छोड़कर भाग गई। हालांकि, इस दौरान गांववालों ने पुलिस के अधिकारी को पकड़कर बंधक बना लिया।

पुलिसकर्मी को सुरक्षित निकलाने में जुटा विभाग

मामले की जानकारी होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मचा गया है। ऐसा कहा है कि आरोपी पुलिस अधिकारी को बंधकर बनाकर मध्य प्रदेश सीमा के पार उमरती गांव ले गए हैं। महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा पर दो उमरती गांव हैं। एक गांव महाराष्ट्र में है और दूसरा सीमा पार मध्य प्रदेश में है। घटना की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक महेश्वर रेड्डी सहित पुलिस अधिकारी उमरती गांव के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि बंधक पुलिसकर्मी को सुरक्षित निकालने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस के संपर्क में हैं।

इंदौर की डबल मनी कंपनी ने गोरखपुर में मचाया हड़कंप, निवेशकों के करोड़ों लेकर हुए फरार

गोरखपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रुपये दोगुणा करने का लालच देकर निवेशकों को फंसाने वाली इंदौर की एक कंपनी बड़ा फर्जीवाड़ा करके फरार हो गई। शाहपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2017 में इस कंपनी की शाखा खोली गई थी, जहां व्यापारियों और दुकानदारों से करोड़ों रुपये जमा कराए गए। अब, जब भुगतान का समय आया तो कंपनी का ऑफिस बंद हो गया, वेबसाइट ठप हो गई, और कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी भाग खड़े हुए। शुरुआती जांच में पता चला है कि इस कंपनी ने सिर्फ गोरखपुर में ही दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की है। अभी तक 15 से 20 निवेशक सामने आए हैं, लेकिन उनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। एसएसपी के निर्देश पर एसपी अपराध सुधीर जायसवाल ने जांच कर रिपोर्ट तैयार की है, और जल्द ही कंपनी के सीएमडी व अन्य आरोपियों के खिलाफ शाहपुर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।

हरियाणा कांग्रेस को नए प्रदेशाध्यक्ष की तलाश

दीपक बाबरिया के बाद उदयभान की होगी छुट्टी; सुरजेवाला को मिलेगी कमान?

चंडीगढ़, 16 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद अब कांग्रेस आलाकमान ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव की अप्रत्याशित हार के लिए जिम्मेदार नेताओं पर कार्रवाई शुरू कर दी है। विवादों में रहे कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया को हटाकर बीके हरि प्रसाद की नियुक्ति के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान को भी बदलने की तैयारी है। आरोप है कि उदयभान विधानसभा चुनाव में सभी दिग्गजों को साथ लेकर नहीं चल पाए, जिससे कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक नए प्रदेशाध्यक्ष के लिए पैनल भी तैयार है, जिसमें राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला, लोकसभा सदस्य वरुण चौधरी मुलाना, पूर्व विधायक राव दान सिंह, विधायक गीता भुक्कल और विधायक अशोक अरोड़ा शामिल हैं। वहीं, सात मार्च को शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता की नियुक्ति की जा सकती है। विपक्ष के नेता पद के लिए जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रबल दावेदार हैं, वहीं उनके समर्थन किसी अन्य विधायक को भी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हरियाणा कांग्रेस के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल की मानें तो कांग्रेस संगठन में ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव होना है। इसकी शुरुआत दीपक बाबरिया से हो चुकी है, जो धड़े में बंटे दिग्गज नेताओं के बीच दूरियां कम नहीं कर पाए। लोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनावों तक गुटबाजी का असर साफ दिखा। टिकट वितरण को लेकर भी बाबरिया पर गंभीर आरोप लगे कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रभाव में आकर गलत लोगों को टिकट दिलाए। टिकट वितरण से नाराज किरण चौधरी भाजपा में शामिल हो गईं, जबकि कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला भी विधानसभा चुनाव के प्रचार में कुछ सीटों तक सिमट कर रह गए।

पांच साल में बदले तीन प्रभारी चुनौतियां जस की तस

गुटबाजी के चलते हरियाणा में संगठन नहीं खड़ा कर पा रही कांग्रेस ने पांच साल में तीन प्रभारी बदले हैं। 12 सितंबर 2020 को विवेक बंसल को प्रभारी लगाया था। जनवरी 2023 में बंसल को हटाकर शक्ति सिंह गोहिल को प्रभारी लगाया गया, लेकिन वह छह महीने ही प्रभारी रह पाए। जून 2023 को दीपक बाबरिया को प्रभारी बनाया गया। विवेक बंसल से पहले गुलाम नबी आजाद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी हरियाणा के प्रभारी रह चुके हैं।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 17 फरवरी - 2025

स्टेशन पर बिखरी जिंदगियां

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात मनहूस बन कर आई, जहां भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई और अनगिनत लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह के कारण हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हादसे की दर्दनाक तस्वीरें लोगों को रुला रही हैं। एक झटके में लोगों का घर-संसार उजड़ गया। ये सभी लोग महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने की तैयारी करके आए थे। शायर अहमद मुश्ताक की ये दो लाइनें बला की चमक उस के चेहरे पे थी, मुझे क्या खबर थी कि मर जाएगा,नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के लिए ही शायद लिखी थी। 144 साल बाद प्रयागराज में लगे 'महाकुंभ' में स्नान कर अपने और अपनों के लिए ईश्वर का आशीर्वाद लेने की चाह रखने वालों के चेहरे पर चमक और नूर अलग ही होता है।आस्था के सैलाब में डुबकी लगाकर श्रद्धालु अपने जीवन के दुख-दर्दों से मुक्ति पाना चाहते हैं। लेकिन कभी-कभी नियति को यह मंजूर नहीं होता है। एक झटके में ही सबकुछ उजड़ गया और सपने धरे के धरे रह गए। जो लोग घायल हैं उनका इलाज नजदीकी अस्पतालों में किया जा रहा है। इस घटना के बाद पूरे देश में मातम पसरा हुआ है। रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों पर लोगों के खाने-पीने का समान बिखरा पडा है। टूटी चप्पल, जूते और महिलाओं के दुपट्टे बता रहे हैं कि हादसे की रात कितनी दर्दनाक थी। भीड़ की शक्ल में आई मौत ने लोगों को खूब छकाया। कुछ बदनसीबों को मौत अपने साथ ले गई। टूटी-फूटी चीजों में लोग अपनों की पहचान करते नजर आ रहे हैं। मजबूरी तो देखिए कि अपनों की मौत पर रोएं या जो भीड़ के चलते गायब हैं उन्हें ढूंढे या अस्पताल में भर्ती परिवारवालों के साथ बैठें। ऐसे कई परिवार हैं जो तीन तरफा मुसीबतें से जूझ रहे हैं। प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत के बाद से ही हादसों का सिलसिला जारी है। कभी प्रयागराज में भगदड़ के चलते लोगों की जान जाती है। कभी प्रयागराज जाने वाले वाहन एक्सीडेंट के शिकार होते हैं और कई लोग सड़क पर ही दम तोड़ देते हैं। लेकिन सरकार हाई लेवल जांच में ही व्यस्त रहती है।आखिर हादसे से पहले कोई मजबूत इंतजाम सरकार क्यों नहीं करती? आम लोगों की जिंदगियां सड़कों पर, रेलवे स्टेशनों पर और संगम घाट पर बिखरी रहीं और सिस्टम देखता रहा। इन हादसों पर पूरा देश तो सवाल पूछेगा, जवाब चाहे मिले या न मिले। बहरहाल, इस घटना की भी रेलवे ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। भगदड़ के बाद प्रभावितों के लिए मुआवजे का ऐलान भी किया गया है। भारतीय रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल यात्रियों को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। यह मरहम कितनी राहत पहुंचाएगा यह तो प्रभावितों के परिजन व घायल लोग ही बता सकते हैं। लेकिन जो दृश्य विभिन्न माध्यमों से देश देख रहा है वह तो इतना विभत्स है कि कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।

अमेरिका के साथ आतंकवाद-एआई-डिफेंस पर भी महत्वपूर्ण समझौते

रामस्वरूप रावतसरे

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को राजधानी वॉशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेज़बानी की। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में भारत-अमेरिका की साझेदारी को महत्वपूर्ण ताकत बताया, जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और अपने नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित है। दोनों देशों ने '21वीं सदी के लिए यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी के लिए अवसरों को बढ़ाना तथा वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी में तेजी लाना) की शुरुआत की। इस पहल के तहत दोनों देशों ने लाभकारी साझेदारी पर प्रतिबद्धता जताई। दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, बहुपक्षीय सहयोग तथा दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए इस साल 21वीं सदी में अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए एक नए 10 वर्षीय फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने की योजना की घोषणा की। इसके साथ ही ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारत से रक्षा सहयोग को और बढ़ाएगा। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इस साल से लॉकहीड मार्टिन एफ-35 लाइटनिंग ।। भी भारत को उपलब्ध कराए जाएँगे। भारत हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी को बढ़ाने के लिए अमेरिका से 6 अतिरिक्त पी-8आई विमान भी खरीदेगा। भारत अमेरिका से अब तक सी-130जे सुपर हरक्यूलिस, सी-17 ग्लोबमास्टर ।।।, पी-8। पोसिडॉन विमान, सीएच-47एफ चिनूक, एमएच-60आर सीहॉक्स और एएच-64ई अपाचे, हार्पून एंटी-शिप मिसाइल, एम-777 हॉवित्जर और एमक्यू-9बी जैसे विमान, मिसाइल एवं तोप आदि खरीद चुका है। अमेरिका रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत को रक्षा एवं सैन्य की बिक्री को बढ़ाएगा और भारत के साथ मिलकर उनके उत्पादन का विस्तार भी करेगा। इनमें 'जैवलिन' एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों और 'स्ट्राइकर' इन्फैंट्री कॉम्बैट वाहनों की नई खरीद और सह-उत्पादन व्यवस्था को बढ़ाने की योजना है। अमेरिका द्वारा दी जाने वाली रक्षा प्रणालियों की देश में ही मरम्मत की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही रक्षा सौदों में तेजी लाने के लिए इस साल पारस्परिक रक्षा खरीद (आरडीपी) समझौते को पूरा करने के लिए बातचीत शुरू करने पर भी सहमति व्यक्त की है। साथ ही अंतरिक्ष, वायु रक्षा, मिसाइल, समुद्री और पानी के नीचे की प्रौद्योगिकियों में सहयोग तथा 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को भारत को देने के लिए अपनी नीति की समीक्षा की बात कही है। जानकारी के अनुसार इंडो-पैसिफिक में रक्षा उद्योग साझेदारी और उत्पादन को बढ़ाने के लिए 'ऑटोनोमस सिस्टम इंडस्ट्री अलायंस की घोषणा की गई है। अत्याधुनिक समुद्री प्रणालियों और उन्नत एआई-सक्षम काउंटर मानवरहित हवाई प्रणाली (यूएएस) के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए एंडुरिल इंडस्ट्रीज और महिंद्रा समूह तथा टोही ऐरे प्रणालियों के सह-विकास के लिए स्3 हैरिस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच साझेदारी का स्वागत किया। दोनों देश नेताओं ने वायु, भूमि, समुद्र, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस में नवीनतम तकनीकों को शामिल करते हुए उन्नत प्रशिक्षण, अभ्यास और संचालन के जरिए सैन्य सहयोग को बढ़ाने का भी संकल्प लिया। इसके साथ ही आपदा राहत कार्यों तथा सुरक्षा सहयोग के लिए भारत-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी और भारतीय सेनाओं की विदेशी तैनाती को बनाए रखने के लिए नई राह खोलने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश को बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके लिए 'मिशन 500' तैयार किया गया है, जिसका लक्ष्य सन 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक करके 500 बिलियन डॉलर करना है।

भारत-चीन के रिश्तों की ऐतिहासिक सच्चाई

रघु ठाकुर

भारत और चीन के बीच पुनः बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया है। डोकलाम की घटना के बाद बातचीत और संवाद का जो सिलसिला लगभग बंद था, पुनः आरंभ हुआ। देश के मीडिया ने इस संवाद को काफी महत्व दिया है और विश्वसनीय जैसा माना है। हालांकि मैं इस संवाद की निरंतरता और परिणाम के प्रति बहुत आशान्वित नहीं हूँ। 1962 में जब चीन ने भारत पर हमला किया और भारत की 1000 मील जमीन को अधिकार में ले लिया था तब से चीन और भारत के संबंधों के बीच शासकीय स्तर पर स्थाई अविश्वास पनपा है। शासकीय स्तर पर मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि 1959 में चीन ने तिब्बत पर कैंजा किया था। तब भारत सरकार और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कोई विशेष प्रतिकार नहीं किया। सरकारी तौर पर तो सरकार ने न केवल तटस्थता की नीति बरती, बल्कि यहां तक कि तिब्बत को चीन का हिस्सा भी मान लिया था। तत्कालीन सरकार की विदेशी नीति की यह भारी भूल थी। ऐतिहासिक रूप से तिब्बत कभी भी चीन का हिस्सा नहीं रहा और कूटनीतिक तौर पर भी नहीं रहा। यह व्यावहारिक था कि चीन और भारत की सीमा के बीच तिब्बत आजाद देश के तौर पर रहता, परंतु तत्कालीन सरकार के प्रधानमंत्री नेहरू का नजरिया राजनयिक, कूटनीतिक तौर पर कम कुछ जज्बाती ज्यादा होता था। उस समय देश के समाजवादी नेता डॉ. लोहिया एकमात्र नेता थे, जिन्होंने चीन के इतिहास, परंपराओं और महत्वाकांक्षाओं तथा चीन की साम्यवादी सरकार के मंसूबों को दूर तक पहचाना था और इसीलिए जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू और चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई समझौते पर दस्तखत कर रहे थे तब सारे देश का मीडिया उनके गुणगान कर रहा था। एकमात्र व्यक्ति डॉ. लोहिया थे, जो पंचशील समझौते का विरोध कर रहे थे और देश को सावधान कर रहे थे कि चीन से भारत को धोखा होगा, जो 1962 में सही सिद्ध हुआ। इसके बाद हिन्दुस्तान और चीन के संबंधों के बीच जो तार टूटे, उन्हें जोड़ने का प्रयास 1978 में अटल बिहारी वाजपेयी तत्कालीन विदेश मंत्री भारत सरकार ने किया था। यह प्रयास उन्होंने क्यों किया, किसके दबाव में किया? इसके बारे में अलग-अलग प्रकार की समझ है। कुछ का कहना था कि अटल जी का झुकाव अमेरिका की ओर था और अमेरिकी सरकार के इशारे पर ही यह पहल की गई थी, क्योंकि अमेरिका की विदेश नीति चीन के प्रति बदलने लगी थी। हालांकि इस प्रयोग के आरंभ में ही अटलजी को बड़ी शमिर्ंदगी झेलना पड़ी जब वे बीजिंग में देर रात्रि विश्राम में थे, तभी तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की ओर से उन्हें निर्देश देकर वापिस बुलाया गया क्योंकि उनके बीजिंग में रहते हुए ही चीन ने वियतनाम पर हमला बोल दिया था। 1970 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रूस के साथ 15 वर्षीय संधि की थी। यह भारतीय विदेश नीति का रूसी खेमे की ओर स्पष्ट झुकाव था। 1985 में भी इंदिरा गांधी की मौत के बाद जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने तब कई बार उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर चीन का दौरा किया था। और शायद यह भी इसीलिए कि तब तक अमेरिका ने चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों के द्वार खोलने शुरू कर दिए थे। उसके बाद से भारत विदेश नीति के मामले में जिस तरह सदैव अपरिपक्व, असंतुलित और अमेरिका का पिछलग्गू रहा है, वही उसका कारण था। इसी दौर में चीन और अमेरिका के व्यापारिक रिश्ते बड़ी दूर तक परवान चढ़े। इसका एक परिणाम यह हुआ कि चीनी माल से अमेरिका का बाजार भर गया और मानसिक रूप से तथा अघोषित रूप से अमेरिका को अगुवा मानने वाले भारत जैसे देश ने चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों के नाम से रिश्ते बनाना शुरू कर दिये। चीन के लिए दुनिया का बहुत बड़ा बाजार मिल गया और चीन ने श्बाजार समाजवाद्य के नाम से पूंजीवाद का रास्ता अपना लिया। चीन ने साम्यवादीय विचारों को त्याग दिया। साम्राज्यवादी तो वह पहले ही था, अब पूँजीवादी भी बन गया। निजी संपत्ति के ऊपर लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा दिए गए और चीनी उद्योगपति, पूँजीवादी दुनिया और अमेरिका के पूँजीपतियों के बराबर खड़े हो गए। लगभग तीन दशक अमेरिका और चीन के व्यापारिक रिश्ते चलते रहे, परंतु इसका दूसरा परिणाम यह हुआ कि पूंजी में अग्रणी देश बनने के बाद चीन की सुप्त महत्वाकांक्षाएं पुनरू जागृत हो गई। चीन ने आगामी सदी के लक्ष्यों को ध्यान मे रखकर श्वन बेल्ट वन रोड्य के नाम से ऐसी महत्वाकांक्षी योजना का काम शुरू किया जो उसे सड़क मार्ग से यूरोप और ईरान तक जोड़ दे तथा दुनिया के बाजार का नियंत्रण उसके हाथ आ जाए। इसके लिए चीन ने दो महत्वपूर्ण लक्ष्य साधे, एक- चीन में साम्यवादी तानाशाही के चलते मजदूरों के अधिकार लगभग नहीं है, श्रम सस्ता है और इसीलिए चीनी माल पूँजीवादी देशों या मिश्रित अर्थव्यवस्था वाले अन्य देशों की तुलना में बहुत सस्ता है। यह दुनिया के उपभोक्ताओं के लिए एक स्वाभाविक आकर्षण है। दूसरे- अमेरिकी अर्थव्यवस्था की कमजोरी के चलते जो साहूकारी साम्राज्यवाद शुरू हुआ था वह अमेरिका के हाथों से फिसलने लगा और चीन ने उन साहूकारी साम्राज्यवादी ठिकानों को अपनी साहूकारी साम्राज्यवाद के प्रभाव और नियंत्रण में लेना शुरू कर दिया। यह एक प्रकार से दुनिया में अमेरिकी प्रभाव को कम करने वाला और रंगीन दुनिया के बड़े इलाकों में चीनी पूँजी को स्थापित करने वाला था। म्यांमार, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान तक इसी साहूकार वाद साम्राज्यवाद ने चीनी प्रभाव का विस्तार किया। अमेरिका के दबाव या प्रभाव में 1991 में नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल में विश्व बैंक में रह चुके वित्तमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एकतरफा 1 जनवरी 1995 को दुनिया के पूँजीवादी देशों के साहूकारी दस्तावेज के स्वरूप वलर्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के समझौते पर हस्ताक्षर किए और दूसरी तरफ भारत की विदेश नीति जो दक्षिण एशिया संगठन या (सार्क) केन्द्रित थी को बदलकर श्लुक टू दि ईस्ट्य के नाम पर नई विदेश नीति की शुरुआत की। परिणामस्वरूप भारत ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान और सार्क के देशों पर ध्यान देना कम कर चीन की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाना शुरू कर किया। भारत के उद्योग और व्यापार के नेताओं, सरकारी प्रचार तंत्र ने जोर-शोर से प्रचार करना शुरू किया कि अब दुनिया में विदेश नीति का आधार और निर्णायक पक्ष व्यापार ही होगा। यह सब चीन के साथ दोस्ती करने के लिए छिपे तर्क थे, जो देश के आम आदमी के रुझान को बनाते हैं, परंतु भारत और चीन की यह व्यापारिक यारी बहुत दिन तक नहीं चल पाई। चीन स्थित डोकलाम घाटी के भारतीय भू-भाग में चीन ने अपनी सेना का प्रवेश करा दिया तथा गलवान घाटी में तो भारतीय सैनिकों और अधिकारियों को मार-मार कर पीछे किया गया। डोकलाम में जब इस चीनी अतिक्रमण की चर्चा आई तो देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने स्वीकार किया कि चीनी सेना ने भारतीय सीमा पर अतिक्रमण किया है। तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षामंत्री का खंडन करते हुए कहा श्भारत की सीमा में न कोई घुसा है...न ही किसी ने अतिक्रमण किया है, परंतु अब पिछले दिनों और पिछले कुछ वर्षों में पहले स्तर पर भारत और चीन के सन्य अधिकारियों के बीच लंबी चर्चा का दौर चला, फिर भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच विमर्श का दौर चला और अभी कुछ दिनों पूर्व भारत सरकार की यह विज्ञप्ति आई कि चीन और भारत की सेना पीछे हटेंगी और यह प्रक्रिया शुरू हुई। प्रधानमंत्री मोदी से जनता जानना चाहती है कि जब कोई हमारी सीमा में घुसा ही नहीं था तो चीनी सेना कहां से पीछे हटेगी? दरअसल यह प्रधानमंत्री के झूठ का पर्दाफाश है, और भारतीय सीमाओं के साथ किया गया खिलवाड़ है, जो विश्वासघात से कम नहीं है। भारत सरकार को बताना होगा और बताना चाहिए कि क्या चीन के साथ मंत्री स्तर की वार्ता में 1962 में चीन द्वारा कैंजाई गई भारतीय भूमि, तिब्बत की आजादी-अंग्रेजों के द्वारा खींची गई मैकमोहन लाइन तथा डॉ. लोहिया द्वारा बताई गई भारतीय सीमा, जो मैकमोहन लाइन के भी काफी आगे तक है, पर क्या चर्चा हुई।

सवालों के घेरे में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी


अशोक भाटिया

जेईई मेन 2025 सत्र एक का रिजल्ट घोषित हो चुका है, जिसमें राजस्थान के आयुष सिंघल) ने टॉप किया है, दूसरे नंबर पर कर्नाटक के कुशाग्र गुप्ता और तीसरे नंबर पर दिल्ली के दक्ष का एनटीए स्कोर 100 रहा है। वहीं जेईई मेन रिजल्ट को लेकर एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर एक बार फिर से आरोप लग रहे हैं। दरअसल एनटीए ने त्रुटियों के कारण जेईई मेन 2025 फाइनल आंसर-की से 12 प्रश्नों को हटा लिया है, जो अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। ऐसे में एनटीए की निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा आयोजित करने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। प्रश्नों की कुल संख्या 90 से घटाकर 75 करने के बावजूद, त्रुटि दर बढ़कर 1.6% हो गई, जो ऐतिहासिक 0.6% से लिमिट से कहीं अधिक है। एनटीए की पारदर्शिता की कमी है, हटाए गए प्रश्नों की संख्या के बारे में इसके दावों में असंगतता है, जिससे अंडर-रिपोर्टिंग का संदेह पैदा होता है। एनटीए के महानिदेशक पी एस खारोला ने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए से एक जवाब भेजा है जिसमें पाठ्यक्रम विसंगति की चिंताओं को नजरअंदाज किया गया है, जिससे इसकी जवाबदेही के बारे में संदेह गहरा गया है। एनटीए ने दावा किया कि 2023, 2024 और 2025 के सत्र 1 में छह प्रश्न हटाए गए थे, लेकिन 2025 की आंसर-की में 12 हटाए गए प्रश्न सूचीबद्ध हैं। टीओआई के विश्लेषण में पाया गया कि 2023 के सत्र 1 में पांच प्रश्न हटाए गए थे, जबकि 2022 के सत्र 1 और 2 में क्रमशः चार और छह प्रश्न हटाए गए थे। फरवरी और मार्च 2021 की परीक्षाओं में कोई प्रश्न नहीं हटाया गय।। इसके बावजूद, एजेंसी ने अपना बचाव करते हुए कहा, इस साल की रिकॉर्ड-कम चुनौती दर और न्यूनतम त्रुटियां देश भर में इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटि-मुक्त परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एनटीए की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं। देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में इतनी बड़ी संख्या में प्रश्न छूट जाने से संबंधित छात्रों और शिक्षकों के बीच चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन अगर राष्ट्रीय प्रणाली, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को आईआईटी प्रवेश परीक्षा में दर्जनों प्रश्नों को छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है क्योंकि यह गलत है, तो सवाल केवल उच्च शिक्षा के बारे में उठते हैं। पिछले साल नीट-यूजी पेपर लीक के कारण प्रसिद्ध था। अब, जेईई-मेन के अवसर पर, इस साल के प्रवेश परीक्षा सत्र के विवाद परीक्षा प्रणाली की गलतियों के साथ शुरू हो गए हैं जो प्रश्न पूछ रहे हैं। जेईई-मेन परीक्षा में की गई गलतियां। हालांकि, मुख्य सवाल यह है कि परीक्षा आयोजित करने वाले सिस्टम कुशल क्यों नहीं हैं और इसलिए इस पर टिप्पणी करने की आवश्यकता है। जेईई-मेन आईआईटी में पहला कदम है और देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अखिल भारतीय सीटों को भरने के लिए इसके अंकों पर भी विचार किया जाता है। स्वाभाविक रूप से, देश भर से लगभग 15 लाख छात्र हर साल परीक्षा के लिए बैठते हैं। परीक्षा दो सत्रों में होती है, जिनमें से एक जनवरी में हुई थी, जिसे हाल ही में घोषित किया गया था और दूसरा अप्रैल में। प्रणाली के अनुसार, एक प्रश्न पत्र को देश भर में मुद्रित और वितरित किया जाना है, इसलिए परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र के पैर टूटने की संभावना कम है। इस अर्थ में, यह एक अच्छा तरीका है। हालांकि, यह थोड़ा जटिल है कि अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग, लेकिन समान रूप से कठिन, प्रश्नों की आवश्यकता होती है। बेशक, पेपर लीक से बचने के लिए वह भी आवश्यक है। संक्षेप में, एक ही प्रवेश परीक्षा के लिए सैकड़ों प्रश्न तैयार करना जिम्मेदारी है। लेकिन, अगर उनमें से केवल बारह गलत हैं, तो यह कहना हास्यास्पद है, क्योंकि, 'एनटीए जैसी स्वायत्त संस्था से इस विषय पर बहुत सारे सवाल पूछने की जिम्मेदारी लेने की उम्मीद की जाती है। वास्तव में, यह संस्थान की स्थापना के उद्देश्यों में से एक है, जिसके लिए उनके पास देश भर से विषय विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष, जेईई-मेन के पहले सत्र के बाद प्रकाशित उत्तर पुस्तिका पर उठाई गई आपत्तियों को सत्यापित करने के बाद, एनटीए ने अंतिम उत्तर सूची प्रकाशित की और 12 प्रश्नों को छोड़ दिया। इसका मतलब है कि प्रश्न पत्र में 12 प्रश्न गलत थे। भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान के 25 प्रश्नों में से कुछ गलत थे और कुल 12 प्रश्न गलत थे। परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी छात्रों को इन 12 प्रश्नों के पूर्ण अंक मिलेंगे, चाहे छात्र ने प्रश्न हल किया हो या नहीं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंकों के अनुसार सभी को 48 अंक मिलेंगे। चूंकि सत्र अलग-अलग हैं, इसलिए पर्सेंटाइल का समग्र परिणाम पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, प्रश्न में गलतियों के कारण कई नए प्रश्न उठाए जा रहे हैं। इनकी तीव्रता कम नहीं होती। जबकि जनवरी में परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी 12.5 लाख छात्रों को 48 अंक मिलेंगे, क्या होगा यदि कुछ छात्रों ने इन 12 प्रश्नों को हल करने के लिए बहुत शोर मचाया और इससे उन्हें अगले कुछ प्रश्नों को हल करने के लिए बहुत कम समय मिला, या अगले प्रश्नों के बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं मिला और शायद वे अपने उत्तर से चूक गए? माना कि ऐसी घटनाओं को मापा नहीं जा सकता, लेकिन हम इस बात से कैसे इनकार कर सकते हैं कि ऐसा हो सकता था और एनटीए द्वारा उठाए गए गलत सवाल इसके लिए जिम्मेदार थे? एनटीए, एक स्वायत्त निकाय, यह सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किया गया था कि प्रवेश परीक्षा अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीके से आयोजित की जाए। एनटीए ने अपनी वेबसाइट पर विषय विशेषज्ञों, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और सुरक्षा पेशेवरों की मदद से परीक्षा प्रणाली में खामियों को दूर करने के अपने इरादे की भी घोषणा की है। ऐसा क्या है यदि ऐसी गलतियाँ लापरवाही का संकेत नहीं हैं, ऐसी गलतियाँ लापरवाही की निशानी नहीं हैं, जिसके लिए अंग्रेजी में प्रश्न पत्र में एक ही उत्तर का विकल्प सही है, जिसके लिए भारतीय भाषाओं में प्रश्न पत्र में सही उत्तर के दो विकल्प उपलब्ध हैं? पिछले साल, उसी एनटीए द्वारा आयोजित एनईईटी परीक्षा में अनियमितताएं थीं। कई छात्रों, विशेष रूप से कुछ केंद्रों के छात्रों को प्राप्त अंकों पर कई संदेह थे। यहां तक कि अगर पूरी परीक्षा फिर से आयोजित नहीं की गई थी, तो संदेह दूर नहीं हुए थे। क्या यह कहा जाना चाहिए कि ईमानदारी से परीक्षा देने वालों को परीक्षा प्रणाली द्वारा माना गया था? यह सिर्फ जेईई-मेन में हुई 12 गलतियों का सवाल नहीं है, यह एनटीए की विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में है। एनटीए जेईई-मेन, एनईईटी, यूजीसी-एनईटी, जेएनयू प्रवेश परीक्षा, जीपीएटी, सीमैट, आईसीएआर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा, आईआईएफटी की प्रवेश परीक्षा, पीएचडी और इग्नू की ओपनमैट परीक्षा सहित विभिन्न प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा सहित विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं आयोजित करता है। इन सभी प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता हर साल होने वाली गड़बड़ियों के कारण दांव पर है। यह स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के लिए एनटीए जैसी स्वायत्त संस्था की स्थापना की समस्या का हिस्सा है। दूसरा और भी कठिन है। हमारे देश में यथास्थिति के अनुसार कौन सी परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं? कक्षा 12 और 10 की परीक्षा में, अभी भी सामूहिक नकल के बारे में सख्त चेतावनी है, फिर भी नकल है। यह ठीक है कि परीक्षा प्रणाली को दोष नहीं दिया जा सकता है, लेकिन 'उन लोगों के बारे में क्या जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी?' यही सवाल भी बना हुआ है।

मोदी का अमेरिका दौरा उम्मीद से ज्यादा कामयाब रहा

मनोज कुमार अग्रवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे समय में अमेरिका पहुंचे हुए हैं, जब डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति संभालने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव का माहौल बना हुआ है। हाल ही में अमेरिका ने अवैध रूप से रह रहे 104 भारतीयों को वापस भेजा है। हालांकि मुद्दा यह नहीं है, मुद्दा है कि जिस प्रकार से उनको भारत में भेजा गया है, उसको लेकर पूरे देश में नाराजगी देखी जा रही है। दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के शीर्ष नेताओं भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकत पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई थी थी और ऐसे में जब यह मुलाकात पूरी हो चुकी है, तो इसको लेकर विश्लेषण होना स्वभाविक है कि आखिर इस मुलाकात से दोनों देशों के अलावा दुनिया को आखिर क्या हासिल हुआ है। चूंकि ट्रंप के आने बाद से पूरी दुनिया में टैरिफ वार शुरू होने के साथ ही अमेरिका में अवैध रुप से रह रहे लोगों को निकाला जा रहा है, ऐसे में इस मुलाकात पर नजर टिकी थी कि आखिर इस द्विपक्षीय मुलाकात में इन मुद्दों पर क्या चर्चा होती है। अगर देखा जाए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की सालों बाद पहली मुलाकात हुई तो वही दोनों के बीच वही पुरानी दोस्ती ज्यों की त्यों नजर आई। गर्मजोशी, उत्साह, दोस्ती और एक-दूसरे का सम्मान दिखाते हुए दोनों नेताओं ने दिल खोलकर बात की। ऐसा लग रहा था कि काफी अर्से बाद दो पुराने दोस्त मिल रहे हैं और अपनी दोस्ती को और बुलंदियों पर ले जाने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं। लेकिन इन सबके बीच इस मुलाकात के दौरान दोनों ही नेता अपने-अपने देश के हित के लिए भी खड़े दिखाई दिए। दोनों नेताओं ने बीच द्विपक्षीय मुलाकात में ट्रेड, टेक्नोलॉजी, रक्षा, सुरक्षा, कर्जा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में हुई इस अहम बैठक में एफ-35 फाइटर जेट की बिक्री के साथ आगामी 10 वर्षों में भारत संग रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए गए है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को भी बेहतर करने का वादा किया गया है। द्विपक्षीय बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा गया है कि इस साल से अमेरिका भारत को सैन्य बिक्री में कई अरब डॉलर का इजाफा करेगा। वहीं दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए 'मिशन 500' का ऐलान किया गया है। मिशन 500 के तहत 2030 तक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से भी ज्यादा करते हुए 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों नेताओं ने अपने नागरिकों को अधिक समृद्ध, देशों को मजबूत, अर्थव्यवस्थाओं को ज्यादा नए तरीकों से और सप्लाई चेन को ज्यादा लचीला बनाने के लिए व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया है। बयान के अनुसार निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों को गहरा करने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही भारत-अमेरिका के मिशन 500 के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए नई, निष्पक्ष व्यापार शर्तों की आवश्यकता को पहचानते हुए प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभप्रद, मल्टी-सेक्टर द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को पहली किश्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की है। इस पर बातचीत के लिए दोनों नेताओं ने वरिष्ठ प्रतिनिधियों को नामित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई, जो यह भी सुनिश्चित करेंगे कि द्विपक्षीय व्यापार संबंध 'कॉम्पैक्ट' की आकांक्षाओं को पूरी तरह से प्रतिबिंबित करें। घोषणा भी की गई कि कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए उत्प्रेरक अवसर) राष्ट्रों के बीच 'सहयोग के प्रमुख स्तंभों में परिवर्तनकारी परिवर्तन' लाने के लिए एक नई पहल है। पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने अगले दशक के लिए डिफेंस कॉपरेशन फ्रेमवर्क भी तैयार किया। ट्रंप ने ऐलान किया कि अमेरिका भारत को अरबों डॉलर के रक्षा उपकरण बेचेगा और भविष्य में भारत को एफ 35 स्टील्थ फाइटर जेट्स देने की दिशा में भी काम करेगा। साथ ही अमेरिका भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों समेत अधिक तेल, गैस और सैन्य उपकरण खरीदेगा, हालांकि ट्रंप ने साफ कर दिया है कि वाशिंगटन जवाबी शुल्क से भारत को नहीं बख्शेगा। ट्रंप को सबसे अधिक दिक्कत भारत के साथ व्यापार घाटे को लेकर है। अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा 45.6 बिलियन डॉलर है। अमेरिका में औसत टैरिफ 2.2 फीसदी रही है, यहीं भारत में यह औसतन 12 फीसदी है। इसलिए ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाएगा।

काले हुए जा रहे हैं


डॉ टी महादेव राव

हम बाहरी देशों में छिपाए गए काले धन से हमें मिलने वाले पैसों की राह अब तक देख रहे हैं। उस इंतजार ने हमारे ब्राइट फ्यूचर को ब्लैक यानी काला कर दिया। फिर हमें कहा गया कि नोट बंदी से जो काला धन निकलेगा, वह विकास करेगा (पता नहीं किसका विकास?)। उसने भी हमारा मुंह काला कर दिया। हम देश की समस्याओं को छोड़कर मजहबों की मुर्गों की लड़ाई से भी दो चार हुए और हो रहे हैं। हमारा कल्याण तो कुछ हुआ नहीं कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर महंगाई और कर वसूली बढ़ गई तो हम काले पड़ गए ज्यादा मेहनत करने के चक्कर में। अपने द्वारा कल्याण की बात कर वे हमारा कर वसूली का पैसा जब गरीबों में रेवड़ियों सी बांट रहे हैं तो इस असमानतावाद से तारे दिखे और गश खाकर गिर पड़े। बैंक से कर्जा लेकर भागे बड़े बड़े लोग और यहां बैठे बैठे एहसान पाते उद्योगपतियों को देखकर फिर से काला पड़ गया। एक निजी लोन का तीन किश्त न भरा तो काले कपड़ों में आए बोल्डर ने ऐसा ठोंका कि आंखों के नीचे काले धब्बे पड़ गए और मुहल्ले वालों के सामने इज्जत पर कालिख पुत गई अलग से। रात सपने में काले कपड़े पहने काले से भैसे पर बैठे काल यानी यमराज दिखे। हड़बड़ाकर उठ बैठा, देखा बिजली गुल, सारा कुछ काले काले अंधेरे ने घेर लिया। क्या जीवन में सारे रंगों को निगलकर सिर्फ काला रंग रह गया? साथी भुक्तभोगी दोस्तों को बताया तो वे बोले क्यों काले सफेद हो रहे हो (लाल पीले होना मुहावरे का भी रंग बदल दिया)। कृष्ण काले थे कि नहीं। उन्होंने बचपन से लेकर कितने कष्ट झेले। कृष्ण को आदर्श मानो। मैने कहा मैं सुदामा का जीवन जी रहा हूं। पता नहीं कृष्ण कब आएंगे? तुम्हारा दिमाग चल गया है। कुछ दिन आराम। करो। सब ठीक हो जाएगा। अचानक काले काले मेघ आसमान पर छाने लगे। हम पार्क की बैंचों से उठ पाते कि बारिश शुरू हो गई और हमारे चेहरों के काले रंग को और भी उजागर कर दिया।

महाशिवरात्रि और मासिक शिवरात्रि में क्या अंतर है?

महाशिवरात्रि और मास शिवरात्रि को लेकर लोगों में असमंजस रहती है। लेकिन दोनों में अंतर है। सबसे खास अंतर यह है कि महाशिवरात्रि साल में एक बार और मास शिवरात्रि हर महीने पड़ती है।

महाशिवरात्रि भगवान शिव के सभी पूजा-व्रत में सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जिसे फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस साल महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025 को है।

शिवपुराण ईशान संहिता के अनुसार, फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि। शिवलिंगतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः।। इसका अर्थ है कि, फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि आदिदेव शिव करोडों सूर्यों के समान प्रभाव वाले लिंग रूप में प्रकट हुए इसलिए महाशिवरात्रि मनाई जाती है।

वहीं मासिक शिवरात्रि हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को होती है। ऐसे में महाशिवरात्रि और मासिक शिवरात्रि में सबसे बड़ा अंतर यह है कि महाशिवरात्रि जहां वर्ष में एक बार होती है, वहीं मासिक शिवरात्रि हर महीने होती है। इसके अलावा भी दोनों में कुछ खास अंतर है।

मासिक शिवरात्रि और महाशिवरात्रि मनाए जाने की पौराणिक कथाओं में भी अंतर है। महाशिवरात्रि को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। जैसे इस दिन भगवान शिव ने हलाहल विष का पान किया था और इसी दिन शिव-पार्वती का मिलन हुआ था आदि।

ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी पर चंद्रमा सूर्य के करीब होता है और उसी समय जीवनरूपी चंद्रमा का शिवरूपी सूर्य से योग मिलन होता है। सूर्य के पूर्णतः उत्तरायण और ऋतु परिवर्तन का ये समय शुभ माना जाता है।

वहीं मासिक शिवरात्रि से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार शिव क्रोधित हो गए थे, तब पार्वती जी ने उनकी स्तुति की और उनका क्रोध शांत किया।

इसी कारण हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि मनाई जाती है।

वहीं मासिक शिवरात्रि से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार शिव क्रोधित हो गए थे, तब पार्वती जी ने उनकी स्तुति की और उनका क्रोध शांत किया। इसी कारण हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि मनाई जाती है।

सोमवार व्रतकथा, भगवान शिव पूरी करेंगे सभी इच्छाएं

सोमवार के व्रत को लेकर मान्यता है कि इस व्रत को करने से भगवान शिव अपनी भक्तों की मुराद जल्दी पूरी करते हैं। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है। इसलिए इस दिन भगवान शिव की पूजा और व्रत करने का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है। यदि आप सोमवार के व्रत करते हैं तो आपको सोमवार व्रत कथा पढ़ना बेहद जरुरी है। क्योंकि, इसके बिना आपका व्रत अधूरा माना जाता है। आइए जानते है सोमवार व्रत कथा।

सोमवार व्रत कथाः देवों के देव महादेव बहुत ही भोले माने जाते हैं, इसलिए उनका एक नाम भोलेनाथ भी है। पौराणिक मान्यतानुसार, भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए किसी भी तरह के खास विशेष पूजन की आवश्यकता नहीं होती। क्योंकि कहा जाता है कि वह तो भोले हैं और भक्त की मन से की गई क्षणिक मात्र की भक्ति से ही वह प्रसन्न हो जाते हैं। अगर आप भी शिव की भक्ति और कृपा पाने के लिए सावन के सोमवार का व्रत करते हैं तो इस कथा से भोलेनाथ को प्रसन्न कर सकते हैं।

साहूकार को मिला संतान प्राप्ति का वरदान

साहूकार को मिला संतान प्राप्ति का वरदान

एक बार किसी एक नगर में एक साहूकार था। उसके घर में धन की कोई कमी नहीं थी लेकिन कोई संतान न होने के कारण वह बहुत दुखी था। संतान प्राप्ति के लिए वह हर सोमवार को व्रत रखता था और पूरी श्रद्धा के साथ शिव मंदिर जाकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करता था। उसकी भक्ति देखकर एक दिन मां पार्वती प्रसन्न होकर भगवान शिव से साहूकार की मनोकामना पूर्ण करने का निवेदन किया। पार्वती जी के आग्रह पर भगवान शिव ने कहा कि 'हे पार्वती, इस संसार में हर प्राणी को उसके कर्मों का फल मिलता है और जिसके भाग्य में जो हो उसे भोगना ही पड़ता है' लेकिन पार्वती जी ने साहूकार की भक्ति देखकर उसकी मनोकामना पूर्ण करने की इच्छा व्यक्त की। माता पार्वती के आग्रह पर शिवजी ने साहूकार को पुत्र-प्राप्ति का वरदान तो दिया लेकिन उन्होंने बताया कि यह बालक 12 वर्ष तक ही जीवित रहेगा।

साहूकार के पुत्र का कुछ ऐसे हुआ विवाह

माता पार्वती और भगवान शिव की बातचीत को साहूकार सुन रहा था, इसलिए उसे ना तो इस बात की खुशी थी और ना ही दुख। वह पहले की भांति शिवजी की पूजा करता रहा। कुछ समय के बाद साहूकार की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया।

जब वह बालक ग्यारह वर्ष का हुआ तो उसे पढ़ने के लिए काशी भेज दिया गया। साहूकार ने पुत्र के मामा को बुलाकर उसे बहुत सारा धन देते हुए कहा कि तुम इस बालक को काशी विद्या प्राप्ति के लिए ले जाओ। तुम लोग रास्ते में यज्ञ कराते जाना और ब्राह्मणों को भोजन-दक्षिणा देते हुए जाना। दोनों मामा-भांजे इसी तरह यज्ञ कराते और ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देते काशी नगरी निकल पड़े।

इस दौरान रात में एक नगर पड़ा जहां नगर के राजा की कन्या का विवाह था, लेकिन जिस राजकुमार से उसका विवाह होने वाला था वह एक आंख से काना था। राजकुमार के पिता ने अपने पुत्र के काना होने की बात को छुपाने के लिए सोचा क्यों न उसने साहूकार के पुत्र को दूल्हा बनाकर राजकुमारी से विवाह करा दूं। विवाह के बाद इसको धन देकर विदा कर दूंगा और राजकुमारी को अपने नगर ले जाऊंगा। लड़के को दूल्हे के वस्त्र पहनाकर राजकुमारी से विवाह करा दिया गया।

साहूकार के पुत्र के निकले प्राण

साहूकार का पुत्र ईमानदार था। उसे यह बात सही नहीं लगी इसलिए उसने अवसर पाकर राजकुमारी के दुपट्टे पर लिखा कि 'तुम्हारा विवाह तो मेरे साथ हुआ है लेकिन जिस राजकुमार के संग तुम्हें भेजा जाएगा वह एक आंख से काना है। मैं तो काशी पढ़ने जा रहा हूं।' जब राजकुमारी ने चुन्नी पर लिखी बातें पढ़ी तो उसने अपने माता-पिता को यह बात बताई।

राजा ने अपनी पुत्री को विदा नहीं किया फिर बारात वापस चली गई। दूसरी ओर साहूकार का लड़का और उसका मामा काशी पहुंचे और वहां जाकर उन्होंने यज्ञ किया। जिस दिन लड़का 12 साल का हुआ उस दिन भी यज्ञ का आयोजन था लड़के ने अपने मामा से कहा कि मेरी तबीयत कुछ ठीक नहीं है। मामा ने कहा कि तुम अंदर जाकर आराम कर लो।

शिवजी के वरदानुसार कुछ ही देर में उस बालक के प्राण निकल गए। मृत भांजे को देख उसके मामा ने विलाप करना शुरू किया। संयोगवश उसी समय शिवजी और माता पार्वती उधर से जा रहे थे। पार्वती माता ने भोलेनाथ से कहा- स्वामी, मुझे इसके रोने के स्वर सहन नहीं हो रहा, आप इस व्यक्ति के कष्ट को अवश्य दूर करें।

शिवजी की कृपा से जीवित हो उठा साहूकार का बेटा

जब शिवजी मृत बालक के समीप गए तो वह बोले कि यह उसी साहूकार का पुत्र है, जिसे मैंने 12 वर्ष की आयु का वरदान दिया था, अब इसकी आयु पूरी हो चुकी है लेकिन मातृ भाव से विभोर माता पार्वती ने कहा कि हे महादेव, आप इस बालक को और आयु देने की कृपा करें अन्यथा इसके वियोग में इसके माता-पिता भी तड़प-तड़प कर मर जाएंगे। माता पार्वती के पुनः आग्रह पर भगवान शिव ने उस लड़के को जीवित होने का वरदान दिया। शिवजी की कृपा से वह लड़का जीवित हो गया। शिक्षा पूरी करके लड़का मामा के साथ अपने नगर की ओर वापस चल दिया। दोनों चलते हुए उसी नगर में पहुंचे, जहां उसका विवाह हुआ था। उस नगर में भी उन्होंने यज्ञ का आयोजन किया। उस लड़के के ससुर ने उसे पहचान लिया और महल में ले जाकर उसकी खातिरदारी की और अपनी पुत्री को विदा किया।

सबकी मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण

इधर साहूकार और उसकी पत्नी भूख-प्यासे रहकर बेटे की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने प्रण कर रखा था कि यदि उन्हें अपने बेटे की मृत्यु का समाचार मिला तो वह भी प्राण त्याग देंगे परंतु अपने बेटे के जीवित होने का समाचार पाकर वह बेहद प्रसन्न हुए। उसी रात भगवान शिव ने साहूकार के स्वप्न में आकर कहा- हे श्रेष्ठी, मैंने तेरे सोमवार के व्रत करने और व्रतकथा सुनने से प्रसन्न होकर तेरे पुत्र को लम्बी आयु प्रदान की है। इसी प्रकार जो कोई सोमवार व्रत करता है या कथा सुनता और पढ़ता है उसके सभी दुख दूर होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

किसी को परिश्रम करना सिखाना ही सच्चा दान है

एक दानवीर राजा था। राजा की दानशीलता की ख्याति सुनकर एक संत उनके राज्य में आए। वह राजा से मिलने राजमहल पहुंचे और वहां दान लेने वालों की कतार में बैठ गए। राजा ने दान देने के लिए दो कर्मचारी नियुक्त कर रखे थे। जब संत की बारी आई तो वह कर्मचारी से बोले, "भाई मैं आपके हाथ से नहीं, राजा के हाथ से दान लूंगा, अन्यथा खाली हाथ ही लौट जाऊंगा।"

राजा का सख्त आदेश था कि कोई भी याचक खाली हाथ न लौटे। अतः संत की राजा से भेंट करवाई गई। राजा ने हाथ जोड़कर संत से उनकी इच्छा पूछी।

तब संत बोले, "राजन मुझे बस इतना धन चाहिए जिससे मैं स्वर्ग जा सकूं।" राजा ने हैरानी से पूछा, "महात्मन! धन से आप स्वर्ग कैसे जा सकते हैं? कृपया स्पष्ट करें।"

तब संत ने समझाया, "राजन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि केवल दान देने से न तो आप सुखी हो पाएंगे और न ही भिक्षा मांगने वालों के जीवन में कोई परिवर्तन हो पाएगा। आप दान देते रहे तो एक दिन राजकोष खाली हो जाएगा, लेकिन भिक्षा मांगने वालों की कतार कम नहीं होगी।"

राजा ने उपाय पूछा, तो संत ने कहा, "आप जो धन दान में खर्च करते हैं, उससे लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराएं। इससे उन लोगों को काम मिलेगा, जो आज भिक्षावृत्ति पर पलने के आदी हो चुके हैं। आपने उन्हें जो सुविधाएं दी हैं उससे कामचोर हो गए हैं। आप उन्हें परिश्रम करना सिखाइए, यही सच्चा दान होगा।" संत की सीख सुनकर राजा संतुष्ट हो गया।

2025 में दो बार मिलेंगे सूर्य-शनि, करियर के लिहाज से 3 राशियों के लिए है स्वर्णिम साल

सर्य और शनि की युति साल 2025 में दो बार होगी। इसलिए इस साल ज्योतिष के हिसाब से बेहद खास माना जा रहा है। सूर्य-शनि की युति से किन राशियों को करियर के क्षेत्र में लाभ इस साल मिलेगा, आइए जानते हैं।

सूर्य-शनि युति

सूर्य और शनि की युति हर साल एक बार अवश्य होती है। हालांकि दशकों के बाद ऐसा समय आता है जब एक ही साल में सूर्य-शनि 2 बार युति बनाते हैं। ऐसा कुछ साल 2025 में होने जा रहा है। 12 फरवरी को कुंभ राशि में सूर्य और शनि की युति हो चुकी है और इसके बाद मार्च के महीने में सूर्य-शनि मीन राशि में एक साथ होंगे। सूर्य और शनि ग्रह की इस दो बार बनने वाली युति, राशिचक्र की कुछ राशियों के करियर के लिए बेहद खास मानी जा रही है। आज हम आपको इन्हीं राशियों के बारे में अपने इस लेख में जानकारी देंगे।

वृषभ राशि

सूर्य शनि की युति इस साल आपके करियर के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगी। आप जिन कार्यों में भी हाथ डालेंगे, उसमें सफलता आपको हासिल हो सकती है। कड़ी मेहनत का अच्छा परिणाम भी आपको मिल सकता है। पैतृक कारोबार या किसी भी तरह के बिजनेस को शुरू करने के लिए यह साल अनुकूल साबित हो सकता है। बड़े भाई बहनों का भी इस राशि के जातकों को साथ मिलेगा। बेरोजगार लोग मार्च के बाद मनचाही जगह पर नौकरी पा सकते हैं। समाजिक स्तर पर भी आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे, सेल्स के क्षेत्र में हैं तो बड़ी सफलता इस साल मिल सकती है।

सिंह राशि

सिंह राशि के लोगों को सूर्य-शनि की युति के चलते कई अच्छे अवसर मिल सकते हैं। करियर के ग्राफ को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आपको अपने करीबियों का साथ भी मिलेगा। उलझनें इस साल सुलझेंगी और भविष्य को लेकर स्पष्ट रोडमैप आपके पास होगा। सूर्य आपके नेतृत्व करने की क्षमता में भी अच्छे बदलाव ला सकते हैं। अपनी बातों के जादू से लोगों का दिल जीत पाने में भी आप कामयाब होंगे। पारिवारिक जीवन के लिए भी यह साल अच्छा साबित होगा। पार्टनर के साथ मिलकर इस राशि वाले अपना काम शुरू करने का विचार भी बना सकते हैं।

कुंभ राशि

इस राशि के कारोबारियों के लिए 2025 यादगार साल साबित हो सकता है। बीते समय से जो मेहनत आप कर रहे हैं, उसका फल इस साल मिलेगा। शनि देव इस राशि वालों को करियर के क्षेत्र में भी ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। आपके साथ कई बार अचानक से कुछ ऐसा होगा, जिसकी आपने कभी आशा नहीं की थी। नौकरी पेशा लोगों के कार्यों की तारीफ सीनियर्स कर सकते हैं। अगर सरकारी क्षेत्रों में नौकरी पाने की तैयारी में लगे हैं, तो साल के मध्य में आपको सफलता हाथ लगेगी। अपने कलात्मक कौशल से भी आप लोगों के बीच अपना अलग स्थान बना सकते हैं।

अपनी किस्मत का पहिया घुमाएं और कर लें दुनिया मुट्ठी में

हर व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है। जीवन की असली परीक्षा शिक्षा पूरी करने के बाद शुरू होती है, जब व्यक्ति प्रतियोगिता के दौर में स्वयं का मुकाम हासिल करने की कोशिश करता है। कठिन प्रतियोगिता के इस दौर में स्वयं को स्थापित करना किसी चुनौती से कम नहीं होता, इसलिए हर व्यक्ति जी-तोड़ मेहनत करता है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने पर विश्वास रखें। किसी भी कार्य की शुरुआत से पहले अपने अंदर यह विश्वास जगाएं कि आप उस काम को कर सकते हैं। कई बार कठिनाइयों को देखते हुए आप अपना विश्वास खोने लगते हैं। हम जब ऐसा करते हैं तो कई बार उस कार्य को पूरे फोकस से नहीं करते। ऐसा करना सफलता की राह में बड़ी परेशानी बन सकती है।

व्यक्ति को हमेशा सकारात्मक सोचना चाहिए। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। जब आप किसी कार्य को सकारात्मक सोच के साथ करते हैं तो आपको हमेशा यह सोच कर ही काम करना चाहिए कि जो कार्य आप कर रहे हैं, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। अगर किसी काम की शुरुआत में ही आप यह सोच लें कि आप जो कार्य कर रहे हैं, उसमें आपको सफलता नहीं मिलेगी, तो मुमकिन है कि आप उस कार्य में असफल हो जाएं।

क्या इस साल कबीर के साथ घर बसाने वाली हैं कृति सेनन ?

रूमर्ड बॉयफ्रेंड के परिवार से मुलाकात की खबर

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों खूब लाइमलाइट में हैं। हालांकि, इसकी वजह उनकी फिल्में और अभिनय कम, बल्कि पर्सनल लाइफ ज्यादा है। काफी वक्त से कृति सेनन अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ उनके कथित अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृति ने कबीर के माता-पिता ने मुलाकात की है।

अफेयर की खबरों पर साध रखी है चुप्पी

काफी वक्त से कृति सेनन और कबीर के अफेयर की चर्चा है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि, अफेयर की खबरों पर दोनों ने अब तक चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक तौर पर दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, अक्सर इन्हें साथ में फेस्टिवल मनाते और पार्टी में शामिल होते देखा जाता है। अब दोनों के जल्द शादी करने को लेकर खबरें हैं।

माता-पिता से की मुलाकात

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कृति और कबीर साल 2025 में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों परिवार से मिलने के लिए दिल्ली गए हैं। कृति और कबीर को हाल ही में एयरपोर्ट पर साथ में देखा गया। इससे पहले हाल ही में कृति और कबीर को बंगलूरू में एक शादी में साथ देखा गया था। कबीर लंदन बेस्ड बिजनेसमैन हैं।

इस फिल्म में नजर आएंगी कृति

कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात की जाए तो कृति को आखिरी बार 'दो पत्ती' में देखा गया। इसे उन्होंने ही प्रोड्यूस भी किया। इस साल वे आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' का हिस्सा हैं। इस फिल्म में वह काफी हटकर रोल कर रही हैं। फिल्म के टीजर में कृति का लुक, स्टाइल और डायलॉग दर्शकों को काफी पसंद आए हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट साउथ एक्टर धनुष हैं।

अभिनय के लिए छोड़ा डॉक्टर का पेशा, 20 साल से स्ट्रगल कर रहे अभिनेता विनीत सिंह ने 'छावा' में काटा गदर

विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने 31 करोड़ रुपये की कमाई के साथ शानदार ओपनिंग की। 'छावा' में विक्की कौशल के अभिनय को काफी पसंद किया जा रहा है। वैसे तो इस फिल्म के सभी किरदार प्रभावशाली हैं, लेकिन संभाजी महाराज के कवि मित्र की भूमिका में अभिनेता विनीत सिंह ने महफिल लूट ली है। वह अंत तक संभाजी महाराज के साथ कंधे से कंधा मिलाने वाले कवि कलश के दमदार पात्र में नजर आए। विनीत सिंह लगभग 20 वर्षों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि वह आज भी बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विनीत सिंह ने मेडिकल की पढ़ाई की और डॉक्टर का करियर छोड़कर एक्टिंग का रास्ता अपनाया और बेशक वह एक शानदार अभिनेता भी हैं। आइए जानते हैं फिल्म में उनका किरदार कैसा है? साथ ही हम उनकी कुछ बेहतरीन फिल्मों के बारे में भी जानेंगे।

इस किरदार में नजर आए 'मुक्काबाज' अभिनेता

मुक्काबाज' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में अभिनय का जलवा दिखा चुके अभिनेता विनीत सिंह 'छावा' में 'कवि कलश' की भूमिका अदा की है। उन्होंने अपने शानदार अभिनय से इस किरदार को जीवंत कर दिया है। उनका किरदार एक कवि और योद्धा दोनों है। उनका किरदार छत्रपति संभाजी महाराज के घनिष्ठ मित्र का है, जो अंतिम सांस तक उनके साथ रहता है।

वीर रस की कविताओं से फूंकी जान

विनीत सिंह के इस किरदार ने वीर रस की कविताओं से जान

फूंक दी है। उन्होंने अपना किरदार इतनी बखूबी निभाया है कि कविताएं पढ़ते हुए वह एक मासूम कवि नजर आते हैं और जब हाथों में तलवार पकड़कर दुश्मनों के बीच होते हैं तो उनके चेहरे पर रौद्रता झलकती है।

दो दशक से इंडस्ट्री में जारी है विनीत सिंह का संघर्ष

विनीत सिंह बॉलीवुड इंडस्ट्री में लगभग 18 से 20 वर्षों से बने हैं। वह जिस तरह का भी किरदार निभाते हैं उसमें ढल जाते हैं। उनके अभिनय में हमेशा एक नयापन देखने को मिलता है। कई भूमिकाओं से उन्होंने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। ऐसा ही अभिनय उन्होंने 'छावा' में भी किया है।

हुमा से क्यों तंग आईं सोनाक्षी सिन्हा ?

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी के बीच गजब की बॉन्डिंग है। दोनों साथ में घूमती-फिरती और पार्टी करती देखी जाती हैं। इतना ही नहीं, सोनाक्षी की शादी में भी हुमा ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोनों फिल्म 'डबल एक्सएल' में साथ काम कर चुकी हैं। मगर, हाल ही में सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उन्हें हुमा से सुरक्षा चाहिए। आखिर क्या है सच्चाई?

क्या दोनों के बीच हो गई है अनबन?

सोनाक्षी सिन्हा के सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में सुनकर अगर आप सोच रहे हैं कि दोनों के बीच कुछ अनबन हो गई है तो ऐसा नहीं है। दोनों अब भी बहुत अच्छी दोस्त हैं। सोना ने मजाकिया लहजे में इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कुछ पोस्ट शेयर किए हैं। इसमें वे अपनी दोस्त हुमा के साथ मजाक करती दिखी हैं। उनका कहना है कि हुमा हर जगह

उनका पीछा करते-करते पहुंच जाती हैं।

बोलीं- 'मुझे सुरक्षा चाहिए'

सोनाक्षी ने इंस्टा स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें वे और हुमा नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'पीछा करने वाले यहां भी आ गए'। सोनाक्षी कुछ मुंह बनाती दिख रही हैं, वहीं हुमा हंसती-मुस्कुराती हुई। दूसरी फोटो में सोनाक्षी सिन्हा मास्क लगाए नजर आ रही हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'मुझे तुमसे प्रोटेक्शन चाहिए, प्लीज'। उन्होंने इस फोटो के साथ हुमा को टैग किया है।

हुमा कुरैशी ने ली चुटकी

हुमा कुरैशी ने सोनाक्षी का यह पोस्ट अपनी इंस्टा स्टोरी पर फिर से शेयर करते हुए चुटकी ली है। उन्होंने लिखा है, 'प्रोडक्शन बहुत अच्छा है। मेरे लिए एक देसी बॉडीगार्ड भेजी है, जो फ्लाइट में मेरी सुरक्षा कर सके'। उन्होंने सोनाक्षी की फोटो के साथ आगे लिखा है, 'मेरी फीमेल बॉडीगार्ड'। फिलहाल यह क्लियर नहीं है कि दोनों साथ में कहां जा रही हैं। क्या दोनों एक बार फिर कोई फिल्म साथ करने वाली हैं? इस बारे में भी कुछ आधिकारिक जानकारी नहीं है।

चित्तजल्लु कृष्णवेनी का 102 साल की उम्र में निधन, जिसने करवाया था एनटीआर का डेब्यू

मुख्मंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने जताया शोक

तेलुगु अभिनेत्री चित्तजल्लु कृष्णवेनी का रविवार 16 फरवरी को निधन हो गया। वह 102 साल की थीं। वह आंध्र प्रदेश की रहने वाली थीं। अभिनेत्री का जन्म के पश्चिमी गोदावरी जिले के पंगीडीगुडेम गांव में हुआ था।

स्टेज से शुरू किया करियर

अभिनेत्री चित्तजल्लु कृष्णवेनी ने सती अनसूया -ध्रुव (1936) से अपनी फिल्मी यात्रा की शुरुआत की थी। बाद में उन्होंने मिर्जापुरम के राजा मेका रंगैया से शादी की और तेलुगु, तमिल और अन्य भाषाओं की कई फिल्मों में अभिनय किया। उनके निधन से सिनेमा जगत में शोक का माहौल है।

मुख्यमंत्री ने जताया शोक

आंध्र प्रदेश के मुख्मंत्री एन

चंद्रबाबू नायडू ने कृष्णवेनी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- अभिनेत्री और फिल्म निर्माता कृष्णवेनी के निधन से मुझे दुख पहुंचा है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि कृष्णवेनी की आत्मा को शांति प्रदान करें। फिल्म 'मन देशम' के जरिए एनटीआर को फिल्म उद्योग से परिचित कराकर कला जगत को दी गई उनकी सेवा अविस्मरणीय है। मैं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

फिल्म निर्माता के तौर पर भी किया काम

अभिनेत्री की प्रमुख फिल्मों में मोहिनी रुक्मंगदा (1937), कच्चा देवयानी (1938), मल्ली पेली (1939) और गोलाभामा (1947) शामिल हैं। अभिनय के साथ ही उन्होंने फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम किया। उन्होंने तेलुगु फिल्म मन देशम (1949) के निर्माण में नंदमुरी तारक राम राव और प्रसिद्ध संगीत निर्देशक घंटाशाला वेंकटेश्वर राव के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मन देशम फिल्म से ही उन्होंने एनटीआर का डेब्यू करवाया था।

इस पुरस्कार से किया सम्मानित

अभिनेत्री को साल 2004 में रघुपति वेंकैया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने एक पार्श्व गायिका के रूप में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कृष्णवेनी ने मन देशम के अलावा लक्ष्मम्मा, दम्पत्यम और भक्त प्रहलाद जैसी फिल्मों का निर्माण किया है। अभिनेत्री ने अपने करियर में करीब 40 फिल्मों में काम किया।

पांच साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहीं शिल्पा शिरोडकर

अभिनेता सुधीर बाबू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जटाधरा' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बीते शनिवार को इसकी शूटिंग की आधिकारिक घोषणा एक मुहुर्त समारोह के दौरान की गई। हाल ही में बिग बॉस 18 से चर्चा में रहने वाली अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर इस फिल्म में पांच साल बाद वापसी कर रही हैं। इन्होंने इससे पहले साल 2020 में 'गन्स ऑफ बनारस' में काम किया था।

दिव्य आशीर्वाद के साथ जटाधरा की यात्रा शुरू

इस मुहुर्त समारोह के दौरान निर्देशक हरीश शंकर, पुष्पा 2: द रूल के निर्माता रवि शंकर, निर्देशक वेंकी अटलूरी और मोहना कृष्णा इंद्रगांती, अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर सहित नामी हस्तियां मौजूद रहीं। इन सबने एक ताली के साथ फिल्म की ऑफिशियल शूटिंग की शुरूआत का औपचारिक घोषणा की। सुधीर बाबू ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें सब एक साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में सुधीर बाबू लिखते हैं कि दिव्य आशीर्वाद के साथ 'जटाधरा' की यात्रा शुरू करते है। साथ ही टीम के प्यार, समर्थन और ऊर्जा के लिए धन्यवाद देते हैं।

प्राचीन रहस्यों से उठेगा परदा

फिल्म 'जटाधरा' की शूटिंग के लिए सेट हैदराबाद में सज चुका है। दरअसल, मेकर्स ने फिल्म के तीन पोस्टर शेयर किए थे, जिसमें यह हिंदी, अंग्रेजी और तेलुगु भाषाओं में होने की जानकारी मिली थी। एक्शन से भरपूर यह फिल्म रहस्यों से रूबरू करवाती नजर आएगी, जिसमें अनंत पद्मनाभ स्वामी मंदिर की पहेली को उजागर किया जाएगा।

वेंकेट कल्याण के निर्देशन वाली फिल्म 'जटाधरा' का निर्माण जी स्टूडियो द्वारा किया जाएगा। साथ ही उमेश केआर बंसल, प्रेरणा वी अरोड़ा, शिविन नारंग और निखिल नंदा का सहयोग भी फिल्म को मिलेगा। इस फिल्म में सुधीर बाबू के साथ शिल्पा शिरोडकर का भी नाम सामने आ चुका है, जो हाल ही में बिग बॉस 18 से चर्चा में आई थी। यह एक्ट्रेस लगभग पांच सालों से फिल्मों की दुनिया से दूर रही थी। इससे पहले 2020 में 'गन्स ऑफ बनारस' में नजर आ चुकी हैं।

सुधीर बाबू का वर्कफ्रंट

सुधीर बाबू, जिन्होंने गौतम वासुदेव के निर्देशन में बनी फिल्म 'ये माया चेसावे' में सहायक भूमिका से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। 'जटाधरा' फिल्म से पहले सुधीर बाबू 'मां नन्ना सुपरहीरो' में बतौर मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

'लड़कियों पर लांछन लगाना बहुत आसान है', महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर बोलीं भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह

भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। यूं तो अभिनेत्री अक्सर अपने लुक्स ही ज्यादा शेयर करती हैं या अपनी फिल्मों और गानों से जुड़े अपडेट यहां देती हैं। लेकिन, सामाजिक मुद्दों पर भी वे यहां राय जाहिर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे भेदभाव पर बात करती दिखी हैं।

'लड़कियों पर लांछन लगाना आसान'

अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, 'नियत से ही नियति तय होती है, इसलिए नियत अच्छी रखना बाकी लोगों का नजरिया मायने नहीं रखता, क्योंकि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना। लोग लड़का और लड़की को बराबर तो कहते हैं, लेकिन सत्य तो ये है कि लड़कियों पर आज भी लांछन लगाना बहुत आसान है'।

रिलीज हुए होली स्पेशल सॉन्ग

अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अभिनय के साथ-साथ वे अपने अभिनय के लिए भी मशहूर हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अभिनेत्री का होली स्पेशल सॉन्ग रिलीज हुई है। 'कंगना जोगीरा गावे' गाना आज रविवार को टी-सीरीज हमार यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है।

कभी पवन सिंह से जुड़ा नाम

अक्षरा के निजी जीवन की बात करें तो एक वक्त पर उनका अफेयर भोजपुरी एक्टर पवन सिंह के साथ रहा। दोनों का कथित रिलेशनशिप मीडिया की सुर्खियां बना। हालांकि, अब इनका ब्रेकअप हो चुका है। दोनों का रिश्ता एक बुरे मोड़ पर आकर खत्म हुआ। अक्षरा ने पवर सिंह पर मारपीट करने के आरोप भी लगाए।

एकता कपूर की बढ़ीं मुश्किलें, सैनिकों के कथित अपमान की शिकायत पर कोर्ट ने दिया जांच का आदेश

मुंबई के एक अदालत ने शनिवार को फिल्म और टेलीविजन निर्माता एकता कपूर के खिलाफ भारतीय सैनिकों की बेइज्जती करने के आरोप में दायर की गई आपराधिक शिकायत पर पुलिस से जांच करने का आदेश दिया। यह शिकायत एकता कपूर की एक वेब सीरीज को लेकर की गई थी, जिसमें आरोप है कि शो में भारतीय सैनिकों को अपमानित किया गया।

हिंदुस्तानी भाऊ ने की थी शिकायत

बांद्रा के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पुलिस को 9 मई तक इस मामले में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। इस धारा के तहत एक मजिस्ट्रेट आपराधिक शिकायत की जांच कर सकता है, या पुलिस को ऐसा करने का निर्देश दे सकता है। यह शिकायत यूट्यूबर विकास पाठक ने दर्ज कराई है, जिन्हें 'हिंदुस्तानी भाऊ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा इस शिकायत में एकता कपूर, उनके ओटीटी प्लेटफार्म आल्ट बालाजी और उनके माता-पिता शोभा और जितेन्द्र कपूर को भी नामजद किया गया है।

क्या है आरोप?

वकील अली काशिफ खान देशमुख के माध्यम से दायर की गई इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आल्ट बालाजी पर प्रसारित एक वेब सीरीज में एक सैन्य अधिकारी को आपत्तिजनक कृत्य करते हुए दिखाया गया था। शिकायत में कहा गया, आरोपियों ने हमारे देश की गरिमा और शान को शर्मनाक तरीके से नीचे गिराया है, क्योंकि भारतीय सेना की सैन्य वर्दी में राष्ट्रीय प्रतीक के साथ इस तरह के आपत्तिजनक कृत्य को दिखाया गया है।

'सनम तेरी कसम 2' में वापसी पर क्या बोली पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन

साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' री-रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर बेकाबू होकर कमाई कर रही है। मूल रिलीज के वक्त इस फिल्म को किसी ने पानी तक नहीं पूछा था और बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। वहीं, दूसरी पारी में इसने इतिहास रच दिया है और सुपरहिट का तमगा हासिल कर चुकी है। फिल्म के सीक्वल का एलान हो ही चुका है। हर्षवर्धन राणे दूसरे पार्ट में भी नजर आएंगे। लेकिन, क्या लीड अदाकारा के रूप में नजर आईं मावरा हुसैन भी दिखाई देंगी? उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

बोलीं- 'मुमकिन हुआ तो...'

'सनम तेरी कसम' में करीब सवा दो सौ लड़कियों को रिजेक्ट किया गया, उसके बाद उनका सलेक्शन हुआ। दर्शक दूसरे पार्ट में भी उन्हें देखना चाहते हैं। 'सनम तेरी कसम 2' में वापसी की संभावनाओं पर हाल ही में मावरा ने प्रतिक्रिया दी है। सरू की भूमिका अदा करने वाली मावरा ने कहा, 'अगर सीक्वल का हिस्सा बनना मेरे लिए संभव हुआ, तो मैं जरूर बनना चाहूंगी, लेकिन अगर यह संभव नहीं हुआ, तो भी मुझे बुरा नहीं लगेगा'।

'अगर कोई और किरदार करेगा तो भी खुशी होगी'

मावरा हुसैन ने 'सनम तेरी कसम 2' का हिस्सा बनने की इच्छा जाहिर की, लेकिन साथ ही कहा कि अगर कोई और यह भूमिका निभाता है तो भी उन्हें खुशी होगी। री-रिलीज में फिल्म के शानदार प्रदर्शन को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि उनके

निर्माता वास्तव में इस प्यार के हकदार हैं। री-रिलीज में फिल्म को मूल रिलीज की तुलना में दोगुना प्यार मिला है। फिल्म के सितारे और निर्माता-निर्देशक इससे बेहद खुश हैं।

निर्माता दीपक मुकुट की तारीफ में कही ये बात

मावरा हुसैन ने फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट की तारीफ करते हुए कहा कि किसी और से ज्यादा वे इस सफलता के हकदार हैं। अभिनेत्री ने निर्माता को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि फिल्म का सीक्वल और भी धमाकेदार होगा। 2016 में आई फिल्म का नार्देशन राधिका राव और विनय सप्रू ने किया। 07 फरवरी को दोबारा रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली है।

सीक्वल के अधिकार पर क्या बोले दीपक मुकुट

हाल ही में बॉलीवुड हंगामा के साथ एक साक्षात्कार में फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने सीक्वल और इसके सीक्वल से जुड़ी हालिया रिपोर्टों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'सनम तेरी कसम का आईपी मेरा है, क्योंकि मैं इसका निर्माता हूं, इसलिए सीक्वल या प्रीक्वल या रीमेक बनाने के अधिकार मेरे पास हैं। वास्तव में मैंने सितंबर 2024 में हर्षवर्धन राणे के साथ सीक्वल की घोषणा की थी। जहां तक निर्देशकों (राधिका राव और विनय सप्रू) की बात है तो मैंने उनसे कोई चर्चा नहीं की है। उन्होंने मुझसे इस बारे में मुलाकात या बात नहीं की है। मैंने किसी निर्देशक को अंतिम रूप नहीं दिया है।'

एसईएम एक्सपर्ट बन कर लाखों कमाने का मौका

देश के परंपरागत मार्केट के 55 फीसद हिस्से को डिजिटल मार्केट ने टेकओवर कर लिया है। जिसके कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में करिअर की संभावनाएं बढ़ गईं हैं। मौजूदा समय में 2 लाख करोड़ से ऊपर की डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री लगातार ग्रो कर रही है क्योंकि अकेले भारत में 80 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करने लगे हैं। 24 घंटे में 3 घंटे से अधिक ऑनलाइन रहने वाले इन लोगों द्वारा जनवरी, फरवरी और मार्च 2024 में 2 अरब से ज्यादा बार ऑनलाइन खरीदारी की जा चुकी है। आने वाले वर्षों में ये आंकड़ा और बढ़ेगा। डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री 2025 तक कई गुना बढ़ने जा रही है। इसलिए इस सेक्टर में लगातार नौकरियां निकल रहीं हैं। अगर आप भी ग्रेजुएट हैं और नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद से आप शानदार करिअर बना सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग के इस कोर्स से अब तक हजारों युवाओं ने कम समय में आकर्षक सैलरी वाली जॉब हासिल कर ली है।



एसईएम क्या है

सर्च इंजन मार्केटिंग से आपको ये पता चल जाता है कि ऑलाइन प्लेटफॉर्म पर लोग क्या सर्च कर रहे हैं। इसके लिए कंपनियां पैड तरीके से कंपनी पेजेज पर ट्रैफिक हासिल करती हैं। इसे एसईओ का ही एक टूल कहा जा सकता है लेकिन एसईएम सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन से अलग है।

एसईएम मैनेजर की सैलरी क्या होती है

एक औसत कंपनी में एसईओ मैनेजर के रूप में काम कर रहे कैंडिडेट की शुरूआती सैलरी 40 हजार रुपए प्रतिमाह से अधिक होती है। अनुभव होने पर कैंडिडेट को 75 हजार से एक लाख रुपये प्रतिमाह तक कंपनियां आसानी से पे करती हैं। SEM मैनेजर का सालाना पैकेज 3.3 लाख से लेकर 14.6 लाख रुपये महीने तक हो सकता है।

एडवांस डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी

100% जॉब असिस्टेंस
इंटर्नशिप का अवसर
20 टूल्स
10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
8 लाइव प्रोजेक्ट्स व केस स्टडीज
इंटरव्यू प्रिपरेशन
पर्सनॉलिटी ग्रूमिंग सेशन
मॉक इंटरव्यू प्रिपरेशन
स्पोकन इंग्लिश स्किल
इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की मास्टर क्लास
गूगल सर्टिफाइड फैकल्टी
साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

देश की जानी - मानी ऐडटेक कंपनी ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरुआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं। तो फिर देर किस बात की आज ही सफलता से जुड़ें और अपना शानदार करियर बनाएं।

बीसीए, बी.टेक व अन्य ग्रेजुएट छात्र बना सकते हैं शानदार करियर

आज जिस गति से टेक्नोलॉजी का विस्तार हो रहा है उतनी ही तेजी से प्राइवेट सेक्टर जैसे मीडिया, एंटरटेनमेंट, हेल्थ, ई-कॉमर्स, सर्विस इंडस्ट्री इत्यादि में रोजगार के नए अवसरों का सृजन भी हो रहा है। अडवांस डिजिटल मार्केटिंग और ग्रॉफिक्स डीजाइन प्रोग्राम में बढ़ते रोजगार अवसरों को ध्यान में रखते हुए बेहद ही वाजिब फीस में डिजिटल मार्केटिंग के कोर्सेज लांच किए हैं। इन कोर्सेस को अपने घर से ही मोबाइल पर पूरा किया जा सकता है। इन कोर्सेस की सबसे खास बात ये है कि इनमें दाखिला पाने के लिए किसी भी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होगी। इन कोर्सों को करने के बाद अब तक हजारों युवा कम समय में आकर्षक सैलरी वाली जॉब हासिल कर चुके हैं।

मास्टर डिजिटल मार्केटिंग
डिजिटल मार्केटिंग ई बुक
लाखों के पैकेज के साथ शुरू हुआ कॅरिअर

इन 8 कारणों से डिमांड में हैं ये स्किल्स

तेजी से बढ़ी है इनकी डिमांडः एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में करीब 69% कंपनियों को डिजिटल मार्केटर की तलाश है।

आकर्षक सैलरीः इन दिनों इंडस्ट्री में ऐसे प्रोफेशनल्स को आकर्षक सैलरी भी दी जा रही है।

बड़े शहरों में जॉबः डिजिटल मार्केटर की सबसे अधिक मांग मेट्रो सिटी में है। इसलिए नौजवानों को बड़े शहरों में जाकर काम करने का मौका मिलता है। इसके अलावा युवा घर बैठे भी बड़ी कंपनियों में जॉब कर सकता है।

विदेशों में नौकरी के अवसरः इन स्किल्स को सीखने के बाद न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी युवाओं के लिए नौकरी पाने के कई रास्ते खुल रहे हैं।

खुद का बिजनेस शुरू करने का मौकाः डिजिटल मार्केटिंग सीखने के बाद डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी, क्रिएटिव एजेंसी, विज्ञापन एजेंसी जैसे कई बिजनेस की भी शुरुआत कर सकते हैं।

आसानी से करिअर शुरू करने का अवसरः इस सेक्टर में तेजी से हो रही वृद्धि के कारण काम करने वाले कैंडिडेट्स की भारी डिमांड है जिसके चलते नए युवाओं को भी आसानी से जॉब मिल जाती है।

सोशल मीडिया सेलिब्रिटी बनने का मौकाः किसी भी अन्य सेक्टर की तुलना में डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को हर दिन कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता रहता है जिससे वे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनकर भी पैसे कमा सकते हैं।

पाएं विश्वस्तरीय सर्टिफिकेटः इन कोर्सेज को कम्प्लीट करने के बाद न सिर्फ सफलता का कम्प्लीशन सर्टिफिकेट मिलता है बल्कि गूगल, फेसबुक जैसे विश्वस्तरीय सर्टिफिकेट के लिए भी तैयार करता है।

एडवांस डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की खूबी

100 % जॉब असिस्टेंस
100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स कोर्सेज

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी या डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइनिंग जैसे फील्ड में कॅरिअर बनाने की चाह रखने वाले युवा इनकी बेहतर तैयारी के लिए सफलता डॉट कॉम की मदद ले सकते हैं। सफलता द्वारा इस वक्त कई टेक्निकल कोर्सेज के साथ यूपी कॉन्स्टेबल, यूपी लेखपाल तथा अन्य कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी एक्सपर्ट और वर्षों के अनुभव रखने वाले फैकल्टीज के मार्गदर्शन में कोर्सेज चलाए जा रहे हैं। इसलिए अगर आप भी प्राइवेट या सरकारी नौकरी की तलाश में हैं तो आप एक बार सफलता डॉट कॉम पर विजिट जरूर करें और अपनी पसंद के मुताबिक कोर्स में एडमिशन लीजिए जिसके बाद सफलता की फैकल्टी ना केवल आपको प्रोफेशनल बनने के लिए तैयार करेगी बल्कि वो आपका सही कॅरिअर चुनने में मार्गदर्शन भी करेगी।

12वीं के बाद कानून के क्षेत्र में बेहतर विकल्प

इन दिनों देशभर में केंद्रीय बोर्ड और अलग-अलग राज्य बोर्ड की परीक्षाएं चल रहीं है। बारहवीं की परीक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में उच्च शिक्षा को लेकर भी दबाव रहता है कि वे अपना भविष्य किस क्षेत्र में बनाएंगे। 12वीं के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों को भविष्य की चिंता रहती है कि वे किस क्षेत्र में अपने करिअर का निर्माण करें और समाज में अच्छे नाम के साथ ही प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकें। अगर आपको कानून के क्षेत्र में रुचि है तो ला आपके लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। आप ला के क्षेत्र में वकील, जज या प्रोफेसर तक बन सकते हैं। इसके अलावा भी कई विकल्प हैं।

कैसे करें शुरुआत

वकालत के क्षेत्र में करिअर बनाने की शुरुआत आप 12वीं के बाद से ही कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप पांच वर्षीय कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आपको क्लैट, एलएसएटी (ला स्कूल प्रवेश परीक्षा), अखिल भारतीय विधि प्रवेश परीक्षा (एआइएलईटी) में भाग लेना होगा। आप चाहें तो स्नातक करने के बाद भी वकालत का कोर्स कर सकते हैं। आप स्नातक के बाद तीन वर्षीय एलएलबी में प्रवेश ले सकते हैं। कोर्स पूरा करने के बाद आप वकालत करने की डिग्री प्राप्त कर लेंगे। तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आपको ला स्कूल प्रवेश परीक्षा, एमएचटीसीईटी, डीयू एलएलबी, बीएचयू एलएलबी प्रवेश परीक्षा में भाग लेना होगा। इसके अलावा बहुत से संस्थान

बिना प्रवेश परीक्षा के भी ला में दाखिला लेते हैं।

किसी भी क्षेत्र को चुनने के बाद छात्र को सबसे पहले एक अच्छे कालेज का चुनाव करना चाहिए। मौजूदा समय में कानून की डिग्री हासिल करने के लिए कौन सा कालेज आपके लिए सही रहेगा, यह जानने के लिए यहां दी गई जानकारी को अवश्य पढ़ें।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय

भारत में कई विधि कालेज हैं लेकिन कानून की शिक्षा की बात आते ही सबसे पहला नाम आता है राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) का। देश में 22 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय हैं, जिनमें प्रवेश पाना हर ला की तैयारी करने वाले छात्र का सपना होता है। इन

* विश्वविद्यालयों में संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (क्लैट) के तहत प्रवेश होता है।

क्लैट प्रवेश परीक्षा में कौन बैठ सकता है

एनएलयू कंसोर्टियम द्वारा क्लैट का आयोजन किया जाता है। बैचलर आफ लेजिस्लेटिव ला (एलएलबी) के लिए जो उम्मीदवार 12वीं पास कर चुके हैं या बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, वे इसमें आवेदन करने के लिए पात्र हैं। एलएलबी पूरा कर चुके या एलएलबी कार्यक्रम के अंतिम वर्ष के उम्मीदवार क्लैट एलएलएम के लिए आवेदन कर सकते हैं। क्लैट स्कोर के आधार पर एनएलयू के अलावा अन्य कई संस्थान भी प्रवेश लेते हैं।

बीएचयू प्रवेश परीक्षा

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) भी 12वीं पास के लिए पांच साल का इंटीग्रेटेड एलएलबी पाठ्यक्रम कराता है। इसके लिए बीएचयू द्वारा प्रवेश परीक्षा ली जाती है, जिसे बीएचयू ला प्रवेश परीक्षा (बीलैट) के नाम से जानते हैं।

एमएचटीसीईटी

महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित की जाने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा (एमएचटीसीईटी) देश की सबसे बड़ी राज्य स्तरीय ला प्रवेश परीक्षा है। इसके जरिए सरकारी ला कालेज मुंबई, मुंबई विश्वविद्यालय ला एकेडमी समेत कई कालेजों में प्रवेश मिलता है।

एलएसएटी के बाद निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश

ला स्कूल एडमिशन टेस्ट (एलएसएटी) का आयोजन स्कूल एडमिशन कार्डसिल (एलएसएसी) के जरिए किया जाता है। एलएसएटी का आयोजन भारत के कई उच्च निजी ला विश्वविद्यालय और कालेजों में प्रवेश के लिए होता है।

परीक्षा में प्रथम आने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

देश में कुछ ही समय में परीक्षाओं का सिलसिला शुरू होने वाला है. बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही अन्य कक्षाओं के बच्चे भी एग्जाम्स की तैयारियों में जुट गए हैं. अक्सर परीक्षा की तारीख नजदीक आते ही स्टूडेंट्स तनाव का शिकार होने लगते हैं. खासकर कमजोर बच्चे इस दौरान अधिक दबाव महसूस करते हैं. परिवार, रिलेटिव और टीचर्स की ज्यादा उम्मीदों की वजह से कई बार बच्चों में तनाव की स्थिति में पहुंच जाते हैं. ऐसे में अगर आप भी परीक्षा के तनाव से जूझ रहे हैं, तो इसे इन टिप्स की मदद से इसे कंट्रोल कर परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं.

परीक्षा के समय स्ट्रेस को कम करने के लिए निम्नलिखित टिप्स को अपनाएंः

ठीक से पढ़ाई करेंः अच्छी तैयारी और पढ़ाई के बिना स्ट्रेस को कम करना मुश्किल है। एक ठीक से निर्धारित पढ़ाई कार्यक्रम बनाएं और उसे अनुसरण करें।

नियमित आराम और नींदः अच्छी नींद और नियमित आराम से मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद होती है और स्ट्रेस कम होता है।

व्यायाम और योगः नियमित व्यायाम और योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होती है और स्ट्रेस को कम करती है।

सही आहारः स्वस्थ और बैलेंस्ड आहार से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा, जिससे स्ट्रेस कम होगा।

स्वाध्याय और मनोबल बढ़ाने के तकनीकेंः स्वाध्याय और मनोबल बढ़ाने के तकनीकों का अभ्यास करें, जैसे कि प्रशिक्षण, ध्यान, और सकारात्मक विचार।

सही साथी चयनः सही साथी चयन से आप अपनी परेशानियों को शेयर कर सकते हैं और समर्थन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास मजबूत होता है।

नियमित रूप से छुट्टी लेंः नियमित रूप से छुट्टी लेने से आपका मानसिक स्वास्थ्य बना रहता है और आपको स्ट्रेस से बचाव मिलता है।

मनोबल को सहारा देने वाली गतिविधियांः कुछ गतिविधियों जैसे कि संगीत सुनना, किताबें पढ़ना, या अपनी पसंदीदा कार्यों में रमना स्ट्रेस को कम करने में मदद कर सकती हैं।

पॉजिटिव विचारः सकारात्मक विचार बनाए रखने का प्रयास करें और खुद को प्रेरित करें।

प्रेरक प्रेरणाः अपने लक्ष्यों की प्रेरणा लेने के लिए विभिन्न प्रेरक विचारों को पढ़ें और सुनें।

ये टिप्स आपको इम्तिहान स्ट्रेस को कम करने में मदद कर सकती हैं। ध्यान रखें कि हर व्यक्ति अलग होता है, इसलिए आप अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से ये टिप्स अनुकरण करें।

राजस्थान में मेडिकल ऑफिसर के 1480 पदों पर भर्ती; एज लिमिट 45 साल

राजस्थान विश्वविद्यालय स्वास्थ्य विज्ञान (RUHS) ने मेडिकल ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। यह भर्ती पहले सितंबर 2024 में जारी की गई थी जिसके तहत 1,220 पद घोषित किए गए थे। लेकिन अब पदों की संख्या बढ़ाकर 1,480 कर दी गई है।

आवेदन फॉर्म में करेक्शन 25 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक किया जा सकेगा। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट ruhsraj.org पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : एम.बी.बी.एस (MBBS) की डिग्री

उम्मीदवारों को राजस्थान मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है

देवनागरी लिपि में हिन्दी लिखते आना चाहिए

राजस्थानी कल्चर का नॉलेज होना चाहिए

एज लिमिट :न्यूनतम : 22 साल अधिकतम : 45 साल

आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

फीस :

जनरल : 5000 रुपए

राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग : 2500 रुपए

सैलरी :

56700 रुपए प्रतिमाह

सिलेक्शन प्रोसेस :

रिटन एग्जाम

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

एग्जाम शेड्यूल :

उम्मीदवारों की परीक्षा 4 अप्रैल 2025 से आयोजित की जाएगी।

राजस्थान मेडिकल काउंसिल (RMC) द्वारा डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन की प्रोसेस 5 से 6 अप्रैल 2025 तक चलेगी।

ऐसे करें आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट ruhsraj.org पर जाएं।

होम पेज पर दिए गए रिक्रूटमेंट सेक्शन पर क्लिक करें।

यहां कॉन्स्टेबल भर्ती आवेदन लिंक पर क्लिक करें।

रजिस्ट्रेशन करके फॉर्म भरें।

डाक्यूमेंट्स अपलोड करके फीस जमा करें।

फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में 457 पदों पर भर्ती; इंजीनियर्स को मौका

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड यानी आईओसीएल (IOCL) ने अप्रेंटिस के पदों पर भर्तियां निकाली हैं। उम्मीदवारों को इंडियन ऑयल पाइपलाइन्स पोर्टल plapps.indianoilpipelines.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों की नियुक्ति एक साल के लिए की जाएगी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

टेक्नीशियन अप्रेंटिस (मैकेनिकल) ट्रेड : मैकेनिकल इंजीनियरिंग या ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में तीन साल का फुलटाइम डिप्लोमा (या कक्षा 12वीं (एससी)/आईटीआई के बाद लेटरल एंट्री, डिप्लोमा कोर्स के दूसरे साल में एडमिशन) होना चाहिए।

टेक्नीशियन अप्रेंटिस (इलेक्ट्रिकल) ट्रेड : इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 3 साल का फुलटाइम डिप्लोमा (या कक्षा 12वीं (एससी)/आईटीआई के बाद लेटरल एंट्री, डिप्लोमा कोर्स के दूसरे साल में एडमिशन) होना चाहिए।

एज लिमिट :

18 - 24 साल

सिलेक्शन प्रोसेस :

मेरिट के बेसिस पर

स्टाइपेंड :

अप्रेंटिस एक्ट के अनुसार

ऐसे करें आवेदन :

इंडियन ऑयल पाइपलाइन्स पोर्टल plapps.indianoilpipelines.in पर जाएं।

होम पेज पर उपलब्ध करियर लिंक पर क्लिक करें।

एक नया पेज खुलेगा जहां रजिस्ट्रेशन लिंक उपलब्ध होगा।

लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।

अपने अकाउंट में लॉग इन करके फॉर्म भरें।

फॉर्म सब्मिट करें। आगे की जरूरत के लिए इसकी एक हार्ड कॉपी निकाल कर रखें।

भारतीय डाक विभाग में 21,413 पदों पर निकली भर्ती; 10वीं पास को मौका, एज लिमिट 40 साल

भारतीय डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवक के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट indiapostgdsonline.gov.in पर जाकर 3 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

10वीं पास, मैथ्स और साइंस के साथ

स्थानीय भाषा का नॉलेज होना चाहिए।

साइकिल चलाना आना चाहिए।

कंप्यूटर नॉलेज जरूरी है।

एज लिमिट :

18 - 40 साल

एससी, एसटी को 5 साल की छूट मिलेगी

ओबीसी को 3 साल की छूट मिलेगी

पीडब्ल्यूडी को 10 साल की छूट मिलेगी

सिलेक्शन प्रोसेस :

मेरिट लिस्ट

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

फीस :

जनरल, ओबीसी,ईडब्ल्यूएस : 100 रुपए

एससी,एसटी,पीडब्ल्यूडी,महिला, ट्रांस वुमेन : निःशुल्क

सैलरी :

ब्रांच पोस्ट मास्टर (BPM) : 12,000 - 29,380 रुपए प्रतिमाह

असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर (ABPM) : 10,000 - 24,470 रुपए प्रतिमाह

डाक सेवक : 10,000 - 24,470 रुपए प्रतिमाह

जरूरी डॉक्यूमेंट्स :

10वीं कक्षा की मार्कशीट

जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

आधार कार्ड

स्थानीय निवास प्रमाण पत्र

पासपोर्ट साइज फोटो

मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी

ऐसे करें आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट indiapostgdsonline.gov.in पर जाएं।

होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन के लिंक पर क्लिक करें।

जरूरी डिटेल्स दर्ज करके रजिस्ट्रेशन करें।

मांगे गए डाक्यूमेंट्स अपलोड करें।

एप्लिकेशन फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट कर दें।

कुछ बहाने जो हमें सफल होने से रोकते हैं

हम कई बार महसूस करते हैं कि किसी कार्य को शुरू करने से पहले ही हम बहाने बनाने लगते हैं। यही बहाने हमें आगे बढ़ने से रोकते हैं और हमारी सफलता में बाधक बनते हैं। ऐसे बहानों को जितनी जल्दी छोड़ सकते हैं, छोड़ दें।

मेरे पास वक्त नहीं है : हर व्यक्ति के पास हर दिन चौबीस घंटे ही उपलब्ध होते हैं। इसके बाद भी कुछ लोग बुलंदियों पर तो कुछ लोग रसातल पर होते हैं। इसका कारण है कि वे अपने वक्त का सही से प्रबंधन नहीं करते हैं और कहते हैं कि उनके पास समय नहीं है। इसलिए जितना भी समय मिले, जब भी मिले हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ाना चाहिए।

मुझे इसकी जानकारी नहीं हैः कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो इस संसार में सबकुछ सीख कर आया हो। हमें यहीं पर आकर सबकुछ सीखना होता है। अगर आपको कुछ आता नहीं है तो उसे सीख लीजिए। उसके बारे में जानकारी लीजिए और आगे बढ़िए लेकिन इस बहाने से बचिए कि आपको जानकारी नहीं है।

अगर में विफल हो गया तो किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले ज्यादातर लोगों के सामने यही मुद्दा होता है। सफलता और विफलता की बात तो तब आएगी जब आप कार्य को शुरू करेंगे। कार्य को शुरू करने से पहले ही सफलता या विफलता के बारे में सोच लेना सही नहीं हैं। इसका आकलन करना जरूरी है। लेकिन इस बहाने से बचकर ही लोग सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं।

शेयर मार्केट में हाहाकार के बीच दो कंपनियों ने की कमाई, रिलायंस को 67,526.54 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में पिछले पूरे हफ्ते गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप में सामूहिक रूप से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,644.6 अंक या 3.36 प्रतिशत टूटा है, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 810 अंक या 3.41 प्रतिशत का नुकसान रहा है।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (SBI), हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 2,03,952.65 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। सप्ताह के दौरान रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 67,526.54 करोड़ रुपये घटकर 16,46,822.12 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का मूल्यांकन 34,950.72 करोड़ रुपये घटकर 14,22,903.37 करोड़ रुपये पर आ गया। म

किन कंपनियों का बढ़ गया मार्केट कैप

एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 28,382.23 करोड़ रुपये घटकर 12,96,708.35 करोड़ रुपये पर और आईटीसी की 25,429.75 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,13,699.85 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 19,287.32 करोड़ रुपये घटकर 7,70,786.76 करोड़ रुपये पर आ गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 13,431.55 करोड़ रुपये घटकर 6,44,357.57 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 10,714.14 करोड़ रुपये घटकर 5,44,647 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 4,230.4 करोड़ रुपये घटकर 5,20,082.42 करोड़ रुपये रह गया।

इस रुख के उलट भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 22,426.2 करोड़ रुपये बढ़कर 9,78,631.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 1,182.57 करोड़ रुपये बढ़कर 8,88,815.13 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

खाद्य तेल की कीमतें एक साल में 39 फीसदी तक बढ़ीं

फिर बेपटरी हो सकती है तेजी से घट रही खुदरा महंगाई दर

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। खाने वाले तेल की कीमतें एक बार फिर तेजी से बढ़ रही हैं। एक साल में इनके दाम 39 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अगर यही रुझान रहा तो पिछले तीन महीने से तेजी से घट रही खुदरा महंगाई दर फिर बेपटरी हो सकती है। इससे विकास को बढ़ावा देने और रेपो दर में कटौती की आरबीआई की योजना को भी झटका लग सकता है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मूंगफली तेल के दाम 14 फरवरी, 2024 को 190 रुपये लीटर थे, जो अब 192 रुपये लीटर के पार पहुंच गया है। सरसो तेल का दाम इसी दौरान 136 से 169 रुपये लीटर हो गया है। यानी 24 फीसदी की बढ़त हुई है। वनस्पति तेल का भाव 21 प्रतिशत तेजी के साथ 151 रुपये लीटर हो गया है, जो एक साल पहले 125 रुपये लीटर बिक रहा था।

आंकड़े बताते हैं कि सोयातेल भी 19 फीसदी महंगा हुआ है। इसका दाम 122 से बढ़कर 145 रुपये लीटर पर पहुंच गया है।

सूरजमुखी तेल 27 फीसदी महंगा हुआ है। इसका दाम 123 से बढ़कर 156 रुपये लीटर पर पहुंच गया है। सबसे अधिक 39 फीसदी की तेजी पाम तेल में आई है। एक साल पहले इसकी कीमत 99 रुपये लीटर थी, लेकिन अब यह 137 रुपये के पार हो गया है।

पाम तेल का असर रोजाना उपयोग वाली वस्तुओं पर

पाम तेल महंगा होने से रोजाना उपयोग वाली वस्तुओं पर पड़ता है। एफएमसीजी कंपनियां अपने उत्पादों जैसे साबुन, शैंपू आदि को बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पाम तेल का उपयोग करती हैं। ऐसे में इसकी तेजी से इन वस्तुओं की महंगाई दर बढ़ जाती है। हाल में एफएमसीजी कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमतों में अच्छी खासी बढ़त भी की है।

पिछले एक साल के दौरान आलू और प्याज भी महंगे हो गए हैं। हालांकि, इस समय अन्य सब्जियां काफी सस्ती हैं। आलू एक साल पहले 22 रुपये किलो बिक रहा था, जो अब 25 रुपये किलो के पार है। इसी तरह प्याज भी 32 रुपये से बढ़कर 36 रुपये किलो पर पहुंच गया है। हालांकि, खुदरा बाजारों में इनकी कीमतें इससे भी ज्यादा है।

टमाटर थोक भाव में 3 रुपये किलो, नहीं निकल रही लागत

उधर, टमाटर की कीमतें अब तीन रुपये किलो थोक भाव में आ गई हैं। हालात यह है कि कीमतें इतनी कम होने से अब किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। इस वजह से वे टमाटर को खेतों में ही छोड़ रहे हैं। हालांकि, खुदरा बाजार में यह अभी भी 20-25 रुपये किलो बिक रहा है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में टमाटर किसानों को बहुत ज्यादा घाटा हो रहा है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग, जशपुर, महासमुंद, मुंगेली, बालोद जिले में बड़े पैमाने पर टमाटर उत्पादन व उसका निर्यात होता है। यहां थोक में 2 रुपये तो खुदरा में 5 रुपये टमाटर बिक रहा है।

छत्तीसगढ़ के कारोबारी बताते हैं कि यहां का टमाटर महाराष्ट्र, बंगाल व अन्य प्रदेशों में जाता था, लेकिन इस साल दूसरे राज्यों में टमाटर का उत्पादन अच्छा हुआ है। इसके अलावा पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल व अन्य पड़ोसी देशों में राज्य का टमाटर जाता था। कुछ सालों से नेपाल छोड़ अन्य देशों में आपूर्ति बंद है।

भूटान के बाद अब बांग्लादेश में भी स्टारलिंक! भारत में अब आएगी एलन मस्क की कंपनी?

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। भूटान के बाद हमारे एक और पड़ोसी देश में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू कर सकती है। स्टारलिंक करीब 100 देशों में अपनी सेवा देती है और जल्दी ही इस लिस्ट में बांग्लादेश का नाम भी जुड़ सकता है। बांग्लादेश सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने एक ट्वीट में खुद यह जानकारी दी है। हालांकि कंपनी ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यूनुस ने दावा किया कि उन्होंने स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करवाने के लिए संभावित सहयोग पर मस्क के साथ चर्चा की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके देश में जल्द ही यह सेवा शुरू हो जाएगी।

यूनुस ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में लिखा कि बांग्लादेश में स्टारलिंक की सर्विस शुरू करने के लिए मस्क ने पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड और कम लागत वाली इंटरनेट कनेक्टिविटी बांग्लादेश में डिजिटल विभाजन को पाट सकती है। इससे पिछड़े इलाकों में एजुकेशन, हेल्थ सर्विसेज और इकनॉमिक ग्रोथ को सशक्त बनाया जा सकता है।

भारत में कब होगी एंट्री

स्टारलिंक ने हाल में भूटान में भी अपनी सर्विस शुरू की है। कंपनी ने भारत में भी लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। मस्क ने हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि जल्दी ही स्टारलिंक और टेस्ला की भारत में एंट्री हो सकती है।

डीरेगुलेशन कमीशन बनाने का तैयारी में सरकार, पीएम मोदी ने किया ऐलान, क्या होगा इसका काम?

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक ग्लोबल बिजनेस समिट में कहा कि समाज में सरकार का दखल और कम हो, इसके लिए सरकार एक डीरेगुलेशन कमीशन बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें रिफॉर्म्स से बचती थीं। आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि वह 'कंपल्शन' के चलते हुआ, लेकिन आज भारत जो रिफॉर्म कर रहा है, वह 'कन्विक्शन' से कर रहा है। प्राइवेट सेक्टर को स्टेबल पॉलिसी का भरोसा देते हुए पीएम ने कहा, 'विकसित भारत की असली नींव विश्वास है।'

पैरिस में एआई समिट का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा, 'आज भारत ग्लोबल फ्यूचर के विमर्श के केंद्र में है और कुछ चीजों में उसकी अगुवाई भी कर रहा है।' उन्होंने ओडिशा, हरियाणा और दिल्ली चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यह इस बात का सबूत है कि देश की जनता विकसित भारत के लक्ष्य के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही एक 'डीरेगुलेशन कमीशन' बनाएगी। इस कमीशन का काम समाज पर नियमों का बोझ कम करना और सरकारी दखलंदाजी घटाना होगा। यानी यह कमीशन उन तमाम नियम-कानूनों को देखेगा जो लोगों और व्यापारियों के लिए मुश्किल पैदा करते हैं।

क्या करेगा कमीशन

पीएम ने कहा, 'हमने सैकड़ों नियम-कानून खत्म किए हैं। अब 'जन विश्वास 2.0' के तहत हम और भी नियमों को आसान बना रहे हैं। समाज में सरकारी दखलंदाजी कम करने के लिए एक 'डीरेगुलेशन कमीशन' भी बनाया जा रहा है। पिछले 10 सालों में सरकार ने नियम-कानूनों को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। मोदी ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र को देश के विकास में एक अहम साथी मानती है। उन्होंने कहा कि पहले व्यापार करने में डर लगता था, लेकिन अब व्यापार करना आसान हो गया है। सरकार ने हालिया बजट में टैक्स में जो छूट दी है, उससे मध्यम वर्ग को मजबूती मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	कुंभ मे	कुंभ...	06-29 बजे
चंद्र-	कन्या मे	मीन....	08-08 बजे
मंगल	मिथुन मे	मेष....	09-44 बजे
बुध-	कुंभ मे	वृष....	11-28 बजे
गुरु-	वृष मे	मिथुन..	13-29 बजे
शुक्र-	मीन मे	कर्क....	15-21 बजे
शनि-	कुंभ मे	सिंह....	17-54 बजे
राहु-	मीन मे	कन्या...	20-00 बजे
केतु-	कन्या मे	तुला....	22-06 बजे
		वृश्चिक.	00-16 बजे
		धनु.....	02-29 बजे
		मकर...	04-49 बजे

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-46 सूर्यास्त. 18-14
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- पंचमी . 04-52 तक उपरान्त षष्ठी
मास - फाल्गुन कृष्ण , सोमवार 17 February
नक्षत्र - चित्रा 07-34 अहोरात्र तक स्वाति
योग - शूल 08-53 तक उप गण्ड
करण- कौलव 15-33 तक उप तैतिल
विशेष:- मुदगर योग
व्रत -त्योहार -

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 08:10 से 09:37 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
अमृत	06:46 - 08:10 शुभ	चंचल.	18:14 - 19:51 शुभ
काल	08:10 - 09:37 अशुभ	रोग	19:51 - 21:24 अशुभ
शुभ	09:37 - 11:03 शुभ	काल	21:24 - 22:57 अशुभ
रोग	11:03 - 12:30 अशुभ	लाभ	22:57 - 00:30 शुभ
उत्पात	12:30 - 13:57 अशुभ	उत्पात	00:30 - 02:03 अशुभ
चंचल	13:57 - 15:24 शुभ	शुभ	02:03 - 03:36 शुभ
लाभ	15:24 - 16:51 शुभ	अमृत.	03:36 - 05:09 शुभ
अमृत.	16:51 - 18:14 शुभ	चंचल.	05:09 - 06:46 शुभ

आपका राशिफल

मेष (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)

आप इस समय परिस्थितियों के गहन अर्थ को समझने की कोशिश में रहेंगे ! आप हाल ही में अपने पुरे किये गए कार्यों की समीक्षा करेंगे और अपने काम को और बेहतर बनाने के तरीके पर गौर करेंगे । हालांकि वित्तीय प्रबंधन आपके लिए मुश्किल साबित हो सकता है । आपके लिए धन संचित करना मुश्किल होगा !

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)

व्यावहारिक स्थिति आज आपको काफी तीव्रता से काम करने के लिए मजबूर कर रही हैं, पर आपका मन अपने परिवार के साथ समय बिताने में अधिक रुचिकर दिखेगा। इसलिए, आपको दक्षता से अपनी दोनों प्रतिबद्धताओं को निभाना होगा । आप अपने काम को नजरअंदाज न करें , हालाँकि आपका मन इधर उधर भागेगा । आप उन दोनों के संतुलन के लिए अपने खाली समय या अपने दोपहर के भोजन के घंटे और अवकाश के समय के बाद का समय उपयोग कर सकते है ।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)

आप समय के महत्व को जानते हैं और आप आज एक लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। आप सही रास्ते पर हैं। कड़ी मेहनत करे , सफलता आप से दूर नहीं है। आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसलिए आप व्यापार और शेयरों में कुछ जोखिम ले सकते हैं । आय के नए अवसर आज दिखाई दे सकते हैं। आगे जाने से पहले अपने शुभचिंतकों से परामर्श करें।

कर्क (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)

कुछ बड़ी चीजे आपके कार्य क्षेत्र में आपका इंतज़ार कर रही है । आपको कुछ समय से अपने कार्य के प्रति प्रशंसा नहीं मिल रही थी ,ये पूरी तरह से आज गायब हो जाएगा और आपको उच्च वेतन और अधिक भत्तों के साथ एक दूसरी जगह नौकरी मिल सकती है जो आपकी सोच से परे थी , हालांकि इस नौकरी के लिए आपका स्थानांतरण हो सकता है, इसलिए इस निर्णय पर विवेकतापूर्ण विचार करे और परिवार के अन्य सदस्यों की राय को भी इसमें शामिल करे।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)

आप लंबे समय से एक ही परियोजना पर काम कर रहे है , इसलिए आपका दिन आज आपको नीरस लग सकता है। ये आपकी प्रगति के लिए हानिकारक है , इसलिए जितनी जल्दी हो सके बदलाव लाने के लिए आप कोशिश करे । हालांकि तब तक अपने सहकर्मियों के साथ सौहार्दपूर्ण रिश्ते का आनंद लें क्योंकि उनमें से एक बहुत सुरक्षित रूप से आपको संगठन से बाहर का रास्ता खोजने में मदद कर सकता है।

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)

हास्य की आपकी भावना आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है, अपने आप को और अपने वरिष्ठ अधिकारियों के बीच की खाई को पाटने के लिए यह सबसे उपयुक्त है । बोले गए कठोर शब्दों को अपने दिल में न रखे बल्कि ये कठोर शब्द के बारे में सोचे क्यों की ये बोले गए कठोर शब्द ही आपको आगे ले जाने में मदद करेंगे । आज अप्रत्याशित स्रोतों से धन प्राप्ति के संकेत है ।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)

आज आपको नौकरी की संभावनाओं के बारे में कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आपको अपनी पसंद की कंपनियों में एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। आज उभरते हुए लेखकों के लिए यह एक महान दिन हो सकता है क्यों की आपके लेख या आपकी पुस्तक प्रसिद्ध प्रकाशक के द्वारा प्रकाशित हो सकती है । आपका करियर अब पूरी तरह से एक नए रूप में शोभित होगा ।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)

आज काफी सारी बाते आपके ध्यान देने योग्य होगी जिससे आप का सब पर ध्यान लगाना मुश्किल होगा । ज्यादा तनाव न पाले । बैठ कर शांति से निर्णय के बारे में सोचे और उसके अनुसार कार्य करे । आज आप एक पुराने दोस्त से मिल सकते है। कोई जानकर आपके सामने एक दिलचस्प प्रस्ताव रख सकता है जिसको जानकर आप लालायित हो सकते है परन्तु सोच समझकर निर्णय ले ।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)

आज आपको ऐसे लोगों का सामना करना पड़ सकता है जो अपने दृष्टिकोण और मांग में काफी तेज होंगे , लेकिन अपने पेशेवर लाभ और अपनी कंपनी के प्रचार के लिए ये सब आपको झेलना और सहना पड सकता है , हालांकि आपके शांति और धैर्य को देखकर , एक सफल विज्ञापन एजेंसी व्यापार के लिए आपसे संपर्क कर सकती हैं और अगर सब कुछ ठीक रहता है तो आपको एक उन्नत पद पर पदोन्नत किया जा सकता है ।

मकर (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)

रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है । आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है , जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है । आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है और आप अपने कार्य क्षेत्र को परिवार की तुलना में ज्यादा महत्व देंगे ।

कुंभ (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)

आज के दिन आपका जोर निवेश और धन पर रहेगा । अपने आप पर नियंत्रण रखे ! आज के दिन सम्पति के बारे में खोज खबर कर सकते है पर किसी भी तरह के धन वृद्धि उद्यम में न फंसे । वेतन वृद्धि के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारीयों पर दबाव न डाले । इसके लिए अभी सही समय नहीं है । उत्तम रहेगा की अपने वर्तमान संगठन में अधिक ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करे ।

मीन (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)

आज बड़ी और छोटी सफलताएं आपके कार्य क्षेत्र में दस्तख़त दे रही है । आपके द्वारा एक समय में प्रदान की गई सेवाओं के लिए आपको कुछ भुगतान प्राप्त हो सकता हैं या आपको एक अप्रत्याशित बोनस मिल सकता है। एक लंबे समय से जो पदोन्नति अटकी हुई थी वह आपको मिल सकती है या आपका पद उँचा हो सकता है और अलग से एक केबिन आपको मिल सकता है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

वेडिंग सीजन में ग्राहकों से दूर भाग रहा सोना, चांदी भी लगा रही रेस, मिठाई के दाम पर भी असर

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। वेडिंग सीजन के बीच सोने और चांदी की बढ़ रही रेकॉर्ड तोड़ कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। आलम यह है कि शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों फिर से उछाल आया है। जिसकी वजह से सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम लगभग 89 हजार हो गई है। वहीं, चांदी ने भी प्रति किलो एक लाख रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है। कारोबारियों का कहना है कि इसकी वजह से व्यापार पर काफी असर पड़ रहा है। ग्राहक से लेकर कारोबारी सोने और चांदी की खरीद में कटौती कर रहे हैं।

दरीबा जूलर्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट तरुण गुप्ता बताते हैं कि सोने की कीमत रेकॉर्ड तोड़ती हुई आगे बढ़ रही है। दिवाली के समय प्रति 10

ग्राम सोने की कीमत लगभग 80 हजार रुपये थी, लेकिन अब फरवरी में इसकी कीमत लगभग 89 हजार के पास पहुंच गई है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। वहीं, कूचा महाजनी के एक सर्राफा कारोबारी बताते हैं कि शादियों का सीजन जारी है। ऐसे में सोने की बढ़ रही कीमत ग्राहकों से लेकर कारोबारियों के लिए चिंता बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि अधिक कीमत की वजह से लोग खरीद में कटौती कर रहे हैं। यानी जो ग्राहक 10 ग्राम सोने की अंगूठी खरीदने की प्लानिंग से आता है, वह 5 ग्राम की अंगूठी खरीद रहा है। यह हाल सिर्फ ग्राहकों का ही नहीं, बल्कि कारोबारियों का भी है। सीमित बजट होने की वजह से कारोबारी भी कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है।

सोने की बढ़ रही कीमत के पीछे का गणित

तरुण गुप्ता बातते हैं कि दुनिया भर में हर साल 2200 टन सोने का उत्पादन होता है। लेकिन कोविड के बाद हालात में बदलाव आया। 2021 में दुनियाभर के बैंकों ने एक बैठक की, जिसमें उन्होंने हर साल 1 हजार टन सोना खरीदने का फैसला लिया है। इसमें इंडिया के भी बैंक शामिल हैं। जिसके बाद से पूरे उत्पादन का बड़ा हिस्सा बैंक खरीद रहे हैं। इस वजह से मार्केट में डिमांड अधिक है और सप्लाई कम है। नतीजतन, सोने की कीमत लगातार बढ़ रही है। आशंका है कि आने वाले दिनों में सोने के भाव और हाई हो सकते हैं।

चांदी के भाव से मिठाई के दाम पर असर

सोने के साथ अब चांदी की भी महंगी हो गई है। पिछले साल धनतेरस में चांदी की कीमत रेकॉर्ड तोड़ एक लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई थी, जिसकी वजह से लोग परेशान हो गए थे। जिसके कुछ दिनों के बाद से चांदी की कीमत में गिरावट आने लगी, लेकिन फिर से चांदी के तेवर बढ़ गए हैं। शुक्रवार को सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत प्रति किलो 1 लाख रुपये का आंकड़ा पार कर गई है। कारोबारियों का दावा है कि चांदी की बढ़ी कीमत से बाजार पर काफी असर पड़ेगा। खासकर चांदी वर्क वाली मिठाइयों की कीमत में उछाल आ सकता है।

लगातार तीसरे साल सिकुड़ने जा रही जर्मनी की इकॉनमी भारत को जल्दी मिलने वाली है गुड न्यूज!

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही इकॉनमी है।

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि अगले कुछ साल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। लेकिन इसके लिए भारत को शायद ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि जर्मनी की इकॉनमी के इस साल भी निगेटिव ग्रोथ रहने की आशंका है। जर्मन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की मानना है कि इस साल देश की इकॉनमी में 0.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। इससे पहले साल में 2023 में देश की इकॉनमी में 0.3% और 2024 में 0.2% की गिरावट आई थी। जर्मनी यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी होने के साथ-साथ दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी है।

भारत 4.27 ट्रिलियन डॉलर के

साथ अभी दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है। उससे आगे अमेरिका (30.34 ट्रिलियन डॉलर), चीन (19.53 ट्रिलियन डॉलर), जर्मनी (4.92 ट्रिलियन डॉलर) और जापान (4.39 ट्रिलियन डॉलर) हैं। जापान की इकॉनमी के इस साल 1.1% की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है जबकि भारत की इकॉनमी की रफ्तार 6.5% रह सकती है। यानी इसी साल जापान और जर्मनी को पछाड़कर भारत दुनिया कि तीसरी बड़ी इकॉनमी बन सकता है।

नहीं करना होगा ज्यादा इंतजार

आईएमएफ के मुताबिक साल 2029 तक भारत दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। तब भारत की जीडीपी का साइज 6.44 ट्रिलियन डॉलर होगा। जर्मनी 5.36 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथे और जापान 4.94 ट्रिलियन डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर होगा। लेकिन जिस तरह से जर्मनी की इकॉनमी में गिरावट आ रही है और जापान की इकॉनमी सुस्त पड़ रही है, उससे लगता है कि भारत को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा।

नीता अंबानी को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और समाज में असाधारण योगदान के लिए मिला सम्मान

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और समाज में असाधारण योगदान के लिए मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली की ओर से प्रतिष्ठित गवर्नर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

रिलायंस फाउंडेशन ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पोस्ट में कहा गया, यह प्रशस्ति पत्र शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उनके परिवर्तनकारी प्रभाव के लिए नीता अंबानी की सराहना करता है, जिससे भारत और विश्व भर में लाखों लोगों को लाभ हुआ है।

प्रशस्ति पत्र के अनुसार उन्होंने (नीता अंबानी ने) भारत और उसके बाहर लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। बोस्टन में यह प्रशस्ति पत्र दिए जाने के अवसर पर नीता अंबानी ने एक शानदार हाथ से बुनी शिकारगाह बनारसी साड़ी पहनकर भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत का परिचय दिया। यह साड़ी जटिल कड़वा बुनाई तकनीक और पारंपरिक कोन्या डिजाइन की विशेषता वाली भारतीय शिल्प कौशल की एक उत्कृष्ट कृति है।

मंत्री संग मीनल का डांस, कार्टून में ढेबर को रोते दिखाया

भूपेश बोले-कुनकुरी में सुशासन की हार, सीएम बोले-निकायों को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया

रायपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने सभी 10 नगर निगमों में कब्जा जमाया है। रिजल्ट के बाद बीजेपी-कांग्रेस में वार पलटवार जारी है। बीजेपी ने कार्टून जारी कर कांग्रेस नेताओं को घेरा। एजाज ढेबर को रोते और जनता से मार खाते दिखाया। भूपेश बघेल को घर का भेदी लंका ढाए बताया है।

इसके साथ ही कुनकुरी और पाटन में चुनाव पर तनातनी दिखी। भूपेश बघेल ने कहा कि सीएम साय के क्षेत्र में भाजपा की हार उनके कथित 'सुशासन' की हार है। बैज ने ईवीएस पर सवाल उठाए हैं। वहीं सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने निकायों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। इसके अलावा रिजल्ट के बाद डिप्टी सीएम साव लोरमी में डांस करते दिखे। रायपुर में महापौर मीनल चौबे मंत्री रामविचार नेताम के साथ डांस करती दिखी। वहीं धमतरी में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी मनीषा पटेल ने हार के बावजूद जीत जैसा जश्न मनाया। इसके

अलावा राजनांदगांव में कांग्रेस नेता और पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने भाजपा पार्षद की जीत पर आरती उतारी और तिलक लगाया।

बीजेपी ने सोशल मीडिया पर कुछ कार्टून जारी किए हैं। इनमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, रायपुर के महापौर रह चुके एजाज ढेबर, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को दिखाया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव परिणाम हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं आए, लेकिन जनादेश स्वीकार्य है। ईवीएम से मतदान तय हुआ, लेकिन इसमें वीवीपीएटी की व्यवस्था नहीं की गई, जबकि ईवीएम के मामले में सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि वीवीपीएटी को जोड़ा जाना चाहिए।

बैज ने कहा कि प्रदेश में मतदान के दौरान 100 से ज्यादा जगहों से ईवीएम बंद होने और खराब होने की शिकायतें आईं। किसी तरह मतदान पूरा हुआ। भाजपा ने इस जीत के लिए तमाम तरीके के अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाए।भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज होगी। सीएम साय के क्षेत्र कुनकुरी नगर पंचायत में बीजेपी हार गई है। इस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में भाजपा की हार उनके कथित 'सुशासन' की हार है। जुमलों की 'गारंटी' से जनता का भरोसा उठ चुका है।

भूपेश बघेल ने कुनकुरी नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनयशील गुप्ता सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी।

बीजेपी ने इस पर पलटवार किया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल को उनके क्षेत्र पाटन में कांग्रेस की हार को लेकर घेरा। भाजपा ने भूपेश बघेल के पाटन का रिपोर्ट कार्ड नाम से एक पोस्टर भी जारी किया। वहीं सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने निकायों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। साय ने कहा कि मेयर और अध्यक्षों के चुनाव को प्रत्यक्ष प्रणाली से हटा दिया गया था। लेकिन भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की बहाली करते हुए चुनाव को पुनः प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया। इसका परिणाम है कि कांग्रेस के पिछले मेयर आज पार्षद बनने में भी असफल रहे हैं।

वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा केएफ जनता-जनार्दन ने भाजपा के 'अटल विश्वास पत्र' में किए गए वादों पर अपना भरोसा व्यक्त किया है। 10 नगर निगमों में से कांग्रेस को एक भी निगम में सफलता नहीं मिली और कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ हो गया।

केंद्र सरकार पर झारखंड का बकाया बढ़कर 2.36 लाख करोड़

मंत्री दीपिका पांडेय का बड़ा बयान

रांची, 16 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार का झारखंड पर बकाया कुछ दिनों में बढ़कर 1.36 लाख करोड़ से बढ़कर 2.36 लाख करोड़ हो जाएगा. झारखंड वित्त विभाग इसका ब्योरा तैयार करने में लगा है. इसकी रिपोर्ट कुछ दिनों में पेश कर दी जाएगी. ये बातें उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट दुमका में पेशी के बाद कही है.

मंत्री ने केंद्र पर लगाया झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एमपी-एमएलए कोर्ट दुमका में किसी मामले में पेश होने आयी थी. कोर्ट से बाहर आने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया. समाज के उत्थान के लिए जो योजनाएं यहां पर चलायी जा रही है उसमें केंद्र सरकार अपना अंश देने में कोताही बरत रही है.

अलग-अलग विभागों का भी हो चुका है करोड़ों का बकाया मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पहले से ही कोयले की रॉयल्टी 1.36 लाख करोड़ रुपये बाकी है. हाल के दिन में अलग-अलग विभाग के करोड़ों का बकाया हो चुका है, जिसमें पीएम आवास योजना, मनरेगा, नल-जल योजना और बाल विकास परियोजना की राशि शामिल है.

मंत्री दीपिका पांडेय बोलीं- जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे

मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की भूमि रही है और अपना हक पाने की लिए हमें आंदोलन करना भी आता है. सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी जनता को बैठ -बिठाये रुपये दिये जाने की निंदा के बाबत उन्होंने कहा कि इस ऑडर को वह अब तक नहीं देख पायी है. इतना जरूर कहूंगी कि चुनाव के वक्त अगर कोई रुपये देने की बात कहता है, तो यह गलत है. कबिनेट में फैसला लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने की कोशिश कहीं से गलत नहीं है.

पहली बार अधिवक्ताओं के हित में हेमंत सरकार ने सोचा

बोले महाधिवक्ता राजीव रंजन

रांची16 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में 35000 अधिवक्ता हैं, जो झारखंड स्टेट बार काउंसिल से निबंधित हैं. लगभग 15000 से अधिक अधिवक्ता झारखंड एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी के सदस्य हैं. झारखंड राज्य गठन के बाद पहली बार किसी राज्य सरकार ने अधिवक्ताओं के हित में सोचा है. सक्रियता के साथ उस पर काम किया है. इससे युवा व वरिष्ठ अधिवक्ताओं को लाभ होगा. इन्ही मुद्दों को लेकर राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा -

ट्रस्टी कमेटी के सभी सदस्यों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, जिसका शत प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार करेगी. अधिवक्ताओं को मिल रहे 7000 रुपये पेंशन राशि में सरकार अलग से 7000 रुपये राज्यांश मिलायेगी. इससे प्रतिमाह 14000 रुपये पेंशन अधिवक्ताओं को मिलेगी. युवा अधिवक्ताओं को प्रथम तीन वर्ष तक स्टाइपेंड के रूप में प्रतिमाह 5000 रुपये मिलेंगे. इसमें 50 प्रतिशत अर्थात 2500 रुपये सरकार वहन करेगी, जबकि ट्रस्टी कमेटी 2500 रुपये देगी. कमेटी अपने अंशदान में

1500 रुपये बढ़ोतरी करेगी, क्योंकि वर्तमान में 1000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जा रहा है. सरकार से फंड मिलने के बाद स्टाइपेंड में वृद्धि होगी. इससे प्रैक्टिस के प्रारंभिक वर्षों में युवा अधिवक्ताओं को राहत मिलेगी. आर्थिक संकट से निजात मिलेगी.

योजनाओं का लाभ लेना आसान है, जो अधिवक्ता अब तक झारखंड वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी के सदस्य नहीं बन पाये हैं, वे इसका सदस्य बन जायें, तो उसका लाभ मिल सकता है. प्रत्येक दिन अधिवक्ता ट्रस्टी कमेटी के सदस्य बन रहे हैं. विगत तीन माह में 2000 नये सदस्य बन चुके हैं. स्वास्थ्य बीमा का लाभ लेने के लिए अब तक 6000 सदस्य आवेदन कर चुके हैं.

वर्ष 2023 में एडवोकेट वेलफेयर फंड एक्ट-2012 के सेक्शन-24 में संशोधन किया गया. 15 रुपये के वेलफेयर टिकट का दाम बढ़ा कर 30 रुपये किया गया. वेलफेयर टिकट ही आय का स्रोत है.

कोई भी अधिवक्ता निर्धारित शुल्क देकर ट्रस्टी कमेटी का सदस्य बन सकता है. सदस्य बनने के लिए 2500 रुपये आजीवन सदस्यता शुल्क है. प्रतिवर्ष 200 रुपये का भुगतान करके भी सदस्य बन सकते हैं.

बढ़ते मुकदमे चिंता का विषय हैं. इसमें कमी आये, इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं. उनकी पहल पर पिछले कई वर्षों से कई स्तर पर इस पर काम किया जा रहा है. मामलों में कमी लाने को प्राथमिकता दी जाती है. स्टेट लिटीगेशन पॉलिसी के तहत प्रत्येक विभाग में ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम बना हुआ है. कई मामले विभागीय स्तर पर ही निबटा दिये जाते हैं. प्रत्येक माह स्टेट इंपावरमेंट कमेटी की बैठक होती है. इसमें समीक्षा की जाती है और मुकदमों के जल्दी निपटारे में सरकार के स्तर से जो काम होना है, उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है, ताकि सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से मजबूती से पक्ष रखा जा सके तथा मामले निष्पादित हो सकें.

अवमानना के मामले नहीं आयेंगे, यह नहीं कहा जा सकता है, तुलनात्मक दृष्टिकोण से देखा जाये, तो विगत पांच वर्षों के दौरान पूर्व की तुलना में अवमानना में कमी आयी हैं. प्रयास चल रहा है कि इसे शून्य पर लाया जाये, इसके लिए सरकार के स्तर से सभी अधिकारियों को ससमय कोर्ट के आदेश आने के बाद अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है. इसे लेकर समीक्षा बैठक भी की जाती है.

सभी विभाग इस मामले को लेकर गंभीर हैं और उसका अपेक्षित परिणाम भी आया है. मामले कम हुए हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, गृह, कार्मिक विभाग से संबंधित ज्यादातर मामले आते हैं.

13 से 15 अप्रैल तक जेएमएम का महाधिवेशन

साल के अंत तक दिल्ली में होगा पार्टी कार्यालय, अब बंगाल, असम, छत्तीसगढ़ तक विस्तार

रांची, 16 फरवरी (एजेंसियां)। झामुमो अब क्षेत्रीय दल की छवि से बाहर निकल कर राष्ट्रीय पार्टी बनने की रणनीति बनाने में जुटा है। पार्टी अब अपना विस्तार झारखंड से बाहर दिल्ली, बंगाल, असम, छत्तीसगढ़ में भी करेगी। इसे लेकर तैयारियां भी चल रही है। हालांकि पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ साफ नहीं किया गया है पर पार्टी सूत्र बता रहे हैं कि अब दूसरे राज्यों में पार्टी कार्यालय खोले जाएंगे और विस्तार किया जाएगा। इसे लेकर अलग-अलग कदम उठाने की तैयारी हो रही है।

कुछ माह बाद बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को पूरी मजबूती के साथ लड़ने की रूपरेखा पार्टी कर रही है। झामुमो ने झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान राजद और कांग्रेस को यह संकेत दिया था। सूत्रों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों की भागीदारी की बात स्वीकारी जाने के बाद ही झामुमो ने कांग्रेस, भाकपा माले और राजद के साथ गठबंधन और सीट शेयरिंग का फार्मूला तय किया

था। झामुमो नेताओं के मुताबिक, बिहार के कुछ जिलों में जल्द सदस्यता अभियान चलेगा।

वहीं, झारखंड में शानदार जीत के बाद नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय खोले जाने पर काम हो रहा है। 2025 के अंत में नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय खोलने का प्रस्ताव आगामी आम सम्मेलन में रखे जाने की संभावना है। झामुमो राष्ट्रीय पार्टी बनने की दिशा में देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी पहचान बनाने के लिए तेजी से काम कर रहा है। बिहार और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारने और दूसरे राज्यों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयारी में जुटा है।

झामुमो का 13वां महाधिवेशन 13 से 15 अप्रैल तक रांची के प्रभात तारा मैदान में होगा। इसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और असम की इकाइयों सहित 5,500 से अधिक पार्टी प्रतिनिधि के भाग लेने की संभावना है। झारखंड के अलावा झामुमो का संगठनात्मक आधार उस क्षेत्र में है, जिसकी चर्चा कभी वृहद झारखंड क्षेत्र के रूप में होती थी।

झामुमो ने राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के लिए उठाए हैं कई कदम

हाल में झामुमो ने राष्ट्रीय राजनीति में विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी के तहत झामुमो ने राज्य में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को खारिज करने का प्रस्ताव पारित किया है। यह पार्टी की राष्ट्रीय छवि बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। झामुमो राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में सक्रिय कदम उठा रही है।

झामुमो ने पहली बार विदेश में स्थापना दिवस मनाया। 2 फरवरी 2025 को झामुमो का 46वां स्थापना दिवस 'फ्रेंड्स ऑफ जेएमएम' दुबई में मना। इसमें बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दुबई, शारजाह, अबू धाबी, उम्म अल क्वैन और रास अल खैमाह में रहने वाले झारखंडी उद्यमियों और विभिन्न कंपनियों में कार्यरत झामुमो समर्थकों ने हिस्सा लिया था। कुणाल षाड़ंगी ने कहा था कि यह खुशी की बात है कि अब दुबई में झामुमो का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

राजनांदगांव में पंचायत चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

किसान बोले- धान का भुगतान नहीं तो वोट नहीं

राजनांदगांव, 16 फरवरी (एजेंसियां)। राजनांदगांव जिले के किसानों ने पंचायत चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। सोसाइटी में बेचे गए धान का भुगतान नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी है जिसको लेकर उन्होंने वोट नहीं देने की बात कही है।

जिला किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टीकम के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर चेतावनी दी है कि या तो धान का पूरा भुगतान करें या फिर वे पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

समर्थन मूल्य और अंतर राशि की मांग

इसी मुद्दे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका ने भी बड़ी संख्या में किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि 19 से 31 जनवरी के बीच धान बेचने वाले किसानों को समर्थन मूल्य और अंतर राशि तत्काल दी जाए।

मानसिक रूप से परेशान किसान

पूर्व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष और विधायक भुनेश्वर बघेल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 72 घंटे में भुगतान का वादा करने वाली सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। किसान न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से भी परेशान हैं।

जल्द से जल्द धान की राशि जमा करने की मांग

ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन यादव, मधु बघेल, फूलमती वर्मा, पीयूष दुबे, जयकुमार वर्मा, मन्थिर साहू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और किसान शामिल थे। सभी ने एक स्वर में किसानों के खातों में जल्द से जल्द धान की राशि जमा करने की मांग की है।

टीएस बोले- जिम्मेदारी के लिए तैयार, लेकिन संकेत नहीं मिले

सिंहदेव ने कहा- भूपेश छत्तीसगढ़ के सशक्त लीडर, कद बढ़ा, नाता हमेशा रहेगा

सरगुजा, 16 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर उन्हें कोई संकेत नहीं मिले हैं। कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव हो रहे हैं। जिम्मेदारी मिलेगी तो वे हमेशा तैयार हैं, हालांकि पहली प्राथमिक सरगुजा की है। सिंहदेव ने कहा कि भूपेश कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए हैं, इसका मतलब यह नहीं कि वे प्रदेश की राजनीति से बाहर हो गए हैं। उनके साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस का कद बढ़ा है।

छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के परिणामों की घोषणा के कुछ घंटे पहले ही भूपेश बघेल को कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। इसके साथ ही प्रदेश की कमान टीएस सिंहदेव को सौंपे जाने के कयास तेज हो गए हैं। यदि ऐसा होता है तो उन्हें छत्तीसगढ़ कांग्रेस

की जवाबदेही ऐसे समय में मिलेगी, जब सत्ता में कांग्रेस की भागीदारी सबसे न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है।

टीएस सिंहदेव ने कहा कि कई राज्यों में संगठनात्मक बदलाव हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष, जनरल सेक्रेटरी बनाए गए हैं। प्रभार बदले गए हैं। इसलिए पीसीसी में अटकलें हैं कि बदलाव हो सकता है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ में बदलाव की संभावना के चलते यह बात आई है।

सिंहदेव ने कहा कि जिम्मेदारी निभाने के लिए मैं तैयार रहता ही हूं। एक कठिन जिम्मेदारी है, क्योंकि पूरे प्रदेश का दौरा करना। मेरी प्राथमिकता फिलहाल सरगुजा और सरगुजा संभाग है। यहां विधानसभा चुनाव में एकदम से बहुत पीछे विधानसभा में चले गए। 14 सीटें जीते थे, सभी 14 हार गए। मैं स्वयं भी हारा तो शुरुआत अपने पोलिंग बूथ से करना है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि बतौर नेता प्रतिपक्ष काम करते रहे हैं तो सभी जगह लोगों से जुड़ाव और भाईचारा है।

भूपेश बघेल को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने को लेकर सिंहदेव ने कहा कि पहली बार छत्तीसगढ़ के किसी व्यक्ति को जनरल सेक्रेटरी या किसी स्टेट का इंजार्च बनाया गया है। कल मैनें भूपेश बघेल को बधाई भी दी। उन्होंने पहले भी कई राज्यों में काम किया। सिंहदेव ने कहा कि भूपेश बघेल को जनरल सेक्रेटरी बनाए जाने का मतलब यह कतई नहीं है कि वे छत्तीसगढ़ की राजनीति में भाग नहीं लेंगे। वे यहां के प्रमुख लीडर हैं। सशक्त लीडर हैं। उनका नाता छत्तीसगढ़ से हमेशा बना रहेगा।

छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव परिणाम के बाद टीएस सिंहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा- कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वो हतोत्साहित न हों। टीएस ने यह भी कहा कि स्थानीय निकाय में प्रदेश की सरकार का असर होता है। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता के दौरान सभी 14 नगर निगम में कांग्रेस का कब्जा हुआ था।

सड़क पर घूमता दिखा भालुओं का जोड़ा

बालोद में पानी की तलाश में सड़क किनारे पहुंचे, वन विभाग ने किया अलर्ट

बालोद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के घोटिया मार्ग पर दो भालू एक साथ देखे गए है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने इसका वीडियो भी बनाया है। चोपड़ा मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी उन्होंने रानी माई मंदिर के पास सड़क किनारे इन भालुओं को देखा।

वन विभाग के उप वनमंडल अधिकारी डिंपी बैंस के मुताबिक, पानी की तलाश में भालू इस क्षेत्र में आ जाते हैं। विभाग जल्द ही क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क करेगा। वन विभाग ने विशेष रूप से रात के समय अकेले यात्रा न करने की सलाह दी है। भालुओं की मौजूदगी ने स्थानीय लोगों में डर का माहौल है।

आने वाले तेंदूपत्ता और महुआ संग्रहण के मौसम को देखते हुए लोगों को 4-5 के समूह में जाने और सूर्योदय के बाद ही जंगल की ओर जाने की हिदायत दी गई है।

बालोद जिले में पहले भी भालुओं के हमले की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि भालू जब खुद को असुरक्षित महसूस करता है, तब हमला कर सकता है। इसलिए नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

वीडियो में दोनों भालुओं को स्वतंत्र रूप से सड़क किनारे घूमते हुए देखा जा सकता है, जो आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं।

महिला टीचर ने हेडमास्टर को चप्पल से पीटा

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 16 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में महिला टीचर ने हेड मास्टर को चप्पल से पीटा है। बताया जा रहा है कि पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान अर्चना टोप्पो ने भीष्म त्रिपाठी को चप्पल से पीट दिया। मामला धनौली शासकीय प्राथमिक शाला का है। इस दौरान हेड मास्टर भीष्म त्रिपाठी ने चप्पल से पिटाई का वीडियो भी बनाया, जिसमें अर्चना टोप्पो उनके साथ बदसलूकी करती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं कि सर मैं मार दूंगी, तमीज से बात करिए। दरअसल, 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है। स्कूल में मतदान केंद्र बनाया जाना है। वोटिंग की तैयारियों को लेकर हेडमास्टर ने स्कूल का फर्नीचर एक तरफ रखवाया था। इसी दौरान 15 फरवरी को सहायक शिक्षिका अर्चना टोप्पो वहां पहुंची। फर्नीचर हटाए जाने से नाराज होकर विवाद करने लगीं। अर्चना टोप्पो और भीष्म त्रिपाठी में विवाद इतना बढ़ गया कि महिला टीचर ने हेडमास्टर को चप्पल पीट दिया। वीडियो में दिख रहा है कि अर्चना टोप्पो ने कह रहीं हैं मैं मार दूंगी सर आपको, तमीज से बात किया करिए। मैंने आपसे मेरी क्लास की किताब रखने को कहा था, आपने वहां क्या किया है?। इस पर हेडमास्टर कह रहे हैं कि मैं ऑफिस में क्यों रखवाऊं, व्यवस्थित रखवा रहा हूं तो क्या दिक्कत है? वह कह रहे हैं कि कक्षा में बूथ की जिम्मेदारी मुझे मिली है। आपका सामान दूसरे कमरे में रखवा रहा हूं, तो क्या दिक्कत है?। वहीं एक दूसरा वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बच्चे भी कहते नजर आ रहे हैं कि महिला टीचर ने चप्पल पीटा है।

जिप्सम भरे ट्रक को ठोका, ड्राइवर जिंदा जला

आंरग, 16 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के आरंग में सड़क हादसे में ड्राइवर जिंदा जल गया। रविवार सुबह 4 बजे कोयले से भरे ट्रेलर ने जिप्सम से भरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में भीषण आग गई। कोयला लोडेड ट्रेलर का ड्राइवर आग की चपेट में आ गया। उसे बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। वह केबिन में फंसा रहा गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मामला आरंग थाना क्षेत्र का है। पारागांव के पास नेशनल हाईवे 53 में यह घटना हुई। सूचना मिलते ही आरंग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। मृतक पंजाब का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक जिप्सम से भरे ट्रक का टायर फटने से ड्राइवर और खलासी दोनों नीचे उतरे थे, तभी पीछे से कोयले से भरे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। मृतक ड्राइवर की पहचान निशान सिंह (26) तरणतारण जिला पंजाब के रूप में हुई है। सीएसपी लंबोदर पटेल ने बताया महासमुंद से रायपुर की ओर एक ट्रक आ रही थी जिसके अंदर जिप्सम भरा हुआ था। सामने का पहिया पंचर होने के गाड़ी खड़ी थी और गाड़ी के आसपास पत्ते लगाए जा रहे थे ताकि कोई हादसा ना हो।

नो-एंट्री में घुसे हाइवा ने मचाया तांडव

पीछा कर रही थी पुलिस, स्टेशन के पास दंपती को कुचला, आक्रोशित हुए लोग

जमशेदपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में भाजपा ऑफिस के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में टाटा स्टील के रिटायर्ड कर्मचारी देवाशीष चौधरी (62) और उनकी पत्नी नुपूर चौधरी (56) की मौत हो गई। दरअसल नो-एंट्री में घुसे एक तेज रफ्तार हाइवा का पीछा पुलिस कर रही थी। हाइवा वाला भागने के चक्कर में बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। इससे दंपती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दंपती परसुडीह स्थित अपने घर जा रहे थे। घटना के बाद नाराज स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। सड़क पर रखे पुलिस के बैरिकेडिंग तोड़ डाले। लोग शव के साथ ही सड़क पर बैठ गए। सड़क जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। लोगों की भीड़ को तीतर-बीतर करने के लिए पुलिस को सख्ती भी बरतनी पड़ी। पुलिस ने लाठियां भी चटकाई।

नाराज लोग पुलिस की ओर से लाठी चार्ज किए जाने से नाराज हो गए। पुलिस के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। स्थानीय लोग देर रात तक सड़क जाम किए हुए थे। वे लोग मृतक के परिजन को मुआवजा देने और हाइवा चालक पर कार्रवाई करने को लेकर अड़े हुए थे। पुलिस ने कई बार भीड़ को समझाने की कोशिश भी की पर वे मानने को तैयार नहीं थे। लोगों की नाराजगी इस बात से थी कि शहर में चेकिंग होने के बाद भी नो एंट्री में हाइवा कैसे घुस गया।

लंदन के मार्लेबोन में होटल में लगी भीषण आग

लंदन, 16 फरवरी (एजेंसियां)। लंदन के मार्लेबोन स्थित एक लग्जरी होटल 'चिल्टर्न फायरहाउस' में भीषण आग लग गई। होटल की इमारत ऐतिहासिक है और यह मशहूर हस्तियों की मेजबानी के लिए मशहूर है। इमारत में आग के बाद करीब 100 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लंदन फायर ब्रिगेड के अनुसार, चिल्टर्न फायरहाउस में लगी आग को बुझाने के लिए 100 से अधिक अग्निशमन कर्मियों और 20 दमकल गाड़ियों को लगाया गया। चिल्टर्न फायरहाउस लंदन के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों में से एक है और इस घटना ने शहर के लोगों को झकझोर दिया है। खबरों के मुताबिक, होटल में रविवार को बाफ्टा अवॉर्ड सम्मेलन के बाद नेटफ्लिक्स पार्टी होनी थी। आग लगने के बाद हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इमारत की ग्राउंड फ्लोर की डक्टिंग में शुरू हुई थी आगः फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग दोपहर के बाद इमारत की ग्राउंड फ्लोर की डक्टिंग में शुरू हुई और चार मंजिला होटल की छत तक फैल गई। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

भारतीय नौसैनिकों के फांसी वाले फरमान को पलटने वाले अमीर की होने वाली है ग्रैंड एंट्री

पीएम मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय वार्ता

कतर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी 17-18 फरवरी को भारत का दौरा करेंगे। कतर के अमीर की यात्रा दोनों पक्ष ऊर्जा क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने कि दिशा में अहम कदम होगा। कतर भारत का तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। कतर भारत के वैश्विक एलएनजी आयात का 48% से अधिक प्रदान करता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 18.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने इस महीने की शुरुआत में भारत ऊर्जा सप्ताह के लिए भारत का दौरा किया था। अपनी यात्रा के दौरान, अल-काबी ने भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए कतर की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

देश में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौजूदगी को देखते हुए दोनों देशों के बीच रिश्ते लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर भी आधारित हैं। कतर में लगभग 800,000 भारतीय नागरिकों के साथ, वे सबसे बड़े प्रवासी समुदाय का निर्माण करते हैं, जो चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, वित्त और श्रम जैसे विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करते हैं। आगामी यात्रा तब हो रही है जब पश्चिम एशिया में स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, लेकिन हमास और इज़राइल के बीच युद्धविराम की घोषणा के साथ उम्मीदें बढ़ गई हैं कि 2025 तक क्षेत्र में तनाव कम हो सकता है।

यह यात्रा पीएम मोदी की देश यात्रा के ठीक एक साल बाद हो रही है। यह यात्रा कतर द्वारा अपनी हिरासत में रखे गए 8 पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों को रिहा करने के कुछ दिनों बाद हुई है। आपको कुछ समय पहले की बात याद करा दें जब कतर में पूर्व भारतीय नौसैनिकी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। बाद में भारत ने अपनी कूटनीति के बल पर न केवल फांसी की सजा को निरस्त करवाया बल्कि भारतीयों की वापसी भी सुनिश्चित की। जहां कूटनीतिक मोर्चा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संभाला तो वहीं पूर्व नौसैनिकों की रिहाई से संबंधित नाजुक बातचीत पीएम मोदी की सलाह पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने की। कतर में मिले भारतीय पूर्व नौसैनिकों की फांसी को वहां के अमीर ही बदल सकने की क्षमता रखते थे। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर की सीधी मुलाकात की रणनीति बनाई गई। दुबई में जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की 1 दिसंबर 2023 को बातचीत हुई।

रूस धीरे-धीरे यूक्रेन की तोड़ रहा कमर एक और गांव पर कब्जा करने का दावा

कीव, 16 फरवरी (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन जंग को रोकने को लेकर कवायद चल रही है। दूसरी तरफ रूस लगातार यूक्रेन की कमर तोड़ने का काम कर रहा है। रूस ने दावा किया कि उसने यूक्रेन के एक और गांव डोनेट्स्क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। रूस के इस दावे पर अब तक यूक्रेन की तरफ से कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। इसके पहले रूस ने यूक्रेन केचेरनोबिल न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन से हमला किया था। रूस लगातार यूक्रेन पर हमला कर रहा है।

धीरे-धीरे रूस यूक्रेन के उन क्षेत्रों पर हमले तेज कर रहा है जहां यूक्रेनी सेना कमजोर है। यही कारण है कि यूक्रेन अपनी जमीन खो रहा है। दोनों देशों के बीच पिछले 3 सालों से युद्ध जारी है। जिसको रोकने की कवायद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कर रहे हैं। रूस ने जिस गांव पर कब्जे का दावा किया है वह बहुत छोटी बस्ती है। बेरेज़िव्का पर कब्जा करने से डोनेट्स्क क्षेत्र में रूस का दबदबा बढ़ जाएगा। रूस डोनेट्स्क और पड़ोसी लुहान्स्क के सभी हिस्सों पर नियंत्रण करना चाहता है,

जो मिलकर यूक्रेन के डोनबास औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण करते हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी रूस के चार क्षेत्रों में शनिवार रात तक 40 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि मॉस्को ने शनिवार रात तक यूक्रेन में 70 ड्रोन भेजे, लेकिन उसकी वायुसेना ने 33 ड्रोन नष्ट कर दिये और 37 अन्यत्र गुम हो गए। यह हमला ऐसे समय किया गया है कि जब रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता चल रही है। 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस यूक्रेन जंग को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। यूक्रेन का दावा है कि अभी युद्ध के मोर्चे पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। हालांकि दोनों देश युद्ध विराम को लेकर बातचीत के लिए सहमत हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध विराम को लेकर दोनों देशों के साथ बुधवार को बातचीत की थी। जहां दोनों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि रूस-यूक्रेन युद्ध में हो रही लाखों मौतों को रोकने की जरूरत है।

ट्रंप सरकार में वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाले जा रहे सरकारी कर्मचारी

करीब दो लाख लोग होंगे प्रभावित

वॉशिंगटन, 16 फरवरी (एजेंसियां)। ट्रंप प्रशासन में संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, जिसने पूरे अमेरिका में हलचल मचा दी है। बीते कुछ दिनों में ही हजारों संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई कर्मचारियों को तो माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है। सरकार के इस फैसले से प्रोबेशनरी कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं और करीब दो लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। छंटनी का नया दौर शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें अमेरिकी सरकार के आंतरिक विभाग से करीब 2300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया, वे सार्वजनिक भूमि, राष्ट्रीय उद्यान और तेल-गैस के पट्टों के प्रबंधन से जुड़े थे। इस छंटनी की आलोचना इस वजह से भी हो रही है कि ट्रंप सरकार कर्मचारियों को अपने बचाव का मौका भी नहीं दे रही है और लोगों को वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है। कई कर्मचारियों को अपना सामान बांधने के लिए महज 30 मिनट का समय दिया जा रहा है। वहीं कई कर्मचारियों को ईमेल के जरिए नौकरी से निकाला गया।

23 वर्षीय व्यक्ति ने छह लोगों पर चाकू से किया हमला; एक की मौत

विएना, 16 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिणी ऑस्ट्रिया में एक 23 वर्षीय व्यक्ति ने छह राहगीरों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह एक आकस्मिक हमला था, जिसमें एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को विलाच शहर में हिरासत में लिया गया, जहां हमला हुआ था। उन्होंने बताया कि वह सीरियाई नागरिक है और ऑस्ट्रिया में उसका कानूनी निवास है। पुलिस प्रवक्ता रेनर डायोनिसियो ने कहा कि अभी तक हमलावर की मंशा का पता नहीं चल पाया है। पुलिस हमलावर की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, हमें सुरक्षित जानकारी मिलने तक इंतजार करना होगा। पुलिस ने बताया कि एक 42 वर्षीय व्यक्ति जो एक खाद्य वितरण कंपनी के लिए काम करता है, उसने अपनी कार से घटना को देखा। डायोनिसियो ने ऑस्ट्रिया के सार्वजनिक प्रसारक ओआरएफ को बताया कि वह संदिग्ध की ओर चला गया और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद की। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित पुरुष थे, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

61000 किमी की स्पीड से पृथ्वी की ओर आ रहा खतरा

नासा ने इमरजेंसी में लिया बड़ा फैसला, क्या बच पाएगी धरती?

वॉशिंगटन, 16 फरवरी (एजेंसियां)। एक उल्कापिंड पृथ्वी पर बड़ा विनाश ला सकता है। ऐसे ही एक उल्कापिंड को हाल ही में देखा गया है, जो कि एक बड़ा खतरा बन रहा है। वैज्ञानिक सबसे शक्तिशाली टेलीस्कोप से इसपर नजर गड़ाने वाले हैं। 2024 वॉयआर4 नाम का एस्टेरॉयड एक बिल्डिंग के आकार का है, जिसकी स्पीड 61 हजार किमी प्रति घंटे है। नासा के एस्टेरॉयड टेरेसट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम की ओर से इसे 2024 में खोजा गया था। नासा के एस्टेरॉयड वॉच लिस्ट में यह सबसे ऊपर है। दिसंबर 2032 में पृथ्वी से इसके टकराने की 2.3 फीसदी संभावना है। वर्तमान में गणना के आधार पर 43 में से 1 बार इसकी टक्कर पृथ्वी से संभव है, जिसे देखते हुए नासा ने एक बड़ा कदम उठाया है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के एक ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय खगोलविदों की एक टीम को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) के इमरजेंसी इस्तेमाल की इजाजत मिली है, ताकि इसका अध्ययन हो सके। खगोलविदों का अनुमान है कि इस एस्टेरॉयड का व्यास लगभग 55 मीटर है, जो पीसा की झुकी हुई मीनार की ऊंचाई के बराबर है। पृथ्वी पर मौजूद डायनासोर को चिक्सुलुब एस्टेरॉयड ने खत्म कर दिया था। लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 वॉयआर4 उतना विनाशकारी नहीं होगा। लेकिन यह टुंगुस्का एस्टेरॉयड जितना नुकसान पहुंचा सकता है, जिसने 1908 में साइबेरिया के जंगलों में लगभग 8 करोड़ पेड़ों को गिरा दिया था।

एस्टेरॉयड हो सकता है बड़ा

2024 वॉयआर4 का वर्तमान आकार ग्राउंड आधारित टेलीस्कोप का एक अनुमान है। ईएसए के अनुसार पृथ्वी के वातावरण की वजह से ये टेलीस्कोप एस्टेरॉयड की सतह से परावर्तित होने वाले सूर्य के प्रकाश को ही देख पाते हैं, जिसके कारण इसके वास्तविक आकार की सीमित तस्वीर मिलती है। यह अनुमान से काफी बड़ा हो सकता है। ईएसए ने लिखा कि सामान्य तौर पर एस्टेरॉयड जितना चमकीला होगा, उसका आकार उतना ही बड़ा होगा। टीम का कहना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम 2024 वॉयआर4 के लिए अपने आकार अनुमान में सुधार करें। क्योंकि 40 मीटर और 90 मीटर व्यास वाले एस्टेरॉयड का खतरा बेहद अलग होता है।

जेम्स वेब टेलीस्कोप की ली जाएगी मदद

ईएसए के मुताबिक जेम्स वेब टेलीस्कोप के जरिए एस्टेरॉयड के आकार और सतह की संरचना के बारे में हमारी जानकारी में सुधार होगा। जेडब्ल्यूएसटी के इन्फ्रारेड उपकरण एस्टेरॉयड से निकलने वाली गर्मी का अध्ययन करेंगे, जिससे इसके वास्तविक आकार और सतह की संरचना का पता चलेगा। जेडब्ल्यूएसटी इस दुनिया का सबसे महंगा टेलीस्कोप है, जो अंतरिक्ष में मौजूद है। पृथ्वी पर मौजूद टेलीस्कोप की तुलना में यह बहुत स्पष्ट रूप से एस्टेरॉयड को देख पाएगा। ईएसए के मुताबिक जेडब्ल्यूएसटी पहली बार मार्च में 2024 वॉयआर4 का अवलोकन करेगा। तब इस एस्टेरॉयड की चमक चरम पर होगी।

हमास ने कैद किया, तब पत्नी प्रेगनेंट थी

498 दिन बाद बेटी का नाम पता चला, पत्नी बोली- आप एक चैंपियन हैं

तेल अवीव, 16 फरवरी (एजेंसियां)। हमास की कैद से शनिवार को 498 दिन बाद 3 इजराइली बंधकों की रिहाई हुई। हमास ने इन बंधकों को रेडक्रॉस के हवाले किया। इसके बाद तीनों बंधकों को रेडक्रॉस की गाड़ी से इजराइल लाकर सुरक्षा बलों को सौंप दिया गया। अस्पताल में इनकी जांच के बाद उन्हें परिवारों से मिलाया गया। इनमें से एक बंधक को पहली बार अपनी छोटी बेटी का नाम पता चला। हमास ने उसे बेटी के जन्म के 2 महीने पहले कैद कर लिया था। दूसरे बंधक ने अपने पिता को खो दिया है। उसके पिता की हत्या हमास ने 7 अक्टूबर के हमले में कर दी थी। वहीं तीसरे बंधक का भाई अभी भी हमास की कैद में है। हमास की कैद से रिहा होने वाले पहले बंधक डेकेल चेन हैं। वे इजराइली-अमेरिकी नागरिक हैं। हमास ने डेकेल के साथ उनकी मां नियोमित को भी पकड़ लिया था। हालांकि उनकी मां भागने में सफल हो गई थी। रिहा होने के बाद डेकेल को उनकी मां, पिता जोनाथन और पत्नी एविटल से मिलवाया गया। डेकेल की तीन बेटियों बार, गली और शाचर है। शाचर उनकी छोटी बेटी है, जिससे वो पहली बार मिले। रिपोर्ट के मुताबिक डेकेल से मिलने के बाद एविटल ने कहा, आप एक चैंपियन हैं। इसके बाद एविटल, डेकेल के कंधे पर सर रखकर रोने लगीं। हमास की कैद से रिहा होने वाले दूसरे बंधक इएयर हॉर्न हैं। इएयर की घर वापसी परिवार के कुछ राहत लेकर आई है, लेकिन अभी भी उनके भाई ईटन हमास की कैद में मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक सीजफायर के पहले फेज में ईटन के रिहा होने की उम्मीद नहीं है। इएयर की मां रूम स्ट्रोम और भाई अमोस ने आईडीएफ के कैंप में उनसे मुलाकात की। दोनों ने चुपचाप इएयर को गले लगाया।

ब्राजील जुलाई में करेगा बीआरआईसी की मेजबानी, अमेरिका से टकराव की आशंका बढ़ी

साओ पाउलो, 16 फरवरी (एजेंसियां)। ब्राजील अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। ब्राजील की सरकार ने कहा कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह और सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा। ब्राजील सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ब्राजील विकासशील अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगा और वैश्विक शासन सुधार को बढ़ावा देने तथा 'ग्लोबल साउथ' देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ब्रिक्स को मृत कहे जाने के बाद रियो डी जेनेरियो में यह पहला शिखर सम्मेलन होगा। ऐसे में अमेरिका और ब्रिक्स के बीच टकराव और बढ़ने की आशंका है। पिछले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इस संगठन का दायरा बढ़ाने और ब्रिक्स की अपनी करेंसी में व्यापार करने का ऐलान करके अमेरिका को बड़ा झटका दिया था। तब से अमेरिका बौखलाया हुआ है। ट्रंप ब्रिक्स को चेतावनी दे चुके हैं कि अगर वह ऐसा करेगा तो अमेरिका इतना भारी टैरिफ लगाएगा कि वह सभी देश दुनिया में व्यापार करना भूल जाएंगे। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने की थी। पिछले साल इसमें ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को भी शामिल किया गया। सऊदी अरब को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तुर्किये, अजरबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया है और कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। ब्राजील ने कहा कि साझेदार देशों को भी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है तथा सदस्यों के बीच आम सहमति होने पर वे अन्य बैठकों में भी भाग ले सकते हैं। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने कहा, ''हम विकास, सहयोग और इन देशों के सभी लोगों के जीवन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे।'' इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने के लिए काम करते हैं तो वे उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। ब्रिक्स नेताओं ने डॉलर से स्वतंत्र वैकल्पिक भुगतान प्रणाली स्थापित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

क्या गिर जाएगी यूनुस की सरकार? छात्र नेता नाहिद इस्लाम छोड़ेंगे सरकार

ढाका, 16 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। शेख हसीना की सरकार के दौरान भेदभाव-विरोधी आंदोलन और हिंसक छात्र आंदोलन हुए थे। हिंसक छात्र आंदोलन हसीना सरकार के पतन के कारणों में से एक है। उस छात्र आंदोलन का नेतृत्व छात्र नेता नाहिद इस्लाम कर रहे थे। वह वर्तमान कार्यवाहक सरकार के एक विभाग के सलाहकार भी हैं, लेकिन अब वह फिर से छात्रों के बीच लौटना चाहते हैं। इससे बांग्लादेश की यूनुस सरकार की स्थिरता को लेकर संशय बढ़ गया है और यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या यूनुस सरकार का पतन हो जाएगा? बता दें कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार के गठन के बाद जब यूनुस मुखिया बने तो उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में मुख्य सलाहकार का पद दिया गया है। यूनुस के अनुसार, नए बांग्लादेश के निर्माण की दूसरी पारी अभी शुरू हुई है। इस बीच नाहिद ने घोषणा कर दी कि वह सरकार से नाता तोड़ लेंगे। वह अपने छात्रों के पास वापस जाना चाहते हैं। वह अपना सरकारी पद छोड़कर एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं।। नाहिद ने बांग्लादेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा, "मेरे लिए अब सरकार में रहने की अपेक्षा क्षेत्र में काम करना अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए मुझे लगता है कि मैं अपना सरकारी पद छोड़ दूंगा और पार्टी में शामिल हो जाऊंगा। हालांकि, नाहिद ने यह भी संकेत दिया है कि वह अकेले नहीं जाएंगे। उनके अनुसार, मैं अन्य छात्रों से, जो सरकारी पदों पर हैं, पार्टी कार्य में वापस लौटने का आह्वान करूंगा। लेकिन नाहिद सलाहकार पद कब छोड़ेंगे? उन्होंने कहा, "मैं इस महीने के मध्य तक अंतिम निर्णय लूंगा। "शायद मैं अगले कुछ दिनों में तुम्हें इसके बारे में बता दूंगा।" मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने आश्वासन दिया है कि देश में इसी वर्ष चुनाव होंगे और उससे पहले नाहिद एक नई पार्टी बनाकर राजनीति में उतरना चाहते हैं, लेकिन अगर वे मैदान में उतरते भी हैं तो नाहिद ने स्पष्ट कर दिया है

सिंगापुर में आपातकालीन खाने में मिलेगी बिरयानी और चिकन करी

सिंगापुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। सिंगापुर की एक कंपनी की ओर से राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान रेडी-टू-ईट फूड के रूप में पांच खाने के ऑपशंस को बताया गया है। इसमें बिरयानी के साथ करी चिकन भी शामिल है। बिरयानी के अलावा, एसटीएस लिमिटेड की ओर से जल्दी से तैयार किए जाने वाले खाने में चिकन बोलोग्नीज़ पास्ता, शकरकंद और कद्दू के साथ मछली दलिया, बासमती चावल के साथ मीठी मसालेदार टमाटर मछली और सब्जी मारिनारा पास्ता को भी शामिल किया गया है। न्यूज़ एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ये खाना सिंगापुर में एसएटीएस हलाल-प्रमाणित रसोई में तैयार किए जाते हैं।

इस खाने को रेफ्रिजरेशन की जरूरत नहीं होती है, इन्हें बिना गर्म किए कमरे के तापमान पर खाया जा सकता है और इनकी शेल्फ लाइफ आठ महीने तक होती है। एसएटीएस में नए तरीके से खाने के प्रोडक्शन को लेकर इसके प्रमुख जीन सिन ने कहा कि किसी भी दूसरे उत्पाद की तरह, हमें वास्तविक समय की शेल्फ-लाइफ स्टडी करनी होती है। एक बार जब हम गुणवत्ता के बारे में आश्वस्त हो जाते हैं, तो हम वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करते हैं। इनमें से लगभग 150,000 खाने को 15-28 फरवरी के बीच इस साल के अभ्यास एसजी रेडी के भाग के रूप में वितरित किए जाएंगे, जो सिंगापुर के पूरे रक्षा अभियान का एक हिस्सा है। यह अभ्यास सिंगापुर में लोगों को अन्य परिदृश्यों के अलावा नकली बिजली कटौती और खाद्य आपूर्ति में रुकावटों का अनुभव लाया था।

पाकिस्तान में फंसे 15 हजार अफगानी नागरिक:ट्रम्प ने अमेरिका आने पर रोक लगाई, बाइडेन ने शरण देने का वादा किया था

इस्लामाबाद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। काबुलअफगानिस्तान की तालिबानी सत्ता के डर से अमेरिका जाने वाले अफगानी लोग अब पाकिस्तान में फंस गए हैं। वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शरणार्थियों को लेकर जारी कार्यकारी फरमान। इस आदेश के तहत अगले 90 दिनों तक किसी भी देश से शरणार्थी अमेरिका नहीं आ सकते हैं। पाकिस्तान में 15 हजार से ज्यादा शरणार्थी ऐसे हैं जिन्हें बाइडेन प्रशासन ने अपने देश में आने की इजाजत दे दी थी। बता दें कि अमेरिका ने 2021 में अफगानिस्तान छोड़ने से पहले हजारों शरणार्थियों को देश में जगह देने का वादा किया था। लेकिन ट्रम्प के आदेश के चलते इन सब शरणार्थियों का भविष्य अब अधर में लटक गया है। उन्हें डर है कि वापस लौटे तो तालिबानी सत्ता जिंदा नहीं छोड़ेगी। अफगानिस्तान के लोग इन दिनों इस्लामाबाद-रावलपिंडी में सड़कों पर हैं। उनकी मांग है कि ट्रम्प इस फैसले को पलटें नहीं तो उन्हें संकट का सामना करना पड़ेगा। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान के शरणार्थियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। पाक सरकार का कहना है कि जो अफगान शरणार्थी किसी तीसरे देश में स्थानांतरित नहीं हो सकते, उन्हें 31 मार्च 2025 के बाद पाकिस्तान छोड़ना होगा। शरणार्थी समूहों ने पाक की शहबाज सरकार के इस ऐलान की आलोचना की है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान लौटने पर इनकी जान को खतरा है। ट्रम्प को फैसले पर विचार करना चाहिए। अफगान इवैक समूह के संस्थापक शॉन का कहना है कि इस संकट के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। तालिबान के सत्ता में आने के बाद लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया, जिनमें सबसे अधिक लोग पाकिस्तान और ईरान पहुंचे। पाकिस्तान में पहले से ही लगभग 30 लाख अफगान शरणार्थी थे, जिनमें से अधिकांश 1980 के दशक में सोवियत आक्रमण के दौरान आए थे। तालिबान की वापसी के बाद 6 लाख से अधिक नए शरणार्थी पाकिस्तान पहुंचे। 2023 के अंत तक पाकिस्तान सरकार ने अवैध अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का अभियान शुरू कर दिया था। पाकिस्तान ने 15 लाख से अधिक अवैध अफगानों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान सरकार ने पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। लेकिन पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय हितों का हवाला देकर इस कार्रवाई को जारी रखा है।

इंजीनियर के घर छापेमारी, 16 प्लॉट-करोड़ों की संपत्ति का मालिक

जयपुर सहित 6 शहरों के ठिकानों पर रेड, इनकम से 200 प्रतिशत ज्यादा प्रॉपर्टी मिली

जयपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर एसीबी ने जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ठिकानों पर छापेमारी की है। अब तक की सर्च में इंजीनियर के पास उसकी इनकम से 200 प्रतिशत ज्यादा की प्रॉपर्टी मिली है।

एसीबी के डीजी रवि प्रकाश ने बताया कि आरोपी दीपक मित्तल के जयपुर, उदयपुर, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर और हरियाणा के फरीदाबाद के ठिकानों पर कार्रवाई की गई है।

दरअसल, एसीबी को इंजीनियर के खिलाफ आय से ज्यादा संपत्ति को लेकर शिकायत मिली थी। इसके बाद एसीबी ने कोर्ट से सर्च वारंट लेकर शनिवार देर रात सर्च शुरू किया।

जो रविवार सुबह भी चल रही है। दावा किया जा रहा है कि आरोपी जब से नौकरी पर लगा तब से आय से 4 करोड़ 2 लाख 14 हजार 395 रुपए की संपत्ति अधिक अर्जित की है।

12 से ज्यादा टीमें लगीं, 16 प्लॉट का मालिक आरोपी

डीजी ने बताया कि कार्रवाई के लिए 12 से अधिक टीमें बनाई गई हैं। रविवार सुबह एसीबी की टीम दीपक कुमार के ऑफिस भी पहुंची।

वहां भी सर्च शुरू कर दिया गया है। एसीबी को जानकारी मिली थी की आरोपी दीपक ने अपना कुछ पैसा फरीदाबाद में भाई के यहां पर भी लगाया है।

इस पर टीम को फरीदाबाद भेजा गया है। मित्तल के पास जो प्रॉपर्टी और कैश ज्यादा मिला है वो उसकी आय से करीब 203 प्रतिशत अधिक है।

सर्च के दौरान एसीबी अधिकारियों को 16 प्लॉट के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। इनमें निर्माण में करोड़ों रुपए भी खर्च किए गए हैं। सर्च में दर्जनों बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज चेक बुक और लॉकर की जानकारी सामने आई हैं।

हरियाणा के फरीदाबाद में सेक्टर 21 स्थित दीपक कुमार के भाई अंकुर मित्तल के घर नम्बर 952 पर एसीबी पहुंची।

उदयपुर में मेवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया में रोड नंबर 2 स्थित राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड के ऑफिस भी टीम पहुंची।

उदयपुर के कलडवास में 9 संपत्तियों पर भी एसीबी टीम पहुंची।

जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग विधुत खंड द्वितीय के ऑफिस में एसीबी की टीम पहुंची। जोधपुर में स्थित दीपक कुमार मित्तल के निवास स्थान पर टीम पहुंची

जयपुर के बरकत नगर स्थित मकान नम्बर 490ए एसीबी पहुंची।

उद्योगपति गौतम अदाणी ने अजमेर दरगाह में चढ़ाई चादर

साथ में पत्नी भी रहीं मौजूद; दिया खास संदेश

अजमेर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। उद्योगपति गौतम अदाणी ने अजमेर शरीफ स्थित 11वीं सदी के सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में 'चादर' चढ़ाई। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी प्रीति अदाणी, भाई राजेश अडानी और उनकी पत्नी शिलिन भी मौजूद रहीं।

हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने गौतम अदाणी को ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया, जो उनके नेतृत्व, योगदान और परोपकारी पहलों की सराहना के रूप में दिया गया। चिश्ती ने एक बयान में कहा, हजरत ख्वाजा गरीब नवाज ने सार्वभौमिक प्रेम, मानवता की सेवा और शांति का संदेश दिया। गौतम अडानी और उनका परिवार इन सिद्धांतों को अपनाते हुए लाखों लोगों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि गौतम अदाणी ने अजमेर शरीफ में मिली दुआओं के प्रति गहरी कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त की तथा नैतिक नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व में आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। अदाणी परिवार की ओर से विशेष शाकाहारी लंगर भी तैयार कराया गया और सैकड़ों लोगों को दरगाह में परोसा गया। इस यात्रा का समापन विशेष दुआ-ए-खैर के साथ हुआ, जिसमें भारत की प्रगति, वैश्विक सद्भाव और सामूहिक समृद्धि की कामना की गई।

फिर पेपर लीक की दस्तक, शेखावटी यूनिवर्सिटी में परीक्षा से पहले एमए और एमएससी का पेपर आउट

झुंझुनू, 16 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान से फिर पेपर लीक का जिन्न सामने आया है। शेखावटी यूनिवर्सिटी परीक्षा का पेपर आउट हो गया। पेपर आउट होने के बाद विवि के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि शेखावटी यूनिवर्सिटी की एमए और ऐम.एसी सेमेस्टर-1 का एक पेपर आउट हो गया।

दरअसल पारी में मैथ सेकंड की परीक्षा होनी थी, लेकिन मैथ सेकंड के बंद लिफाफे से मैथ थर्ड का पेपर निकला। जिसकी परीक्षा 18 फरवरी को होनी है। ऐसा लगभग शेखावाटी की सभी कॉलेजों में हुआ। सूत्रों की मानें तो कुछ कॉलेजों में परीक्षार्थियों तक भी पेपर पहुंचा। जिसके बाद शेखावाटी यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गया। इसके बाद जब 18 फरवरी का बंद लिफाफा खुलवाया गया तो उससे आज होने वाली मैथ सेकंड की परीक्षा का पेपर निकला।

बताया जाता है कि झुंझुनूं के कई कॉलेजों में पैकेट से गलत पेपर निकला। पेपर आउट की सूचना पर झुंझुनू की कॉलेजों ने मौन धारण कर लिया है। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन का कहना है कि वो अभी मामले की जांच कर रहे है। अब यूनिवर्सिटी 18 फरवरी को नया पेपर भेजने तैयारी कर रहा है। क्योंकि 18 फरवरी को होने वाली परीक्षा का पेपर आज कई छात्रों तक पहुंच गया।

ऐसे में अब उस दिन होने वाली परीक्षा का पेपर फिर से बनाना होगा. बताया जाता है कि पेपर लीक की यह गड़बड़ी प्रिंटिंग प्रेस वाले से हुई। प्रिंटिंग प्रेस वाले ने 18 फरवरी को होने वाली परीक्षा का पेपर आज भी सेंटरों पर भेज दिया। हालांकि इस चूक से शेखावाटी यूनिवर्सिटी की किरकरी हुई। मालूम हो कि शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पेपरों में गड़बड़ी का यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी 2021 में भी पेपरों के दौरान गड़बड़ियां हुई थी।

96 सरकारी भवनों पर लगेंगे सोलर प्लांट, बचेंगे 4 करोड़ सालाना

राजसमंद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। अब सरकारी दफ्तरों में भी सोलर प्लांट लगाकर बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इससे बिजली का उत्पादन बढ़ेगा और बिजली के बिल में भी बचत होगी। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। अगले माह के अंत तक सोलर प्लांट लगाने का काम शुरू होने की उम्मीद है। इससे प्रतिवर्ष 45 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। प्रदेश में सभी सरकारी कार्यालयों की छतों पर सोलर प्लांट लगाकर बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इससे बिजली के बिल के भुगतान में बचत के साथ डिस्कॉम को बिजली मिलेगी। इसके लिए राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (आरआरईसीएल) की ओर से राजसमंद और भीलवाड़ा जिले के लिए मैसर्स प्रताप टेक्नोक्रेट लिमिटेड जयपुर की फर्म को जिम्मेदारी सौंपी गई है। फर्म की ओर से राजसमंद में प्रथम चरण के तहत सरकारी विभागों का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के पश्चात सरकारी कार्यालयों पर सोलर प्लांट लगाने का काम प्रारंभ होगा। जानकारों की मानें तो अभी तक 6-7 सरकारी विभागों को सर्वे पूरा हो गया है। सर्वे में सोलर प्लेट कितनी लगेगी, कितने किलोवाट का कनेक्शन लगेगा, लगाने के लिए स्थान का चयन आदि शामिल है। ऐसे में अब अगले माह के अंत तक सरकारी कार्यालय पर प्लांट लगने का काम शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

96 दफ्तरों पर लगेंगे 3.5 मेगावाट के प्लांट

जिला मुख्यालय, उपखण्ड स्तर, पंचायत समिति स्तर और ग्राम पंचायत स्तर सहित जिले के सभी छोटे-बड़े सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जाएंगे।

ऐसे में 96 भवनों पर 3.5 मेगावाट के सौर ऊर्जा के प्लांट लगाए जाएंगे। इन पर सौलर प्लांट लगने पर बिजली का उत्पादन शुरू होगा। इससे कुछ बिजली सरकारी विभागों के काम आएगी और शेष बिजली डिस्कॉम में चली जाएगी। इससे प्रदेश में बिजली का उत्पादन बढ़ेगा।

25 साल तक फर्म करेगी सार-संभाल

सरकारी दफ्तरों में लगने वाले सौर ऊर्जा उपकरण के रख-रखाव की जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी। प्लांट लगने के बाद से आगामी 25 वर्ष तक उसका रख-रखाव और संचालन आदि का कार्य फर्म को ही करना है। प्लांट से नियमित और क्षमता के अनुसार बिजली उत्पादन के लिए समय-समय पर सार संभाल आवश्यक होती है।

भीलवाड़ा के सरकारी दफ्तरों में भी लगेंगे सोलर

राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड की ओर से राजसमंद और भीलवाड़ा जिले के सरकारी दफ्तरों में सोलर प्लांट लगाने की जिम्मेदारी एक ही फर्म को सौंपी गई है। दोनों जिले में 200 से अधिक सरकारी विभागों में सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जाएंगे। दोनों जिलो में 6.5 मेगावाट के प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत राजसमंद जिले में 3.5 मेगावाट के सोलर ऊर्जा के प्लांट लगाए जाना प्रस्तावित है।

सरकारी दफ्तरों पर जल्द लगेंगे सौलर प्लांट

जिले के सरकारी दफ्तरों पर 3.5 मेगावाट के प्लांट लगाए जाएंगे। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड की ओर से कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए संबंधित फर्म की ओर से सर्वे कार्य किया जा रहा है। इसके बाद प्लांट आदि लगाए जाएंगे।

जयपुर नगर निगम परिसीमन पर अपडेट

नगर निगम क्षेत्र में शामिल होंगी कई पंचायतें बगरू-झोटवाड़ा को मिलेगा बड़ा लाभ

जयपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर के दोनों नगर निगमों की सीमाएं एक होंगी और विस्तार भी किया जाएगा। शहर से सटे ग्रामीण इलाकों को नगर निगम में शामिल करने की योजना है, जिससे झोटवाड़ा और बगरू विधानसभा क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इसके अलावा, आमेर और आदर्श नगर विधानसभा के कुछ ग्रामीण क्षेत्र भी निगम सीमा में जोड़े जाएंगे।

वार्डों की संख्या बढ़कर हो सकती है 150

पिछले कुछ वर्षों में सिरसी रोड, कालवाड़ रोड, दिल्ली रोड, आगरा रोड और जगतपुरा क्षेत्रों में तेजी से शहरी विस्तार हुआ है, जिसके चलते इन इलाकों में नए वार्ड जोड़े जाएंगे। परिसीमन के तहत तीन से चार वार्डों को मिलाकर एक वार्ड बनाया जाएगा। इससे वार्डों की संख्या 91 (पांच साल पहले जब दो की बजाय एक निगम था) से बढ़कर 150 हो सकती है।

परकोटा में घटेगी वार्डों की संख्या

परकोटा में किशनपोल, आदर्श नगर और हवामहल विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें फिलहाल हैरिटेज नगर निगम के लगभग 25 वार्ड हैं। परिसीमन के बाद इनकी संया घटकर 10-11 हो सकती है।

वार्ड बढ़ाते रहे : सीमाएं वही रहीं

1- वर्ष 1994 में जयपुर नगर निगम का गठन हुआ, लेकिन तब से सीमा नहीं बढ़ाई गई।

2- वार्डों की संख्या बढ़ती रही, शुरुआती बोर्ड में 70 पार्षद थे, जबकि आखिरी बोर्ड में 91।

3- कांग्रेस सरकार ने जयपुर को दो निगमों (ग्रेटर और हैरिटेज) में बांटा, लेकिन सीमा विस्तार नहीं किया।

4- ग्रेटर में 150 और हैरिटेज में 100 वार्ड बनाए गए।

राजनीतिक मायने

कांग्रेस : कांग्रेस एक निगम बनाए जाने का विरोध कर रही है। पार्टी का तर्क है कि छोटे वार्ड होने से जनता की समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से किया जा सकता है, जबकि बड़े वार्ड बनने से असुविधाएं बढ़ेंगी। वैसे दो निगम बनाने पर हैरिटेज निगम में कांग्रेस का बोर्ड बना था।

भाजपा : निगम गठन के बाद से जयपुर में हमेशा भारतीय जनता पार्टी का दबदबा रहा है। पार्टी का मानना है कि, कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे व खुद का बोर्ड बनाने के लिए दो निगम बनाए और वार्डों का पुनर्सीमांकन मनमर्जी से किया।

नई व्यवस्था: अनुमानित स्थिति

1- वर्तमान में प्रति वार्ड जनसंख्या 7,000 से 13,000 के बीच है।

2- परिसीमन के बाद प्रति वार्ड जनसंया 35,000 से 40,000 तक हो सकती है।

एक शहर में दो निगम से समन्वय में समस्या

जयपुर शहर के विस्तार को देखते हुए नगर निगम की सीमा बढ़ाना आवश्यक माना जा रहा है। सरकार की ओर से दोनों नगर निगमों को एक करने के फैसले को प्रशासनिक दृष्टि से उचित बताया जा रहा है, क्योंकि एक शहर में दो नगर निगम होने से समन्वय की समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सियासी फायदे के लिए दो निगमों का गठन किया था। समुदाय विशेष के वार्डों को छोटा किया और हैरिटेज नगर निगम में अपना महापौर बनाया।

आईपीएस ने किसान बनकर पकड़ी साइबर ठगों की चाल

महिला बोली- मोटा मुनाफा कमाओगे, हजारों करोड़ गंवा चुके हाईप्रोफाइल लोग

जयपुर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। 18 दिन पहले श्रीगंगानगर से 10 हजार करोड़ की ठगी के मास्टरमाइंड पकड़े गए थे। इतनी बड़ी ठगी आखिर कैसे हुई? इसी पड़ताल के सिलसिले में भास्कर टीम पुलिस मुख्यालय जयपुर में थी।

साइबर एसपी शांतनु सिंह के चैंबर में दाखिल हुए, तभी उनके फोन पर घंटी बजी। अधिकारी ने इशारे से कहा- किसी साइबर ठग का ही फोन लगता है। हमारे निवेदन पर आईपीएस ने फोन को

स्पीकर मोड पर डाला। टीम ने तुरंत कैमरा ऑन किया।

एक महिला की आवाज थी, जो शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के झांसे में लेने का प्रयास कर रही थी। पुलिस अधीक्षक शांतनु सिंह ने ठग से ऑरेंज की खेती करने वाला किसान विकास शर्मा बनकर बात की। ठगों की पूरी चालाकी पकड़ी। साइबर ठग ने क्या-क्या चाल चली? कैसे आईपीएस ने इससे बचाव किया और मामले को इन्वेस्टिगेट किया? कैसे इसी तरह शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट के नाम पर प्रदेश के डॉक्टर-इंजीनियर, बिजनेसमैन-अफसरों को ठगे जा रहे हैं?

कार से 6.60 लाख रुपये का 44.150 किलो डोडा पोस्त जब्त

पुलिस ने दो आरोपी किया गिरफ्तार

सिरोही, 16 फरवरी (एजेंसियां)।सिरोही जिले के पिंडवाड़ा पुलिस और डीएसटी टीम ने उदयपुर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर ढांगा तिराहा पर एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार से 44.150 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। इस दौरान टीम ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए डोडा पोस्त की कीमत 6.60 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सिरोही पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पिंडवाड़ा पुलिस थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत एवं डीएसटी टीम प्रभारी राजेंद्रसिंह की अगुवाई में पुलिसकर्मियों द्वारा ढांगा तिराहा हाईवे रोड पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रही जोधपुर पासिंग की एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर तलाशी ली गई।

पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद कोर्ट ने एक लाख जुर्माना भी लगाया

बांसवाड़ा, 16 फरवरी (एजेंसियां)। बांसवाड़ा अपर सेशन कोर्ट ने पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीन साल पहले पति ने तैश में आकर दंराती (सब्जी काटने का औजार) से पत्नी का गला काटकर हत्या कर दी थी। कोर्ट में दोषी पर 1 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार- 8 अप्रैल 2022 को खमेरा इलाके के कंठाव पंचायत के गांव झाझोर में पति पप्पू रावल ने पत्नी शांति देवी (25) की हत्या कर दी थी।

दूसरे दिन शांति के पिता रकमा रावत (निवासी जेथलिया गांव, पुंजपुरा पीपलखूंट) ने पुलिस को रिपोर्ट दी। बताया- बेटी शांति की शादी 2021 में झाझोर निवासी पप्पू रावल से की थी। 8 अप्रैल 2022 को मैं शांति के ससुराल जाकर उससे मिलकर आया था।

उसी रात दामाद पप्पू और शांति में झगड़ा हुआ। पप्पू ने धारदार औजार से शांति का गला काट दिया और फरार हो गया। अगले दिन (9 अप्रैल 2022) झोंपड़े से देर तक कोई नहीं निकला तो शांति की सास सोहनी व अन्य परिजन कमरे में गए। वहां शांति की लाश पड़ी थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बांसवाड़ा जिला हॉस्पिटल लाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की। प्रकरण में कोर्ट में आरोप पत्र पेश करने के बाद हुई सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 14 गवाह और 19 दस्तावेज पेश किए गए। अंतिम बहस में बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है, कुछ गवाह पक्षद्रोही हो गए, हथियार की बरामदगी संदिग्ध रही। वहीं अभियोजन ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ी से कड़ी जुडना बताया।

हाईकोर्ट जज उमाशंकर व्यास बोले- जज अधिक समय देकर केस निपटा रहे, ऐसा लंबे समय तक कर पाना ठीक नहीं

दौसा, 16 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति उमाशंकर व्यास ने दौसा में कहा कि हम सबका प्रयास है कि सस्ता और सुलभ न्याय मिले। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। न्यायिक अधिकारी भी अतिरिक्त समय देकर टारगेटेड मामलों को निपटा रहे हैं। लेकिन, यह अधिक समय तक करना उचित नहीं है। ऐसा करने से न्यायिक अधिकारियों की व्यक्तिगत जिंदगी विपरीत तरीके से प्रभावित हो सकती है। इसके समाधान के लिए बार और बेंच दोनों के बीच तालमेल बैठाकर काम करना होगा।

न्यायाधिपति उमाशंकर व्यास ने यह बातें दौसा जिला अभिभाषक संघ के कोर्ट परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कहीं। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बार और बेंच के समन्वय से मुवक्किलों को लाभ मिलता है। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए दोनों को मिलकर कार्य करना चाहिए। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कुंजबिहारी शर्मा ने स्वागत भाषण में वकीलों के हित में कार्य करने की बात कही। संघ के सचिव विजेंद्र सिंह चेची ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सहित जिला मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारी एवं वकील मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

पुलिस की गाड़ी रोक, शीशे तोड़ने की दी धमकी

किसानों ने पानी की मांग को लेकर नेशनल-हाईवे किया जाम, गांव के रास्ते भी किए बंद

अनूपगढ, 16 फरवरी (एजेंसियां)। अनूपगढ (श्रीगंगानगर) सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसानों ने नेशनल हाईवे नंबर 911 पर गांव 13 एमडी में स्थित टोल नाके पर चक्का जाम कर रखा है। सरकार द्वारा सिंचाई पानी नहीं देने से किसानों में आक्रोश बढ़ गया है।

रविवार सुबह करीब 10;30 बजे गांव सतरना के पास आक्रोशित किसानों ने पुलिस की गाड़ी को भी रोक लिया और किसानों ने पुलिस प्रशासन को गाड़ी के शीशे तोड़ने की धमकी दी। वहीं किसानों ने नेशनल हाईवे पर से निकलने वाले रास्तों को भी बंद करना शुरू कर दिया है।

पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ने की दी चेतावनी

चक्का जाम के दूसरे दिन रविवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव सतरना के पास से नेशनल हाईवे पर पुलिस की गाड़ी गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान किसानों ने पुलिस की गाड़ी को रोक लिया और किसानों ने पुलिस की गाड़ी को वापिस जाने के लिए कहा। गाड़ी को वापिस नहीं ले जाने पर किसानों ने गाड़ी के शीशे तोड़ने की धमकी दी। वहीं किसानों को आक्रोशित होता देख मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने गाड़ी को वापिस मोड़ लिया।

किसान नेता कालू थोरी ने बताया कि आज किसानों द्वारा सरकारी वाहनों को भी नेशनल हाईवे नंबर 911 पर नहीं चलने दिया जाएगा।

गांवों के रास्तों को किया जा रहा है बंद

किसान नेता सुनील गोदारा ने बताया कि किसान लगातार सिंचाई पानी की मांग कर रहे हैं मगर सरकार किसानों की जायज मांग को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि सिंचाई पानी की मांग को लेकर आज चक्का जाम के दूसरे दिन गांवों से नेशनल हाईवे पर आने वाले ग्रामीण रास्तों को भी किसानों के द्वारा बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव सतराना सहित अन्य रास्तों को भी किसानों के द्वारा बंद करना शुरू कर दिया गया है।

महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू का खतरा

किन लोगों को इसका रिस्क ज्यादा, डॉक्टर से जानें, बचाव और सावधानियां

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र के 6 जिलों के कई पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू के केस सामने आए हैं। इसे फैलने से रोकने के लिए 1 जनवरी से अब तक 7,200 मुर्गियों को मारा गया है और 2,230 अंडे नष्ट किए गए हैं। हालांकि, एनिमल हसबेंडरी विभाग ने इसके बदले फार्म के मालिकों को मुआवजा दिया है।

चिंता का विषय ये है कि बर्ड फ्लू के मामले सिर्फ पोल्ट्री फार्म तक सीमित नहीं हैं। इन इलाकों के बाघ, तेंदुए, गिद्ध और कौवे भी संक्रमित हो गए हैं। इसके कारण 693 पक्षियों और जानवरों की मौत भी हो चुकी है। इन पोल्ट्री फार्म के आसपास रह रहे लोगों में भी इसका संक्रमण फैलने की आशंका है।

आंध्र प्रदेश में भी तेजी से बर्ड फ्लू का संक्रमण फैल रहा है। यहां संक्रमण रोकने के लिए 1.50 लाख मुर्गियों को मारा गया है।

आमतौर पर यह वायरस पक्षियों या जानवरों में फैलता है। हालांकि, बीते कुछ सालों में इंसानों में भी इसके कई केस सामने आए हैं। बर्ड फ्लू के कारण मृत्यु दर लगभग 50% है। यही कारण है कि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के इन मामलों से लोग डर रहे हैं।

बर्ड फ्लू क्या है?

बर्ड फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस से होने वाली बीमारी है। आमतौर पर यह बीमारी पक्षियों और जानवरों को होती है। हालांकि, कई बार संक्रमित जानवरों के जरिए यह इंसानों में भी फैल सकती है। अभी तक बर्ड फ्लू के इंसानों से इंसानों में फैलने के मामले सामने नहीं आए हैं। जनरल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. त्रेहन प्रशांत बता रहे हैं–

बर्ड फ्लू के लक्षण क्या हैं?

इन्फ्लूएंजा वायरस सबसे पहले रेस्पिरेटरी सिस्टम को प्रभवित करता है। इसलिए गले में खराश और खांसी हो सकती है। इसके बाद सिरदर्द और बुखार जैसे लक्षण नजर आते हैं। इसके सभी लक्षण ग्राफिक में देखिए–

बर्ड फ्लू कैसे फैलता है

बर्ड फ्लू पक्षियों से इंसानों में इन्फ्लूएंजा वायरस के जरिए फैलता है। हालांकि, यह जरूरी नहीं है

कि बर्ड फ्लू पक्षियों को सीधे छूने से ही फैलेगा। असल में इन्फ्लूएंजा वायरस कई दिनों तक जीवित रह सकता है। संक्रमित पक्षी के मल और लार के जरिए यह वायरस 10 दिनों तक फैल सकता है। संक्रमित सतह को छूने से भी संक्रमण फैल सकता है। संक्रमित मुर्गी या अंडे खाने से भी इसका संक्रमण हो सकता है।

संक्रमण का सबसे ज्यादा खतरा किसे है?

बर्ड फ्लू के संक्रमण का सबसे ज्यादा जोखिम उन लोगों को है, जो पोल्ट्री फार्म या किसी पक्षी विहार में काम करते हैं। इसके अलावा उन सभी लोगों को खतरा है, जो संक्रमित व्यक्ति के आसपास हैं या उसकी देखभाल कर रहे हैं। बर्ड फ्लू का इलाज क्या है?

बर्ड फ्लू के इलाज में कुछ एंटीवायरल दवाएं दी जाती हैं। इसमें जितनी जल्दी डाइग्नोसिस हो जाता है और इलाज शुरू हो जाता है, उतनी जल्दी रिकवरी होती है। अगर संक्रमित व्यक्ति को सांस से जुड़ी समस्या हो रही है तो रेस्पिरेटरी सपोर्ट दिया जा सकता है। इसके इलाज में जितनी देर होती है, पेशेंट को बचाना मुश्किल होता है।

बर्ड फ्लू से बचने के लिए क्या करें?

अगर अपना कोई पोल्ट्री फार्म है तो मुर्गियों का टीकाकरण करवाएं। इन्फ्लूएंजा वायरस से बचाव के लिए जानवरों और पक्षियों के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। इससे संक्रमण का खतरा कम हो जाता है।

इसके अलावा अपने बचाव के लिए डॉ. त्रेहन प्रशांत के बताए ये टिप्स फॉलो करें–

क्या बर्ड फ्लू संक्रामक है?

नहीं, बर्ड फ्लू संक्रामक नहीं है। यह इंसानों से इंसानों में नहीं फैलता है। इसका वायरस पक्षियों के जरिए इंसानों में फैलता है। इसके बावजूद अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि वायरस कभी भी म्यूटेट हो सकता है और संक्रामक हो सकता है।

क्या बर्ड फ्लू पेनडेमिक बन सकता है?

बर्ड फ्लू के अभी तक के रिकॉर्ड्स देखें तो इसके पेनडेमिक बनने की आशंका बहुत कम है। अगर इन्फ्लूएंजा वायरस का कभी कोई ऐसा म्यूटेंट आता है, जो इंसानों से इंसानों में फैल सकता है तो यह बीमारी महामारी बन सकती है। बर्ड फ्लू से आई महामारी भयानक तबाही मचा सकती है क्योंकि इसकी मृत्युदर लगभग 50% है।

बर्ड फ्लू कैसे डाइग्नोस किया जाता है?

अगर डॉक्टर को लगता है कि आपको बर्ड फ्लू हो सकता है तो वह गले या नाक से स्वैब सैंपल ले सकता है। ये सैंपल ठीक वैसे ही लिए जाते हैं, जैसे कोरोना वायरस की जांच के लिए कलेक्ट किए गए थे। कंजंक्टिवा यानी आंख की झिल्ली से स्वैब सैंपल लेकर भी बर्ड फ्लू का पता लगाया जा सकता है।

अगर बर्ड फ्लू फैल रहा है तो क्या चिकन और अंडा खाना सुरक्षित है?

अगर संक्रमण फैल रहा है तो भोजन में चिकन और अंडा अवॉइड करें। यह सच है कि अगर चिकन या अंडा 70ओC से ज्यादा टेम्प्रेचर पर 30 मिनट तक पकाया जाए तो इसका वायरस नष्ट हो जाता है। इसके बावजूद इसको पकाने से पहले ही, सिर्फ छूने से संक्रमण फैल सकता है। इसलिए कुछ दिन तक चिकन और अंडा न खाने में समझदारी है।

राहुल ब्राह्मण हैं, हिंदू धर्म का पालन करते हैं: जग्गा रेड्डी

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष जग्गा रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ब्राह्मण समुदाय से हैं और हिंदू धर्म का पालन करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर केंद्रीय मंत्री बंदी संजय को इस मामले में कोई संदेह है तो वे स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। रविवार को गांधी भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि राहुल गांधी के परिवार की विरासत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद से हमेशा जाति और धर्म से ऊपर उठकर काम किया है और कभी भी जाति को राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया है। जग्गा रेड्डी ने सवाल किया, "यह कैसे संभव है कि हिंदू धर्म का राजनीतिकरण करने और वोट मांगने वाले बंदी संजय को इस बात की जानकारी नहीं है?"

आंगनवाड़ियों के माध्यम से बाल कल्याण के लिए विशेष उपाय : अतिरिक्त कलेक्टर

कुमरमभीम आसिफाबाद , 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय संस्थाएं) दीपक तिवारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के कल्याण के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे। शनिवार को जिले के कागजनगर मंडल के इसगांव बाजार स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर ने कहा कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं के कल्याण

के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे और इसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में मूत्रालय और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर समय-समय पर निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्हें समय पर मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए जाएंगे। आसिफाबाद और कागजनगर नगर पालिकाओं में संपत्ति कर संग्रहण प्रक्रिया की जांच की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारी नगर निगम सीमा में बकाया संपत्ति कर की शत-प्रतिशत वसूली के लिए फील्ड स्तर पर कार्रवाई करें। अधिकारियों के साथ अब तक एकत्रित संपत्ति कर तथा जारी किए गए रेड नोटिसों के विवरण की समीक्षा की गई। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

रेल दुर्घटना से बचा जा सकता था: बिनय यादव

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं रोकने में सरकारी सिस्टम पूरी तरह नाकाम रहा है। सिस्टम की लापरवाही की वजह से बडी संख्या में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालु असमय ही काल के गाल में समा गए। उन्होंने यात्रियों से भी यात्रा के दौरान धैर्य रखने की अपील की है। भारी भीड की वजह से आम जनता जिस तरह ट्रेन में घुसने का प्रयास करती है उससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेल प्रशासन को भी ऐसी दुर्घटनाएं रोकने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना चाहिए। सरकार को भी ऐसी व्यवस्था बनाना चाहिए कि बिना रिजर्वेशन के ट्रेन में बैठने नहीं देना चाहिए। यात्रियों की भीड को देखते हुए समय रहते और ट्रेनों की संख्या को बढ़ाना चाहिए।

जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाएं : साध्वीश्री

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साध्वी श्री डॉ. गवेषणा जी आदि ठाना 4 के सानिध्य में आज एक आध्यात्मिक पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा महात्मा गांधी मंदिर, नालगोंडा से सुबह 6:45 बजे शुरू हुई और जेडपीएचएस स्कूल, गुडरामपल्ली में संपन्न हुई।

पदयात्रा में 30 से अधिक किशोरों और युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हैदराबाद से लगभग 85 किलोमीटर दूर आकर इस आध्यात्मिक पदयात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में सिकंदराबाद सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, किशोर मंडल सदस्यों की भी सहभागिता रही। पदयात्रा के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में तेयुप अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा ने स्वागत किया और सदस्यों का परिचय साध्वीश्री जी से करवाया।

साध्वी श्री डॉ. गवेषणा जी ने इस अवसर पर युवाओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया और उन्हें जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पदयात्राएं युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती हैं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी उन्हें मजबूत बनाती हैं।

कार्यक्रम में सभी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। तेयुप परामर्शक, पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान पदाधिकारी, सेवा प्रकोष्ठ व सेवा टीम के साथ अनेक कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सहवर्तिनी साध्वीवृन्द ने गीतिका की प्रस्तुति की और आध्यात्मिक प्रेरणा दी। अंत में मंत्री अनिल दुगड़ ने सभी सिकंदराबाद सभा के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

निजामपेट में मिला कटा हुआ शव

संगारेड्डी, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 26 वर्षीय अंगोथ दशरथ के कटे हुए अवशेष रविवार को निजामपेट के ईदुला थांडा से बरामद किए गए। गोपाल नामक एक किशोरी के पिता ने कथित तौर पर दशरथ की हत्या कर दी थी। गोपाल ने कथित तौर पर उस किशोरी को प्यार के नाम पर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

पुलिस के अनुसार, नागधर रामचंदर थांडा निवासी दशरथ की शादी एक महिला से हुई थी और उनके दो बच्चे भी थे। उसकी पत्नी अब गर्भवती थी। हालांकि, उसने कथित तौर पर पड़ोसी मेघ्या थांडा की मोगुदमपल्ली के एक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 9 की लड़की से दोस्ती कर ली थी।

सांगारेड्डी में ट्रक चलाने वाला दशरथ अक्सर लड़की से मिलने उसके हॉस्टल में आता-जाता था। हॉस्टल स्टाफ से इस बारे में पता चलने पर लड़की के पिता गोपाल को बड़ा झटका लगा और बाद में उसने दशरथ को खत्म करने की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि गोपाल ने अपनी बेटी से 12 फरवरी को दशरथ को फोन करवाकर घर बुलाया था। जब दशरथ घर पहुंचा तो गोपाल ने उससे बहस की और पत्थर से वार करके उसकी हत्या कर दी। बाद में वह शव को पास के जंगल में ले गया और शव को टुकड़ों में काटकर आग लगा दी।

इस बीच, दशरथ की पत्नी ने संगारेड्डी ग्रामीण पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। जब पुलिस ने जांच शुरू की, तो गोपाल ने शनिवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि, उसने शुरू में पुलिस को गुमराह किया कि उसने शव को कहां फेंका है। हालांकि, पुलिस ने रविवार को ईदुल थांडा से शव के कटे और जले हुए अवशेष बरामद किए।

कुंभ मेले से लौट रही महिला की मौत

जगतियाल, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुंभ मेले से लौटते समय सड़क दुर्घटना में वेंगाला प्रमिला नामक महिला की मौत हो गई। धर्मपुरी की रहने वाली प्रमिला अपने परिवार के साथ 10 दिन पहले कुंभ मेले में गई थीं। वे दो कारों में सवार होकर प्रयागराज गए थे। गुरुवार को धर्मपुरी लौटते समय एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें प्रमिला गंभीर रूप से घायल हो गई और रविवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जाट समाज ट्रस्ट द्वारा पंच दिवसीय परमेश्वर महादेव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिकन्दराबाद तेलंगाना के द्वारा पंच दिवसीय परमेश्वर महादेव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जाट समाज ट्रस्ट मन्दिर के प्रांगण में 17 फरवरी से 21 फरवरी तक रहेगा। कार्यक्रम स्थल जाट परमेश्वर महादेव मन्दिर, प्लाट नं. 938, रोड नं. 17, विनायका हिल्स कॉलोनी, अलमासगुडा, बी. एन. रेड्डी नगर, वनस्थलीपुरम होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष दूदाराम बाबल एवं सचिव बाबूलाल पुनिया ने बताया कि भव्य परमेश्वर महादेव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम का प्रारम्भ होगा। आज 17 फरवरी को प्रात: 8 बजे वरघोड़ा, कलश यात्रा व भव्य गैर, 21 कुण्डीय हवन, पांच दिवसीय कथा महोत्सव प्रात 11.15 बजे से मध्याह्न 3.15 बजे तक कथा वाचिका सुश्री साध्वी सूरज बाई सा, खरनाल गादीपती श्री दरियाव जी धौलिया के सानिध्य में होगा। तेजा गायन रात्रि 8.15 बजे से आरंभ होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष दूदाराम बाबल एवं सचिव बाबूलाल पुनिया ने सभी समाज बन्धुओं से आग्रह किया है की वे अपने प्रतिष्ठान बंद रख इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर सफल बनाएं। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा सभी बन्धुओं के सुबह 8 बजे से 10 बजे तक नास्ता, दोपहर की प्रसादी मध्याह्न 2 बजे से 4 बजे तक व रात्रि के प्रसाद व्यवस्था की गई है।

तस्करी के आरोप में 2 गिरफ्तार 6 किलोग्राम गांजा जब्त

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त की टास्क फोर्स (उत्तर) टीम ने रविवार को सिकंदराबाद में कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में दो लोगों को पकड़ा और उनके पास से छह किलोग्राम गांजा जब्त किया। पकड़े गए लोगों में सूर्यापेट के टी अखिल कुमार (23) और सिद्दीपेट के मदुगुला राकेश उर्फ रॉकी (24) शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, अखिल और राकेश ने आंध्र प्रदेश के अराकू घाटी के निवासी गेनू से गांजा खरीदा और उसे शहर में ले आए। दोनों इसे ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बना रहे थे और ग्राहकों की तलाश में थे, तभी उन्हें अल्फा होटल सिकंदराबाद के पास से पकड़ा गया। वे दोनों नियमित रूप से आंध्र प्रदेश जाकर यह प्रतिबंधित पदार्थ खरीदते थे। टास्क फोर्स के डीसीपी वाईवीएस सुधींद्र ने कहा कि पहले उन्होंने इसे टीकेआर कॉलेज मीरपेट के पास छात्रों को बेचा था। सूचना के आधार पर दो उपभोक्ताओं स्वरूप और साईनाथ को पकड़ा गया, जो दोनों इंजीनियरिंग के छात्र हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जा रही है।

पुराने शहर में कूड़ा बीनने वाले की दोस्त ने की हत्या

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुराने शहर के चत्रिनाका में शनिवार रात एक कचरा बीनने वाली महिला की उसके दोस्त ने हत्या कर दी। लक्ष्मी नामक महिला पिछले कुछ सालों से छत्रीनाका के सिख छावनी में एक मकान में अशोक नामक व्यक्ति के साथ रहती थी। महिला का कोई रिश्तेदार नहीं था और वह अशोक के साथ मिलकर सड़कों पर कूड़ा इकट्ठा करके कबाड़ की दुकानों पर बेचकर अपना गुजारा करती थी।

चत्रिनाका इंस्पेक्टर प्रसाद वर्मा ने बताया कि शनिवार रात को अशोक और लक्ष्मी के बीच कुछ विवाद हुआ, जिसके दौरान अशोक ने दुपट्टे से गला घोंटकर महिला की हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला दर्ज कर अशोक को हिरासत में ले लिया गया है।

केसीआर का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया जाएगा: तलसानी

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और सनतनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव ने आज कहा कि तेलंगाना राज्य के पहले मुख्यमंत्री और बीआरएस पार्टी सुप्रीमो कलवकुंतला चंद्रशेखर राव का जन्मदिन समारोह भव्य और उत्सवी माहौल में मनाया जाएगा। उन्होंने पूर्व गृह मंत्री महमूद अली, तेलंगाना भवन प्रभारी रावुला चंद्रशेखर रेड्डी, युवा नेता तलसानी साई किरण यादव, नामपल्ली विधानसभा क्षेत्र प्रभारी आनंद गौड़, बीआरएस पार्टी नेता विप्लव कुमार, गुर्रम पवन कुमार गौड़, मन्ने गोवर्धन रेड्डी, जीएचएमसी पार्षद मन्ने कविता रेड्डी, वेंकटेश, किशोर गौड़ और अन्य के साथ कार्यक्रम के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए तलसानी ने कहा कि जन्मदिन समारोह सुबह 10 बजे शुरू होगा और कहा कि समारोह के हिस्से के रूप में केसीआर के जीवन पर एक वृत्तचित्र की विशेष स्क्रीनिंग होगी। उन्होंने बताया, हम दप्पू कलाकारों द्वारा प्रदर्शन, आदिवासी वेशभूषा नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केसीआर के 71वें जन्मदिन के अवसर पर 71 किलो का एक विशाल केक काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर, पूर्व मंत्री हरीश राव, एमएलसी कलवकुंतला कविता, पूर्व मंत्री, एमएलसी, विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पार्षद, पूर्व निगम अध्यक्ष, पार्टी नेता, प्रशसक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न पूजा स्थलों पर बड़ी संख्या में पौधे लगाने का कार्यक्रम, फलों का वितरण, अन्नदान, विशेष पूजा और प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

भगदड़ में 18...

अचानक ट्रेन आने का अनाउंसमेंट हुआ तो लोग बिना टिकट प्लेटफार्म की तरफ भागे। इससे भगदड़ मची। दो वीकेंड से कुंभ जाने वालों की भीड़ हो रही थी, पर स्टेशन प्रशासन ने कोई कंट्रोल रूम नहीं बनाया। शनिवार को भी शाम 7 बजे से भीड़ बढ़ने लगी थी, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

पुलिस ने कहा- जान बचानी है तो लौट जाओ: प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। ट्रेन में लोग ठूंसे हुए थे। चुनिंदा पुलिस वाले दिख रहे थे। पुलिस वाले लोगों से बोल रहे थे कि जान बचानी है तो लौट जाइए। आप लोगों के पैसे नहीं गए हैं। आपकी जान बची है।

कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस सके: प्रयागराज जा रहे प्रमोद चौरसिया बताया कि मेरे पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के स्लीपर का टिकट था। लेकिन इतनी भीड़ थी कि कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस पा रहे थे। वहां इतनी धक्का-मुक्की थी कि हम जैसे-तैसे भीड़ से बाहर निकल सके।

ट्रेनों के कैंसिल और लेट होने से भीड़ बढ़ी: प्रत्यक्षदर्शी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मैं भी प्रयागराज जा रहा था। दो ट्रेनें पहले से ही देरी से चल रही थीं, कुछ रद्द कर दी गई थीं। इसलिए स्टेशन पर बेतहाशा भीड़ थी। मैंने जिंदगी में पहली बार इस स्टेशन पर इतनी भीड़ देखी। मैंने खुद छह-सात महिलाओं को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए देखा।

नॉर्थ रेलवे के अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा- कल जब यह दुखद घटना घटी, उस समय पटना की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 14 पर खड़ी थी, और जम्मू की ओर जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति प्लेटफार्म नंबर 15 पर खड़ी थी। इस दौरान प्लेटफार्म 14-15 की ओर आ रहा एक यात्री सीढ़ियों पर फिसलकर गिर गया, और उसके पीछे खड़े कई यात्री इसकी चपेट में आ गए, और यह दुखद घटना घटी। कोई भी ट्रेन रद्द नहीं की गई, न ही प्लेटफार्म में कोई बदलाव किया गया।

'सामाजिक न्याय' की...

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पंजाब का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया है, जो एक ओबीसी नेता हैं, वहीं एक मुस्लिम चेहरा और राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया है।

नौ राज्यों के एआईसीसी प्रभारियों में समगिरि शंकर उलाका (मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड के प्रभारी) शामिल हैं, जो ओडिशा के आदिवासी नेता हैं, जबकि अजय कुमार लल्लू को ओडिशा को प्रभारी बनाया गया है। जो ओबीसी वर्ग से आते हैं और यूपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हैं।

हरियाणा प्रभारी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के. हरिप्रसाद, मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तथा तमिलनाडु और पुडुचेरी के प्रभारी गिरीश चोडानकर भी ओबीसी समुदाय से आते हैं। चोडानकर गोवा के ओबीसी भंडारी समूह से हैं, जबकि हरीश राजस्थान के बाड़मेर से ओबीसी नेता हैं।

तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन मध्य प्रदेश के उज्जैन की रहने वाली ब्राह्मण हैं। वे 2009 में मंदसौर सीट से लोकसभा के लिए चुनी गई थीं। पूर्व नौकरशाह के राजू (झारखंड प्रभारी) एक दलित नेता हैं, जबकि कृष्णा अल्लावरु (बिहार प्रभारी) एक उच्च जाति का चेहरा हैं।

उच्च सदन में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्यसभा सदस्य रजनी अशोकराव पाटिल मराठा समुदाय से हैं, जो पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की करीबी रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छह निवर्तमान पदाधिकारियों में तीन-तीन उच्च जाति और तीन-तीन ओबीसी से हैं।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

मुंबई इंडियंस ने किया स्टार खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट का ऐलान

स्पिनर मुजीब उर रहमान की चमकी किस्मत

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। चोट की वजह से आईपीएल 2025 से बाहर होने वाले मुंबई इंडियंस के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह टीम ने उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान कर दिया है। दो दिन पहले ही गजनफर को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पुष्टि की कि उनके स्पिनर अल्लाह गजनफर कम से कम चार महीने तक क्रिकेट के मैदान से दूर रहेंगे। गजनफर को पिछले साल जिम्बाब्वे में अफगानिस्तान के लिए खेलते समय चोट लग गई थी। गजनफर के बाहर होने का स्टार स्पिनर मुजीब उर रहमान को फायदा हुआ है, जहां वो मुंबई की टीम में शामिल हुए हैं।

मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे मुजीब

बता दें कि मुजीब पिछले साल आईपीएल के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे, जहां उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। दिलचस्प बात यह है कि गजनफर को केकेआर ने आईपीएल 2024 में मुजीब उर रहमान की जगह 20 लाख रुपये के बेस प्राइस पर साइन किया था। हालांकि वीजा संबंधी समस्याओं की वजह से ऐसा नहीं हो सका था।

2021 के बाद कोई मैच नहीं खेले मुजीब

मुजीब ने 2021 के बाद से आईपीएल में कोई मैच नहीं खेला है। उनकी आईपीएल में शुरुआत 2018 में पंजाब किंग्स के साथ शुरू हुई थी। अपने डेब्यू सीजन में अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने 11 मैच खेले और 14 विकेट अपने नाम किए, जहां उनका इकॉनमी रेट सात से भी कम रहा था। पंजाब के लिए तीन सीजन खेलने के बाद इस स्पिनर ने आईपीएल 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व किया। इस सीजन में उन्होंने सिर्फ एक मैच खेला और दो विकेट अपने नाम किए।

ऐसा रहा है गजनफर का करियर

अफगानिस्तान के स्पिनर गजनफर ने तीनों फॉर्मेट में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है। इस युवा खिलाड़ी ने टीम के लिए 11 वनडे और 19 टी-20 मैच खेले हैं और 21 विकेट और 30 विकेट लिए हैं। फ्रेंचाइज क्रिकेट में उन्होंने 19 टी-20 मैचों में 13.50 की शानदार औसत और 6.12 की शानदार इकॉनमी रेट से 30 विकेट लिए हैं।

'विराट कोहली को गले मत लगाना'

भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान टीम को स्पेशल मैसेज मिला है

इस्लामाबाद, 16 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी2025 में फैंस को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का बेसब्री से इंतजार है, जो 23 फरवरी से दुबई में होगा। इस मैच से पहले पाकिस्तान टीम को स्पेशल मैसेज मिला है।

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत अगले हफ्ते से पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच से होगी। इस बड़े इवेंट में दुनिया का टॉप आठ टीमें भाग ले रही हैं।

इस टूर्नामेंट में फैंस को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का बेसब्री से इंतजार है, जो 23 फरवरी से दुबई में होगा। यह टूर्नामेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित होने वाला था, लेकिन बीसीसीआई ने कहा कि वह भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा।

इसके बाद टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

बीसीसीआई के इस फैसले से पाकिस्तान के फैंस काफी नाराज हैं, जो सालों बाद अपने देश में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच देखने की उम्मीद कर रहे थे। पाकिस्तान के पत्रकार फरीद खान के अनुसार, पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस भारत से नाराज हैं।

उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें एक पाकिस्तानी फैंस मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम से चैंपियंस ट्रॉफी मैच तक भारतीय क्रिकेटरों के साथ अपनी दोस्ती को अलग रखने के लिए कह रहा है। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से विराट कोहली और अन्य भारतीय खिलाड़ियों को गले न लगाने के लिए भी कहा।

पिछली बार पाकिस्तान ने दर्ज की थी जीत

दरअसल 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में सरफराज अहमद की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम ने विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया को हराकर देश के इतिहास की सबसे मशहूर जीत दिलाई थई।

भारत ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को हराया था और उम्मीद थी कि टीम खिताब भी जीतेगी। लेकिन पाकिस्तान ने फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया।

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा भारी

टी-20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप में जहां भारत का पाकिस्तान पर दबदबा है, वहीं चैंपियंस ट्रॉफी में मेन इन ग्रीन टीम इंडिया पर भारी पड़ती है। दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट में पांच मैच खेले गए हैं, जहां पाकिस्तान ने तीन जबकि भारत ने दो मैच जीते हैं।

माझी मुंबई आईएसपीएल सीजन-2 की चैंपियन बनी

फाइनल में श्रीनगर को 3 विकेट से हराया; कप्तान पावले ने 9 बॉल पर 22 रन बनाए

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग सीजन-2 के रोमांचक फाइनल में मुंबई ने श्रीनगर को 3 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ दूसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची मुंबई की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में श्रीनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 120 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 9.3 ओवर में 121/7 का स्कोर बनाया और 3 विकेट से खिताब अपने नाम कर लिया।

श्रीनगर के लिए सागर अली और आकाश तारेकर ओपनिंग करने आए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करी। आकाश ने 32 बॉल पर 59 रन की पारी खेली। इनिंग में 3 छक्के और 5 चौके लगाए। वहीं सागर ने 23 बॉल पर 40 रन बनाए। उन्होंने पारी में 4 छक्के भी लगाए। श्रीनगर ने पहले बैटिंग करके 5 विकेट पर 120 रन

बनाए। टीम ने 108/0 के स्कोर के बाद मात्र 12 रन पर 5 विकेट गंवाए।

108 रन की मजबूत साझेदारी को आईएसपीएल के सबसे महंगे प्लेयर अभिषेक ने तोड़ा। उन्होंने टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर सागर अली को लॉन्ग ऑफ पर कप्तान विजय पावले के हाथों कैच कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए संस्कार ध्यानी को भी उन्होंने शून्य के स्कोर पर पवेलियन भेजा। अभिषेक ने 2 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए।

श्रीनगर की पारी का पहला और आखिरी ओवर डालने वाले राजेंद्र सिंह ने 2 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने लोकेश को 3 और दिलीप बिंजवा को 1 रन पर आउट किया। आकाश ने 59 रन बनाकर 10वें ओवर की आखिर बॉल पर रन आउट हुए।

121 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी माझी मुंबई के ओपनर मोहम्मद नदीम ने प्रबजोत के पहले ओवर में 12 रन बनाए। हालांकि तीसरे ओवर में उन्हें सुवरोनिल रॉय ने पवेलियन भेज दिया। उनके बाद बल्लेबाजी करने आए योगेश पेनकर ने पहली बॉल पर सिक्स लगाया। लेकिन उन्हें भी सुवरोनिल ने 8 रन कीपर के हाथों कैच करा दिया। मुंबई का तीसरा विकेट महेंद्र चंदन के रूप में गिरा, यहां सुवरोनिल ने आउटफील्ड पर डाइविंग कैच लिया। महेंद्र को राजू मुख्या ने 13 रन पर आउट किया।

मुंबई की पारी का सातवां ओवर डालने आए राजेश ने मैच श्रीनगर की तरफ कर दिया। उन्होंने अपनी पहली दोनों बॉल पर विकेट लिए। पहले राजेश ने एक साइड से बल्लेबाजी कर रहे रजत मुंधे को 23 रन पर आकाश के हाथों कैच कराया, वहीं बल्लेबाजी करने आए अभिषेक डलहोर को शून्य पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। इस समय मुंबई का स्कोर 64/4 रन था।

मुंबई के कप्तान विजय पावले ने बीरेंद्र राम के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 48 रन जोड़े। दोनों ने मिलकर आईएसपीएल 50-50 ओवर में 37 रन बना डाले। आठवां ओवर डाल रहे दिलीप बिंजवा को पहले योगेश ने 2 सिक्स लगाया। इसके बाद उन्होंने सिंगल लिया। स्ट्राइक पर आए बीरेंद्र राम ने फिट लगातार 2 सिक्स लगा दिए। इस ओवर में टोटल 25 रन बने लेकिन 50-50 ओवर के मुताबिक उनके स्कोर में 12 रन और जुड़ गए। विजय ने 9 बॉल पर 22 रन बनाए। उन्होंने 3 छक्के लगाए। वहीं राम ने 6 बॉल पर 14 रन की पारी खेली।

पुरूष प्रो लीग हॉकी में भारतीय टीम की हार, स्पेन ने 3-1 से हराया

भुवनेश्वर, 16 फरवरी (एजेंसियां)। स्पेन ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक मैच में मिली हार का बदला चुकता करते हुए भारत को एफआईएच पुरूष प्रो लीग मैच में 3-1 से हरा दिया। सत्र के पहले प्रो लीग मैच में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। स्पेन के लिये बोर्जा लाकाले (28वां मिनट), इग्नाशियो कोबोस (38वां) और ब्रूनो अविला (56वां मिनट) ने गोल दागे । भारत के लिये एकमात्र गोल 25वें मिनट में सुखजीत सिंह ने किया।

पहला क्वार्टर एक दूसरे की ताकत को आजमाने का रहा। अभिषेक ने एक मौका ललित उपाध्याय के लिए बनाया, लेकिन इसके अलावा भारतीय टीम कोई हमला नहीं बोल सकी। दूसरी ओर भारतीय गोलकीपर कृशन बहादुर को भी पहले क्वार्टर में

मेहनत नहीं करनी पड़ी क्योंकि स्पेनिश खिलाड़ियों के शॉट सटीक नहीं पड़े।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में गोलकीपर सूरज करकेरा को उतारा और उन्होंने आते ही स्पेन का एक गोल बचाया। सुखजीत ने 25वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा जिन्हें दाहिने फ्लैंक से जरमनप्रीत सिंह ने पास दिया था। वह पहले प्रयास में इसे ट्रैप करने में नाकाम रहे लेकिन तेजी से दमदार रिवर्स हिट पर स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देकर गोल किया।

तीन मिनट बाद स्पेन ने बराबरी का गोल दागा। भारतीय टीम के कमजोर रक्षण का फायदा उठाते हुए तीसरे क्वार्टर में इग्नाशियो ने टीम को बढत दिला दी। भारत ने तीसरे और चौथे क्वार्टर में कई पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। आखिरी सीटी बजने से चार मिनट पहले हरमनप्रीत की गलती से मिले पेनल्टी कॉर्नर पर ब्रूनो ने स्पेन के लिये तीसरा गोल दागा।

पाकिस्तानी टीम में पड़ी फूट? ऑलराउंडर फहीम अशरफ के होने से रिजवान नाखुश, बासित अली का बड़ा दावा

इस्लामाबाद,, 16 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को होस्ट करने के लिए पूरी तरह से तैयार है. पाकिस्तानी टीम और पाकिस्तानी फैंस का भी जोश हाई है. हालांकि इसी बीच पाकिस्तान के एक पूर्व क्रिकेटर ने बड़ा बयान देकर हड़कंप मचा दिया है. पूर्व क्रिकेटर बासित अली के मुताबिक पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान टीम में फहीम अशरफ के होने से खुश नहीं हैं. बताया जा रहा है कि अशरफ के पाकिस्तानी स्क्वाड में शामिल होने पर रिजवान ने नाराजगी जाहिर की है.

फहीम अशरफ को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अहम मैच में खेलने का मौका मिला. ऑल राउंडर की भूमिका में नजर आने वाले फहीम ने 14 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल में शिरकत की थी लेकिन वो खास कमाल नहीं कर पाए थे. पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल गंवा दिया था और बड़े मैच में अशरफ के बल्ले से सिर्फ 21 रन निकले थे जबकि गेंदबाजी में उन्होंने 2.2 ओवर करते हुए 16 रन दिए थे. इस मैच के बाद बासित अली ने बड़ा बयान दिया है.

पाकिस्तान के ट्राई सीरीज के फाइनल में हारने के बाद बासित अली ने कहा, 'रिजवान ने साफ तौर पर दिखाया (पाकिस्तान-न्यूजीलैंड ट्राई सीरीज फाइनल) कि वो फहीम अशरफ के टीम में होने से नाखुश थे. उन्होंने उन्हें सिर्फ दो ओवर गेंदबाजी कराई. और उन्हें दोबारा गेंदबाजी में उस समय लाए जब पाकिस्तान लगभग मैच हार चुका था'. 31 साल के फहीम ने पाकिस्तान के लिए तीनों ही फॉर्मेट में क्रिकेट खेला है. बात उनके वनडे करियर की करें तो वो अब तक 35 मैच खेल चुके हैं. 5.18 की शानदार इकोनॉमी रेट के साथ उन्होंने 26 विकेट झटके हैं. हालांकि बल्लेबाजी मेंउनका रिकॉर्ड काफी खराब रहा है. वनडे में उनके नाम सिर्फ 246 रन दर्ज है. उन्होंने ना कोई शतक लगाया है और ना ही कोई हाफ सेंचुरी.

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी ने 3 महीने का बैन स्वीकारा

जैनिक सिनर डोप टेस्ट में फेल हुए थे, पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ओपन जीता था

खेल डेस्क, 16 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने 3 महीने का बैन स्वीकार कर लिया है। वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी ने स्टेटमेंट जारी कर कहा- 'सिनर ने गलती स्वीकार कर ली है। इसलिए उन पर 3 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है।'

23 साल के सिनर वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी के दोनों टेस्ट में फेल हो गए थे, लेकिन इंटरनेशनल टेनिस महासंघ ने उन पर बैन नहीं लगाया था। ऐसे में वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में सिनर के खिलाफ अपील दाखिल की थी, जिसकी सुनवाई अप्रैल 2025 को होनी थी।

सुनवाई से पहले ही वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी और सिनर के बीच 3 महीने के प्रतिबंध पर समझौता हो गया। यह प्रतिबंध 9 फरवरी से लागू होगा, जोकि 4 मई 2025 तक रहेगा। इटैलियन स्टार 25 मई से शुरू हो रहे फ्रैंच ओपन में खेलते नजर आएंगे।

डोपिंग मामले में सिनर ने कहा-

यह मामला एक साल से लटक रहा था और प्रोसेस इतनी लंबी है कि फैसला साल के आखिर में ही आता। मैने हमेशा स्वीकार किया है कि मेरी टीम के लिए मैं जिम्मेदार हूं और मुझे लगता है कि खेल की सुरक्षा के लिए वाडा के कड़े नियम जरूरी है।

यही वजह है कि मैने मामला निपटाने के लिए तीन महीने के प्रतिबंध की वाडा की पेशकश

स्वीकार कर ली।

सिनर डोपिंग टेस्ट में फेल, पर प्रतिबंध नहीं लगा था

यह मामला 2024 का है। सिनर एक टूर्नामेंट के दौरान वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी के डोप टेस्ट में फेल हो गए थे, लेकिन इंटरनेशनल टेनिस इंटेग्रिटी एजेंसी ने सिनर पर प्रतिबंध नहीं लगाया था। इसी के विरोध में वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसीने ो सीएएस में अपील की थी।

सिनर के शरीर में पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरायड क्लोस्टेबोल के अंश पाए गए थे। तब सिनेर ने कहा था- 'एक ट्रेनर से मालिश के दौरान यह अंश उनके शरीर में आ गए, क्योंकि उसने अपनी ऊंगली कटने के बाद इस पदार्थ का इस्तेमाल किया था।'

ऑस्ट्रेलिया ओपन का लगातार दूसरा खिताब जीते

इटली के युवा स्टार जैनिक सिनर ने 26 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया ओपन का टाइटल जीता था।

मेलबर्न के रोड लिवर एरिना में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (7-4), 6-3 से हराया था। वे साल के पहले ग्रैंडस्लैम में लगातार दूसरी बार चैंपियन बने थे।

तीन खिलाड़ियों को लेकर आपस में भिडे थे गंभीर-अगरकर!

चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया में इस समय सब-कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ऐसा लग रहा है कि चैम्पियंस ट्रॉफी में किन खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिए और किसे नहीं, इसको लेकर हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के बीच सहमति नहीं बन सकी है। दावा किया गया है कि गंभीर और अगरकर भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में श्रेयस अय्यर, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और केएल राहुल को शामिल करने को लेकर एकमत नहीं थे और इसको लेकर दोनों के बीच बहस भी हुई थी।

'टाइम्स ऑफ इंडिया' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कथित तौर पर यह बहस अय्यर को टीम में बनाए रखने और केएल राहुल और ऋषभ पंत के बीच वनडे के लिए पहली पसंद के विकेटकीपर को लेकर थी। इसमें कहा गया, 'सिलेक्शन कमिटी के प्रमुख अगरकर ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम की घोषणा करते हुए दावा किया था कि विकेटकीपर के रूप में पंत पहली पसंद हैं। जैसा कि पता चला, पंत टीम में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्हें इंग्लैंड सीरीज में तीन वनडे मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला।'

बता दें कि अय्यर को भारत-इंग्लैंड के बीच पहले वनडे से बाहर रखा गया था, लेकिन आखिरी समय में विराट कोहली के चोटिल होने के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। इस मैच में उन्होंने बेहतरीन पारी खेली थी। इस पर दुबई के लिए टीम के रवाना होने से पहले गंभीर ने कहा था कि अय्यर को पूरी सीरीज में बेंच पर नहीं बैठाया जाना चाहिए था। उन्होंने बताया था कि वे यशस्वी जायसवाल को वनडे में मौका देना चाहते थे और इसलिए उन्हें डेब्यू का मौका दिया गया। इस बीच अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ दो फिफ्टी जड़ीं और इस तरह नंबर 4 बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली।

आईपीएल के 18वें सत्र का कार्यक्रम जारी

कोलकाता और आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। इस दौरान 22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे। वहीं, फाइनल समेत प्लेऑफ के सभी मुकाबले 20 से 25 मई तक खेले जाएंगे। 22 मार्च को बेंगलुरु और कोलकाता के बीच मुकाबले के बाद 23 मार्च यानी रविवार को डबर हेडर मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को पहले डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के सामने राजस्थान रॉयल्स की चुनौती होगी, जबकि दूसरे मैच में मुंबई की टीम का सामना चेन्नई से होगा। हम आपको पूरा शेड्यूल बता रहे हैं

गौतम गंभीर द्वारा गिफ्ट में मिले बल्ले से

सजना संजीवन ने डब्ल्यूपीएल में नाम किया रोशन, 16 छक्के-चौके उड़ाते हुए ठोके 88 रन

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसियां)। डब्ल्यूपीएल 2025 का आगाज हो चुका है, जहां एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं. इसी महिला प्रीमियर लीग में खेल रही एक खिलाड़ी सजना संजीवन भी हैं, जिन्हें पूर्व क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर से बल्ला गिफ्ट मिल चुका है. संजीवन की मानें तो गंभीर से मिला बल्ला उनके लिए बेशकीमती तोहफा है. हो भी क्यों ना, खासकर उस खिलाड़ी के लिए जिसने 18 साल की उम्र तक सिर्फ प्लास्टिक के बल्ले से क्रिकेट खेला हो.

ऑटो ड्राइवर की बेटी सजना संजीवन के हुनर को पहले तो सराहा ही गया है. मगर डब्ल्यूपीएल में उतरने के बाद उन्हें एक अलग पहचान मिली है. उन्होंने अपने डेब्यू मैच में ही मुंबई इंडियंस के लिए धमाका कर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था. डब्ल्यूपीएल 2024 में सजना ने अपने डेब्यू मैच में आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर जीत दिलाई थी. इसके बाद तो सजना के सपनों को जैसे पर लग गए. डब्ल्यूपीएल में अब तक सजना संजीवन कुल 10 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 57 गेंदों का सामना किया है और 88 रन बनाए हैं. उन्होंने इस दौरान 3 छक्के और 13 चौके जड़े. यानी उन्होंने कुल 16 छक्के-चौके उड़ाए हैं. सजना के बनाए 88 रनों में 87 रन पिछले सीजन के हैं. जबकि डब्ल्यूपीएल 2025 के अपने पहले मैच में उन्होंने सिर्फ 1 रन बनाया है. डब्ल्यूपीएल के पहले सीजन में अनसोल्ड रहने वाली सजना संजीवन को दूसरे सीजन में मुंबई इंडियंस ने 15 लाख रुपये में खरीदा था. और, अब उसे अपने उस फैसले पर फक्र हो रहा होगा. वो महिला प्रीमियर लीग में खेलने वाली केरल की आदिवासी कम्यूनिटी से आने वाली सिर्फ दूसरी क्रिकेटर हैं.

केटीआर ने गुरुकुल को खत्म करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि केसीआर के कार्यकाल में फलने-फूलने वाले गुरुकुल अब कांग्रेस के एक साल के शासन में ही बदहाल हो गए हैं।

उन्होंने सीएम रेवंत रेड्डी पर जानबूझकर गुरुकुलों को खत्म करने का आरोप लगाया, जिनकी स्थापना वंचित बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक महान दृष्टिकोण के साथ की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केसीआर की विरासत को मिटाने के अपने संकीर्ण इरादे से इन संस्थानों को निशाना बना रही है। इस विपरीतता को उजागर करते हुए केटीआर ने बताया कि बीआरएस सरकार के दौरान एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यक गुरुकुलों में 41,000 सीटों के लिए 1.68 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। हालांकि, कांग्रेस सरकार के तहत 51,000 सीटों के लिए केवल 80,000 आवेदन जमा किए गए हैं। इसका मतलब है कि 80,000 से ज़्यादा अभिभावकों का सिस्टम पर से भरोसा उठ गया है और वे अपने बच्चों के दाखिले

के लिए आवेदन करने को तैयार नहीं हैं। केटीआर ने दुख जताया कि एक समय गुरुकुल में दाखिले के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी, लेकिन आज अभिभावक अपने बच्चों को वहां भेजने से कतराते हैं। उन्होंने इस बदलाव के लिए कांग्रेस शासन में गुरुकुलों में भूख, सांप के काटने, आत्महत्या और फूड पॉइजनिंग के कारण 50 से ज़्यादा छात्रों की दुखद मौतों को जिम्मेदार ठहराया। सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण गुरुकुलों में घटते भरोसे पर गहरी चिंता जताते हुए केटीआर ने कहा, अब अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई से ज़्यादा उनकी जान का डर सता रहा है। उन्होंने मृतक छात्रों के परिवारों को सांत्वना देने में भी विफल रहने के लिए कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की। इसके बजाय, मंत्रियों और विधायकों ने दुखद मौतों को नज़रअंदाज़ किया और सरकार ने बीआरएस नेताओं को दबाने का प्रयास किया, जो शोकाकुल परिवारों से मिलना चाहते थे। केटीआर ने याद दिलाया कि गुरुकुल के छात्र कभी डॉक्टर और इंजीनियर बनते थे, लेकिन अब कांग्रेस सरकार की दूरदर्शिता की कमी के कारण उन्हें अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रेवंत रेड्डी की भेदभावपूर्ण मानसिकता और खुद शिक्षा मंत्रालय संभालने के बावजूद गुरुकुल प्रणाली को पंगु बनाने के उनके जानबूझकर किए गए प्रयासों को दोषी ठहराया। केटीआर ने चेतावनी दी कि गुरुकुलों में घटता भरोसा लोगों की इस समझ को दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार के बड़े-बड़े वादे महज छलावा मात्र थे। उन्होंने सरकार पर लाखों बच्चों के भविष्य के प्रति आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया और गुरुकुलों को उनके पूर्व गौरव को बहाल करने के लिए स्थिति की तत्काल समीक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि तब तक बीआरएस कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

केटीआर बेंगलुरु में टेक एंड इनोवेशन समिट में आमंत्रित

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व आईटी और उद्योग मंत्री और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव को 27 और 28 फरवरी, 2025 को बेंगलुरु में होने वाले टेक एंड इनोवेशन समिट (टीआईएस) 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन एंटरप्रेन्योर इंडिया में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन, केटीआर डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाना: तकनीकी रूप से उन्नत भविष्य के लिए नवाचार और रणनीति पर मुख्य भाषण देंगे। एआई टेकेड थीम पर आधारित टीआईएस 2025 में उद्योग के शीर्ष नेता, निवेशक और नीति निर्माता व्यापार और प्रौद्योगिकी पर एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएंगे। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक वक्ता भाग लेंगे, एआई, डिजिटल परिवर्तन, ऑटोटेक, स्पेसटेक और हेल्थटेक पर प्रमुख सत्र होंगे, साथ ही प्रतिष्ठित गाला आईडिया पुरस्कार भी होंगे।

कोदंडा रेड्डी ने किसान आयोग के खिलाफ टिप्पणी की निंदा की

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कृषि एवं किसान कल्याण आयोग के अध्यक्ष एम. कोदंडा रेड्डी ने तेलंगाना में आयोग की आवश्यकता के बारे में अटकलों पर कड़ी असहमति जताई है। रविवार को जारी एक बयान में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आयोग किसानों और राज्य सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है, जो किसानों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करता है।

तेलंगाना में लगभग 6 मिलियन किसान परिवार रहते हैं, और कृषि आयोग एक स्वतंत्र इकाई के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इसका मिशन कृषि और संबंधित क्षेत्रों को आगे बढ़ाना है, जिससे पूरे राज्य में किसानों को काफी लाभ होगा। कोदंडा रेड्डी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने 2024 के विधानसभा चुनावों के लिए अपने घोषणापत्र में किसान आयोग की स्थापना को शामिल किया था, और रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के तुरंत बाद इसका गठन किया गया था, जिससे यह वादा पूरा हुआ। उन्होंने आगे कहा कि आयोग किसानों को समर्थन देने और कृषि क्षेत्र में लाभप्रदता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बदलावों को लागू करने के लिए समर्पित है।

एसीबी ने सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों को फर्जी कॉल के खिलाफ सचेत किया

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा है कि उन्हें पता चला है कि कुछ निजी व्यक्ति एसीबी अधिकारियों के नाम पर फर्जी कॉल करने और सरकारी कर्मचारियों को उनके खिलाफ मामला दर्ज न करने के लिए पैसे की मांग करके धमकाने में लिप्त हैं। इस संबंध में, हम जनता को सूचित करते हैं कि, एसीबी अधिकारी कभी भी सरकारी कर्मचारियों को उनके खिलाफ मामला दर्ज न करने के लिए पैसे की मांग नहीं करते हैं। सरकारी कर्मचारियों को ऐसे कॉल पर विश्वास नहीं करना चाहिए या ऐसे फर्जी कॉल करने वालों को भुगतान नहीं करना चाहिए। अगर एसीबी अधिकारियों के नाम पर किसी सरकारी कर्मचारी या आम लोगों को ऐसी कोई फर्जी कॉल आती है, तो तुरंत एसीबी टोल फ्री नंबर 1064 पर संपर्क करें और स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी सूचित करें। एसीबी तेलंगाना से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यानी व्हाट्सएप (9440446106), फेसबुक (तेलंगाना एसीबी), एक्स/पूर्व में ट्विटर (@तेलंगानाएसीबी) के जरिए भी संपर्क किया जा सकता है। शिकायतकर्ता/पीड़ित का नाम और विवरण गुप्त रखा जाएगा।

ड्रग्स बेचने के आरोप में 3 गिरफ्तार

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग के कर्मियों ने रविवार को उप्पल में ड्रग्स बेचने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने उनके पास से 18 ग्राम एमडीएमए, 53 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला गांजा और 1.24 किलोग्राम चरस जब्त की।

गिरफ्तार प्रकाशम जिले के मूल निवासी जगदीश रेड्डी, कडप्पा के अकबर हुसैन और कुरनूल जिले के अजय कुमार उप्पल के चिलकुरनगर में रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीनों अलग-अलग स्रोतों से ड्रग्स खरीदकर शहर में ग्राहकों को बेचते थे। उनके खिलाफ मद्य निषेध एवं आबकारी थाने, उप्पल में मामला दर्ज किया गया है।

नाइजीरियाई नागरिक को उसके देश भेजा गया

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। देश में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रह रहे एक नाइजीरियाई नागरिक को हैदराबाद पुलिस ने पकड़ लिया और उसे उसके देश वापस भेज दिया। नाइजीरिया के मूल निवासी इकेचुकु सिल्वेस्टर मबाह (40) 2012 में बिजनेस वीजा पर भारत आए थे। भारत में रहने के शुरुआती दिनों में वे कपड़े के कारोबार से जुड़े थे।

2019 में नवी मुंबई पुलिस ने पासपोर्ट मामले में सिल्वेस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद वह नवी मुंबई के अपने दोस्त उल्वे के साथ रह रहा था, जो ड्रग तस्करी में शामिल था।

2015 में वह हैदराबाद आया और इधर-उधर घूम रहा था, तभी संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया और पूछताछ में पता चला कि उसका वीजा समाप्त हो चुका है। टास्क फोर्स के डीसीपी वाईवीएस सुधींद्र ने कहा कि उसे हिरासत में ले लिया गया और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समन्वय में प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद सिल्वेस्टर को उसके देश भेज दिया गया।

भाजपा ने सत्ता में आने के बाद तेलंगाना पर 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किए : किशन रेड्डी

हनमकोंडा, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज मीडियाकर्मियों से अपील की कि वे विस्तार से लिखें कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पीएम मोदी सरकार ने क्या किया है और उन्होंने कहा कि मीडिया के लिए सवाल पूछना, उन्हें समझाना और तथ्य लिखना बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद तेलंगाना राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं और कहा कि राज्य को ऋण के रूप में 10 लाख करोड़ रुपये और दिए गए हैं। हमने रामागुंडम में यूरिया इकाई, काजीपेट में कोच फैक्ट्री के लिए %,000 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 1.20 लाख करोड़ रुपये और रामप्पा मंदिर के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये दिए हैं। उन्होंने कहा, "हमारे पास कोमुरवेली रेलवे स्टेशन सहित 40 रेलवे स्टेशनों के जीर्णोद्धार की योजना है और सम्मक्का सरलम्मा मंदिर के विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये और बीबीनगर में एम्स अस्पताल के निर्माण के लिए 1350 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।" रविवार को एमएलसी चुनाव प्रचार के तहत जिले में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे बयारम स्टील फैक्ट्री की स्थापना पर सर्वेक्षण के अनुसार आगे बढ़ेंगे और कहा कि हालांकि वह राज्य में कारखाना चाहते थे, लेकिन इस तथ्य का पता चलने के बाद कि क्षेत्र में निकालने के लिए पर्याप्त स्टील नहीं है, इसे स्थापित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मजाक उड़ाया कि 2018 में बीआरएस पार्टी के नेताओं केसीआर, केटीआर और हरीश राव ने अतिरंजित दावे किए थे कि वे अपने दम पर स्टील फैक्ट्री स्थापित करेंगे, लेकिन ऐसा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा 27 फरवरी को तेलंगाना में होने वाले सभी तीन एमएलसी सीटों के चुनाव में चुनाव लड़ेगी और कहा कि पार्टी तीनों सीटों पर सद्भावना का माहौल देख रही है। उन्होंने दावा किया कि सभी शिक्षक, कर्मचारी, बेरोजगार और सभी क्षेत्रों के लोग सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के पूरी तरह से विरोध में हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की, "ये चुनाव भाजपा को पूर्ण सकारात्मक परिणाम देने जा रहे हैं।"

पूर्व निगम अधयक्षों ने पौधे लगाकर केसीआर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के पहले मुख्यमंत्री कलवकुंतला चंद्रशेखर राव के जन्मदिन के अवसर पर, बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव, ग्रीन इंडिया चैलेंज के संस्थापक और पूर्व राज्यसभा सदस्य जोगिनीपल्ली संतोष कुमार ने आज यहां पंजागुट्टा के जलागम वेंगाला राव पार्क में विभिन्न राज्य स्तरीय निगमों के 40 पूर्व अध्यक्षों द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया और केसीआर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए बड़े पैमाने पर पौधे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए, अध्यक्षों ने कहा कि नवगठित तेलंगाना राज्य केसीआर के दिमाग की उपज हरित हरम कार्यक्रम की मदद से एक हरित तेलंगाना राज्य में बदल गया है, और कहा कि पिछले 10 वर्षों में, तेलंगाना राज्य ने सभी क्षेत्रों में विकास किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे ईश्वर से सच्चे मन से कामना कर रहे हैं कि केसीआर पूरे 100 साल तक स्वस्थ रहें। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव और ग्रीन इंडिया चैलेंज के संस्थापक जोगिनीपल्ली संतोष कुमार ने कहा कि केसीआर के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा पौधे लगाए गए और कहा कि राज्य भर में सभी को पौधे लगाने चाहिए, रक्तदान करना चाहिए, विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए और केसीआर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देनी चाहिए।

संतोष ने कहा, "मैं बीआरएस पार्टी और ग्रीन इंडिया चैलेंज की ओर से उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।"

पूर्व एमएलसी कर्ण प्रभाकर, पूर्व निगम अध्यक्ष मयडे राजीव सागर, डुडिमेटला बलराजू यादव, देवी प्रसाद, मुजीबुद्दीन, गुडुर प्रवीण, एरोला श्रीनिवास, गेलु श्रीनिवास, जुलुरी गौरी शंकर, मेट्टू श्रीनिवास, सुमित्रा आनंद, रजनी साईचंद, मंत्री श्रीदेवी, मन्ने कविता, चिरुमल्ला राकेश, अंजनेयुलु गौड़, गज्जेला नागेश, वासुदेव रेड्डी, वाई सतीश उपेन्द्र, पल्ले रवि, अकबर हुसैन, नागेंद्र इस अवसर पर गौड़, माथम बिक्षापति, वेंकटेश्वर रेड्डी, सर्वोत्तम, मन्ने गोवर्धन, तुंगबालु, गोसुला श्रीनिवास, मेट्टू श्रीनिवास, श्रीधर, राघवेंद्र यादव, पूर्णचंदर, सतीश, एनएन राजू, अमृत चौहान और अन्य उपस्थित थे।

मेडचल, शमीरपेट मेट्रो कॉरिडोर का सर्वेक्षण जोरों पर : एनवीएस रेड्डी

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद एयरपोर्ट मेट्रो लिमिटेड (एचएएमएल) के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने कहा कि जेबीएस से मेडचल (24 किमी) और जेबीएस से शमीरपेट (21 किमी) मेट्रो कॉरिडोर के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए आवश्यक विभिन्न सर्वेक्षण कार्य जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि डीपीआर तैयार करने के लिए मुख्य रूप से तीन प्रकार के अध्ययनों यातायात सर्वेक्षण, भू-तकनीकी जांच और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन की आवश्यकता होती है। एनवीएस रेड्डी ने कहा कि यातायात सर्वेक्षण से संबंधित अध्ययन में कई कारकों की जांच की जाएगी, जैसे कि इन गलियारों में होने वाली दैनिक यात्राओं की वर्तमान संख्या, भविष्य की दैनिक यात्राओं का अनुमान, विभिन्न स्थानों पर जंक्शनों पर मोड़, पैदल यात्रियों की संख्या, वाहन यात्राओं में लगने वाला समय, उन वाहनों की यात्राओं का प्रतिशत जिन्हें मेट्रो रेल में परिवर्तित किए जाने की संभावना है, और उन स्थानों पर यात्रा घनत्व जहां विभिन्न मेट्रो स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव अध्ययन में इन मार्गों पर वर्तमान वायु गुणवत्ता, हवा में धूल कणों का प्रतिशत, प्रदूषकों की पहचान, ध्वनि प्रदूषण, जल संसाधन, वनस्पतियों और जीवों की जैव विविधता और आजीविका पर परियोजना के प्रभाव जैसे कारकों की जांच की जाएगी।

एनवीएस रेड्डी ने कहा कि चूंकि एचएमडीए और राष्ट्रीय राजमार्ग एजेंसी ने पहले ही कुछ भूमि क्षमता अध्ययन किए हैं, इसलिए मेट्रो अब जेबीएस-मेडचल मार्ग पर 25 स्थानों और जेबीएस-शामीरपेट मार्ग पर 19 स्थानों पर ये भूमि क्षमता परीक्षण कर रही है।

ग्रेस कैंसर फाउंडेशन और इंफोसिस फाउंडेशन ने एमओयू का आदान-प्रदान किया

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेस कैंसर फाउंडेशन और इंफोसिस फाउंडेशन ने जुबली हिल्स एक होटल में शनिवार शाम को आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में तेलंगाना सरकार के महिला विकास और बाल कल्याण निदेशक ए. कांथी वेस्ले की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया। एमओयू का औपचारिक रूप से ग्रेस कैंसर फाउंडेशन के संस्थापक और वरिष्ठ सलाहकार रोबोटिक सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. चिन्नाबाबू सुंकावल्ली और इंफोसिस फाउंडेशन की ओर से इंफोसिस लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर वामशी मुथ्यापु द्वारा आदान-प्रदान किया गया। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के शुभ अवसर पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू एचपीवी टीकाकरण अभियान के लिए किया गया। इस समझौते के तहत इंफोसिस फाउंडेशन ग्रेस कैंसर फाउंडेशन को 500 लाभार्थियों तक सहायता प्रदान करेगा। कुल मिलाकर यह 1000 खुराक होगी क्योंकि लाभार्थियों को छह महीने के भीतर दो खुराक लेने की जरूरत है। इस अवसर पर बोलते हुए तेलंगाना सरकार के महिला विकास और बाल कल्याण निदेशक ए. कांथी वेस्ले ने कहा कि तेलंगाना को कैंसर मुक्त राज्य बनना चाहिए। उन्होंने इस पहल के लिए दोनों फाउंडेशनों की सराहना की जो समय की जरूरत है। उन्होंने इंफोसिस फाउंडेशन के प्रतिनिधि वामशी मुथ्यपु से विभाग द्वारा संचालित अनाथालय में पढ़ने वाली 100 लड़कियों को टीका लगाने पर विचार करने की अपील की। जिस पर श्री वामशी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और अनाथालय की सौ लाभार्थियों को 8 मार्च को विश्व महिला दिवस पर एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ चिन्नाबाबू ने कहा कि आइए हम रोके जा सकने वाले कैंसर को रोकें। एचपीवी वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को 100% रोका जा सकता है आइए तेलंगाना को सर्वाइकल कैंसर मुक्त दिवस बनाएं।

तीर्थ यात्रा पर गई आदिवासी महिला से रेप

संगारेड्डी, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी ग्रामीण पुलिस थाना क्षेत्र के पासलवाड़ी में एक आदिवासी महिला के साथ उसके पति के सामने बलात्कार किया गया। मेदक जिले की मूल निवासी महिला (37) अपने पति के साथ 2 फरवरी को संत सेवालाल की पूजा करने के लिए आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के नेराडिगोंडा में तीर्थ यात्रा पर गई थी।

पैदल चलकर गए दंपति शुक्रवार रात को संगारेड्डी लौट आए। उन्होंने पासलवाड़ी के पास एक मंदिर के परिसर में रात को आराम करने का फैसला किया। उनके पास सो रहे एक युवक ने महिला के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया, जब वे सो रहे थे। जब पति ने उस व्यक्ति का सामना किया, तो वह एक पत्थर से हमला कर पति को घायल कर दिया।

इसके बाद आरोपी महिला को पास की झाड़ियों में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया और मौके से फरार हो गया। दंपत्ति ने 100 नंबर डायल किया। मौके पर पहुंची संगारेड्डी ग्रामीण पुलिस ने दंपत्ति को संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज किया गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली और तमिलनाडु के नागपट्टनम निवासी आरोपी माधवन को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी कुछ साल पहले संगारेड्डी में आकर बस गया था। वह पेंटर का काम करता था। उसे कोर्ट में पेश किया गया।

तीन दुर्लभ कल्याण चालुक्य-युग के पाए गए कन्नड़ शिलालेख

हैदराबाद, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विकाराबाद के पुदुर मंडल के कंकल गांव में पहली बार कल्याण चालुक्य युग के तीन नए कन्नड़ शिलालेख देखे गए। स्थानीय शिक्षक संपत कुमार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी और कुछ दिन पहले प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ता शिवनगिरेड्डी द्वारा किए गए प्राथमिक आविष्कार के आधार पर, हरगोपाल रविवार को मौके पर पहुंचे और शिलालेखों को पढ़ा।

टीम ने बताया कि एक स्लैब पर दो शिलालेख हैं और एक अन्य स्लैब पर एक शिलालेख है, जो कल्याण से शासन करने वाले कल्याण चालुक्य वंश के सम्राट सोमेश्वर-तृतीय, भूलोकमल्लादेव के चौथे, पांचवें और छठे शासनकाल के दौरान जारी किया गया था, जिनकी तिथि क्रमशः 25 दिसंबर 1129 ई., 5 अक्टूबर 1130 ई. और 8 जनवरी 1132 ई. है।

उनके अनुसार, पहले शिलालेख में बिज्जेश्वर मंदिर के निर्माण और एक शिवलिंग की प्रतिष्ठा और कंकल गांव में एक स्थानीय प्रमुख बिज्जरासा द्वारा 100 मार्टार (तत्कालीन भूमि माप) का दान दर्ज है, जो कंकल्ला-24 कंपाना प्रशासनिक प्रभाग में आता है; दूसरे शिलालेख में सोमिदेव प्रेग्गाडा, स्थानीय चौधरी और करणम बिज्जरासा द्वारा बिज्जेश्वर मंदिर को कुछ भूमि और नकदी का उपहार दर्ज किया गया है, और तीसरे में सोमपेरमनाडी, चौधरी गुंडारासा, स्थानीय गवुंडास जैसे बेम्मिनायका, नभानायका और बिलानायका द्वारा मंदिर को दिए गए दान का रिकॉर्ड है। हरगोपाल कहते हैं कि इन अप्रकाशित शिलालेखों को नए सिरे से पढ़ा जाना चाहिए और गांव में उपेक्षित छोड़ी गई असंख्य जैन और ब्राह्मण मूर्तियों के साथ इन्हें भी संरक्षण मिलना चाहिए।

बाघिन की आवाजाही से मंदिर के श्रद्धालुओं को खतरा

मंचेरियल, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी 26 फरवरी को शिवरात्रि उत्सव के मद्देनजर बेल्लमपल्ली मंडल के कन्नाला गांव के पास जंगल में एक पहाड़ी पर स्थित प्राचीन श्री बुग्गा राजा राजेश्वर स्वामी मंदिर में एकत्र होने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाघ की आवाजाही खतरा पैदा कर सकती है।

बी1 नामक एक प्रवासी बाघिन कुछ हफ़्तों से कासिपेट मंडल के कन्नाला गांव और डुब्बागुडेम गांव तथा थंडूर मंडल के मदाराम के जंगलों में घूम रही है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। इसे कभी-कभी कपास के खेतों में भी देखा जा रहा है, जिससे किसान चिंतित हैं। इसने जंगलों में घूमते हुए कम से कम दो जंगली सूअरों को मार डाला, जाहिर तौर पर इलाके की तलाश में।

बाघिन की अभूतपूर्व गतिविधि और दर्शन ने मंदिर के भक्तों को चिंतित कर दिया है। जिले के कई हिस्सों से ही नहीं बल्कि पड़ोसी कुमराम भीम आसिफाबाद और महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में भक्त पवित्र स्थान पर एकत्रित होते हैं और मंदिर में दर्शन करते हैं। वे मंदिर के मुख्य देवता भगवान शिव के दर्शन करके विशेष प्रार्थना करते हैं।

बेल्लमपल्ली के निवासी मासा लिंगमूर्ति ने कहा कि कन्नला गांव के जंगलों में बाघिन का दिखना आम बात हो गई है। बाघिन की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए मंदिर जाना अब खतरे से भरा हुआ है। संबंधित अधिकारियों को जनहानि और जंगली जानवरों द्वारा श्रद्धालुओं पर हमले से बचने के लिए निवारक उपाय करने चाहिए।

वन अधिकारियों ने कहा कि वे बाघिन की गतिविधियों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बाघिन का पता लगाने के लिए छह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के बीच बाघिन की गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा कर रहे हैं।

महिला ने 2 बच्चों के साथ की आत्महत्या

जगतियाल, 16 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पति द्वारा उत्पीड़न बर्दाश्त न कर पाने के कारण पेगड़पल्ली मंडल के मद्दुलापल्ली में 30 वर्षीय महिला ने अपने 2 बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। एसआई रवि कुमार के अनुसार, कंबाला हरिका ने 13 फरवरी को अपने बच्चों कृषांक (10) और मयंक लक्ष्मी (8) के साथ आत्महत्या का प्रयास किया। उसने बच्चों को कीटनाशक देने के बाद उसे खा लिया।

परिवार के सदस्यों ने उन्हें हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अगले दिन इलाज के दौरान हरिका की मौत हो गई। इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ होने के कारण बच्चों को रविवार को करीमनगर ले जाया गया। करीमनगर ले जाते समय लड़के की मौत हो गई, जबकि लड़की ने एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हरिका के भाई कुमार ने आरोप लगाया कि उसकी बहन ने अपने पति की प्रताड़ना बर्दाश्त न कर पाने के कारण बच्चों के साथ यह कदम उठाया। वह चाहता है कि पुलिस उसके जीजा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
विदेशी मुद्रा विभाग
6-1-56, सचिवालय मार्ग, सैफाबाद, हैदराबाद-500 004

संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक के लाइसेंस को रद्द किया जाना

विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम- 1999 की धारा 10(3) के अंतर्गत प्रदान किए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने निम्नलिखित कंपनियों के संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) लाइसेंस को लाइसेंस के स्वैच्छिक समर्पण के कारण निरस्त कर दिया है-

क्र. सं	नाम और पंजीकृत कार्यालय का पता	लाइसेंस संख्या	जारी करने की तारीख	निरस्तीकरण की तारीख
1	**हाईपेक्स फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड** 5-1-965, पत्थर की मस्जिद के सामने, गवलीगुडा, हैदराबाद – 500 012	FE.HY.FFMC/ 157/2018-2019	28.09.2021	16.01.2025
2	**केबीआरटी फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड** एच.नं. 16-11-740/4/ए/बी/2/बी, गद्दी अन्नाराम एक्स रोड, सरूरनगर, दिलसुखनगर कॉलोनी, के.वी.रंगारेड्डी - 500060	HYD-FFMC-0374-2024	19.02.2024	21.01.2025
3	**एसटीके फॉरेक्स एंड लीज़र प्राइवेट लिमिटेड** डी. नंबर 6-3-1111/बी005 और 006, ग्राउंड फ्लोर, बाबूखान मॉल, ग्रीनलैंड्स रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद-500 082	APR-FFMC-0005-2023	17.05.2023	21.01.2025
4	**सीका फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड** द सं 1-11-135/3, शामलाल बिल्डिंग बेगमपेट, हैदराबाद- 500 016	FE.HY.FFMC/ 131/2015-2016	10.03.2022	27.01.2025
5	**लिंगा फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड** डी.नंबर 1-7-74/79, दुकान नंबर 24, देवकी चैंबर्स, एसडी रोड, सिकंदराबाद-500003	HYD-FFMC-0394 - 2024	02.04.2024	30.01.2025

निरस्ती के परिणामस्वरूप, उपरोक्त कंपनियां मुद्रा परिवर्तन गतिविधियों पर 01 जनवरी 2016 के मास्टर निदेश, जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है और जो भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in) पर उपलब्ध है, के निर्देशानुसार मुद्रा परिवर्तन गतिविधियाँ या लेनदेन का कार्य नहीं करेंगी।

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : फरवरी 17, 2025

हस्ता/-
(प्रियांक बहुगुणा)
उप महाप्रबंधक

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.